

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

दैनिक हिन्दी समाचार — समाज जागरण — RNI NO. UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 3 अंकः 215 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 19 मई 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


# भारत की 'कूट'नीति से डरा पाकिस्तान, मदद के लिए जिनपिंग की शरण में भागे पाकिस्तानी विदेश मंत्री


*भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाया पाकिस्तान अब चीन की शरण में पहुंचा है. विदेश मंत्री इशाक डार बीजिंग जाएंगे और भारत से बढ़ते तनाव पर मदद मांगेंगे हैं. यह दौरा रणनीतिक सहयोग और भारत पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने की एक साजिश भी माना जा रहा है.*

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। भारत से करारी शिकस्त खाने के बाद पाकिस्तान अब अपने आका चीन की शरण में जा पहुंचा है. विदेश मंत्री इशाक डार का तीन दिवसीय बीजिंग दौरा (19 मई से 21 मई) इसी हताशा और बेबसी का नतीजा है. इसके अलावा भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ एक ऐसा कूट'नीति' का चक्रव्यूह रचा है जिसे तोड़ना पाकिस्तान के बस की बात नहीं है. दरअसल भारत ने पहले पाकिस्तान को घुटने पर ला दिया. वहीं अब पाकिस्तान के प्रोपेगेंडा को फेल करने के लिए ऑल पार्टी डेलिगेशन पूरी दुनिया में भेजेगा. ये डेलिगेशन बताएंगे कि कैसे पाकिस्तान ने पहलगाम नरसंहार के बाद झूठ का जाल बुना. पहलगाम में आतंकियों की कायराना हरकत और भारत के मुंहतोड़ जवाब 'ऑपरेशन सिंदूर' से बौखलाया पाकिस्तान अब चीन के दरबार में मदद की गुहार लगाने जा रहा है. कहने वाले कह रहे हैं कि ये दौरा सिर्फ बातचीत नहीं बल्कि भारत को घेरने की एक नई रणनीति है. सवाल यह है कि क्या चीन इस डूबते जहाज को बचा पाएगा? इस दौरे के असली मायने क्या हैं?

खबरों के मुताबिक इशाक डार चीनी विदेश मंत्री से मुलाकात





कर उन्हें भारत के साथ बढ़ते तनाव की पूरी कहानी सुनाएंगे. उनके साथ विदेश मंत्रालय के बड़े अधिकारी भी चीन जाएंगे. माना जा रहा है कि इस मुलाकात में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर तो बात होगी ही. लेकिन मुख्य एजेंडा भारत-पाकिस्तान के बीच धधकती आग को चीन की मदद से शांत करना होगा. पाकिस्तान यह भी उम्मीद कर रहा होगा कि चीन अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत पर दबाव बनाए ताकि वह अपनी सैन्य कार्रवाई रोके.

**चीन से समर्थन की मांग**

दरअसल, ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की ओर से पाकिस्तान और PoK में आतंकी ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई की गई. इसके बाद पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मंच पर अलग-थलग पड़ गया. डार का चीन दौरा पाकिस्तान की क्षेत्रीय संप्रभुता और स्थिति को मजबूत करने के लिए चीन से राजनयिक और सैन्य समर्थन हासिल करने की कोशिश है. इसके अलावा चीन पाकिस्तान का प्रमुख सहयोगी और हथियार आपूर्तिकर्ता है. डार का दौरा भारत के खिलाफ क्षेत्रीय तनाव में चीन की मध्यस्थता या समर्थन को सुनिश्चित करने के लिए है खासकर जब चीन ने ऑपरेशन सिंदूर को "खेदजनक" बताया. ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह बताया गया कि चीन ने पाकिस्तान को मिसाइलें और अन्य सैन्य सहायता प्रदान की. डार का दौरा इस सहायता को औपचारिक रूप देने और भविष्य की रणनीति पर चर्चा करने के लिए हो सकता है.

**CPEC और आर्थिक सहायता**

चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है. डार का दौरा ऑपरेशन सिंदूर के बाद क्षेत्रीय अस्थिरता के बीच CPEC परियोजनाओं की सुरक्षा और निरंतरता पर चर्चा करने के लिए है. चीन ने भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने की अपील की थी. डार का दौरा चीन की मध्यस्थता को मजबूत करने और युद्ध की स्थिति को टालने के लिए एक रणनीतिक कदम के रूप में देखा जा रहा है.

**चीन का 'ऑल वेदर फ्रेंड' दांव**

चीन हमेशा से खुद को पाकिस्तान का 'ऑल वेदर फ्रेंड' बताता रहा है. जब भी पाकिस्तान मुश्किल में फंसा है चीन ने किसी न किसी तरह से उसका साथ दिया है. इस बार भी हालात कुछ वैसे ही हैं. भारत के सख्त तेवर और अंतरराष्ट्रीय मंच पर लगातार बढ़ रहे दबाव के बीच पाकिस्तान को चीन का सहारा ही नजर आ रहा है. इशाक डार का ये दौरा इसी दोस्ती को और मजबूत करने की कोशिश है. हालांकि यह देखना दिलचस्प होगा कि चीन इस दोस्ती की कीमत पाकिस्तान से क्या वसूलता है.

**आर्थिक बदहाली और चीन की मजबूरी**

पाकिस्तान इस वक्त गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है और चीन उसका सबसे बड़ा कर्जदाता है. ऐसे में पाकिस्तान के लिए चीन का साथ बेहद जरूरी है. दूसरी ओर चीन भी भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव को लेकर चिंतित है और पाकिस्तान को अपने रणनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल करना चाहता है. इशाक डार के इस दौरे में आर्थिक मदद और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (CPEC) पर भी बातचीत होने की संभावना है. हालांकि यह देखना होगा कि चीन पाकिस्तान को कितनी और किस तरह की मदद देता है खासकर तब जब पाकिस्तान आतंकवाद के मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर घिरा हुआ है.

**घावों पर मरहम या सियासी हथियार?**

22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी गई थी. इसके जवाब में भारत ने 7 मई को सीमा पार आतंकी ठिकानों पर 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाकर आतंकियों के नौ ठिकानों को धूल में मिला दिया. भारत ने साफ कहा कि ये कार्रवाई पाकिस्तान की सरजमीं से पल रहे आतंकवादियों के खिलाफ थी और भविष्य में भी ऐसे हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा. अब पाकिस्तान इस कार्रवाई से तिलमिलाया हुआ है और चीन के कंधे पर बंदूक रखकर भारत पर दबाव बनाने की फिराक में है. देखना यह है कि चीन इस मौके का इस्तेमाल पाकिस्तान के जख्मों पर मरहम लगाने के लिए करता है या फिर इसे भारत के खिलाफ एक और सियासी हथियार की तरह इस्तेमाल करता है.

## नेपाल में लश्कर के लिए नया मोर्चा खोल रहा था सैफुल्लाह, अब सिंध में हुआ ढेर

नई दिल्ली. भारत में कई हाई-प्रोफाइल आतंकी हमलों की



साजिश रचने के आरोपी लश्कर-ए-तैयबा के एक टॉप टेररिस्ट सैफुल्लाह खालिद को पाकिस्तान के सिंध प्रांत में मार गिराया गया है. सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी. उस पर कुछ अज्ञात हमलावरों ने हमला किया था. खालिद तीन बड़े हमलों में मुख्य साजिशकर्ता था: 2001 में रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर हमला, 2005 में बैंगलोर में भारतीय विज्ञान कांग्रेस (आईएससी) पर हमला और 2006 में नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) मुख्यालय पर हमला. पांच साल की अवधि में किए गए इन हमलों में कई लोगों की जान चली गई और भारतीय धरती पर लश्कर के ऑपरेशन में भारी इजाफा हुआ. खालिद "विनोद कुमार" के नाम से काम करता था और कई सालों तक नेपाल में रहा, जहां वह एक झूठी पहचान के साथ रहता था और उसने एक स्थानीय महिला नगमा बानो से शादी भी की. माना जाता है कि नेपाल से उसने लश्कर के लिए कई ऑपरेशन को अंजाम दिया. वह नेपाल में बैठकर ही लश्कर के लिए लड़कों की भर्ती सहित अन्य काम करता था.

## केंद्र ने ऑपरेशन सिंदूर पर भागीदार देशों को जानकारी देने के लिए सांसदों की सूची जारी की

नई दिल्लीः केंद्र ने 59 सांसदों की सूची जारी की है जो राजनयिकों के साथ मिलकर वैश्विक स्तर पर भारत की आवाज उठाएंगे। विपक्ष और एनडीए नेताओं सहित ये प्रतिनिधिमंडल प्रमुख भागीदार देशों को ऑपरेशन सिंदूर पर जानकारी देंगे। इस मिशन का उद्देश्य भारत के वैश्विक संदेश और आतंकवाद विरोधी रुख को मजबूत करना है। सात प्रतिनिधिमंडलों का नाम तय किया गया है, जिसमें शशि थरूर और सुप्रिया सुले जैसे विपक्षी नेता समूहों का नेतृत्व करेंगे।

## अपनी मातृभूमि पर योगी सरकार के साथ मिलकर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, कला अकादमी, कन्या इण्टर कॉलेज बना रहे यूपी वाले

लखनऊ, 18 मई : योगी सरकार की मातृभूमि योजना के तहत प्रदेश के लोग अब सरकार के साथ मिलकर अपने गांव और कस्बों को हाईटेक तरीके से संवार रहे हैं। योजना के तहत यूपी वाले अपनी मातृभूमि पर योगी सरकार के साथ मिलकर स्पोर्ट कॉम्पलेक्स, कला अकादमी, कन्या इण्टर कॉलेज बना रहे हैं। इस योजना से लखनऊ, बुलन्दशहर, उन्नाव, बिजनौर, बागपत समेत तमाम जिलों में विकास की रफ्तार तेज हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अब तक 16 योजनाएं पूरी की जा चुकी हैं। जबकि 18 निमार्णाधीन और 26 संभावित योजनाएं हैं।

**बुलन्दशहर में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स 80 प्रतिशत तैयार, उन्नाव में कला अकादमी के निर्माण कार्य ने पकड़ी रफ्तार**

मातृ भूमि योजना के अंतर्गत प्रदेश में अब तक कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्य हो चुके हैं। इसके अलावा कई योजनाओं के कार्य प्रगति पर हैं। इस योजना के अंतर्गत बुलन्दशहर में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण कार्य करीब 80 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा उन्नाव में कला अकादमी का निर्माण कार्य 40 प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया है। ऐसे ही बिजनौर में कन्या इंटर कॉलेज के निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। उधर, बागपत में सीसी रोड का निर्माण कार्य, लखनऊ में हाईमास्ट लाइट समेत कार्य पूरे प्रदेश में हो रहे हैं।

**अपने गांव के विकास में बन रहे भागीदार**

इस योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यदि कोई व्यक्ति अपने गांव में सार्वजनिक निर्माण कार्य करवाना चाहता है, तो उसे 60 फीसदी राशि खर्च करनी होगी। शेष 40 फीसदी राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी। इसके लिए व्यक्ति को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होता है। योजना का उद्देश्य है कि जो लोग प्रदेश से बाहर या विदेशों में रह रहे हैं, वे अपने गांव के विकास में भागीदार बन सकें। इस योजना में भाग लेने वाले व्यक्ति का नाम उस निर्माण कार्य के पास लगे शिलापट्ट पर दर्ज किया जाएगा, जिससे आने वाली पीढ़ियां भी उनके योगदान को याद रखें। यह योजना न केवल गांवों का कायाकल्प कर रही है, बल्कि लोगों को अपनी जड़ों से जोड़ रही है।

**ये कार्य करवाए जा सकते हैं**

सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, लाइब्रेरी, खेल मैदान, ओपन जिम, शुद्ध पेयजल के लिए आरओ प्लांट, सोलर लाइट, हाईमास्ट लाइट, सीसीटीवी कैमरे, सीवर कार्य, दूध डेयरी, अग्निशमन केंद्र, बस स्टैंड, यात्री शेड, शौचालय, कौशल विकास केंद्र, पशु प्रजनन केंद्र, श्मशान घाट।

## निर्वासन का सामना कर रही भारतीय पीएचडी स्नातक ने अमेरिका में रहने के लिए कानूनी लड़ाई जीती

**समाज जागरण**

साउथ डकोटा के एक विश्वविद्यालय में भारतीय पीएचडी छात्रा प्रिया सक्सेना, जिसे ट्रम्प प्रशासन संयुक्त राज्य अमेरिका से निर्वासित करने का प्रयास कर रहा है, ने संघीय अदालत से कानूनी राहत प्राप्त की है, जिससे उसे अमेरिका में रहने की अनुमति मिल गई है। 28 वर्षीय प्रिया ने हाल ही में साउथ डकोटा स्कूल ऑफ माइंस एंड टेक्नोलॉजी से केमिकल और बायोलॉजिकल इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है, जिसे अप्रैल में डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी द्वारा




अप्रत्याशित रूप से एक मामूली यातायात उल्लंघन के कारण उसका F-1 छात्र वीजा रद्द कर दिया गया था।

जनवरी में कार्यभार संभालने के बाद से, ट्रम्प प्रशासन ने आव्रजन पर कड़ी कार्रवाई शुरू की है, जिसने पूरे अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को भी निशाना बनाया है। हजारों अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के वीजा और रएश्कर को मामूली उल्लंघन, यातायात उल्लंघन या परिसर में फिलिस्तीनी समर्थक सक्रियता के कारण रद्द कर दिया गया। DHS द्वारा लक्षित अधिकांश छात्र कानूनी रूप से अमेरिका में थे। हाल ही में हुई सुनवाई के दौरान, डीएचएस ने अदालत को बताया कि उसने आपराधिक रिकॉर्ड की तलाश के लिए एफबीआई डेटाबेस के जरिए 1 मिलियन से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय छात्रों के नामों की जांच की। इस जांच में 6,400 मिलान मिले, जिसके बाद लगभग 3,000 वीजा रद्द कर दिए गए।

## 'लोकतंत्र के तीन स्तंभ समान हैं': न्यायिक अतिक्रमण की बहस के बीच सीजेआई गवई ने परस्पर सम्मान पर जोर दिया

**समाज जागरण**

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई ने 18 मई को संवैधानिक संस्थाओं के बीच परस्पर सम्मान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका लोकतंत्र के समान स्तंभ हैं। उनकी यह टिप्पणी हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के फैसलों से शुरू हुए न्यायिक अतिक्रमण को लेकर चल रही चचाओं के बीच आई है।

मुंबई में महाराष्ट्र और गोवा बार काउंसिल द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बोलते हुए सीजेआई गवई ने कहा, "लोकतंत्र के तीन स्तंभ, न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका समान हैं। प्रत्येक संवैधानिक संस्था को पारस्परिक सम्मान देना चाहिए।"

पिछले महीने भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से यह उनका अपने गृह राज्य महाराष्ट्र का पहला दौरा था।

अपने संबोधन के दौरान, मुख्य न्यायाधीश ने कार्यक्रम में महाराष्ट्र के शीर्ष अधिकारियों, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और मुंबई पुलिस आयुक्त की अनुपस्थिति पर भी ध्यान दिलाया।

उन्होंने कहा, "अगर राज्य के मुख्य सचिव, डीजीपी या मुंबई पुलिस आयुक्त वहां नहीं आना चाहते हैं, जबकि महाराष्ट्र से आने वाले सीजेआई पहली बार यहां आए हैं, तो यह उन्हें सोचना चाहिए कि यह सही है या नहीं।" "संविधान के हर अंग को संविधान के दूसरे अंग को सम्मान देना चाहिए। जब इस राज्य का बेटा, जो सीजेआई बन गया है, पहली बार महाराष्ट्र आता है, अगर राज्य के मुख्य सचिव, पुलिस आयुक्त आदि इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होना चाहते हैं, तो यह उनके विवेक पर छोड़ देना चाहिए।" हालांकि सीजेआई ने स्पष्ट किया कि वह इस पर विस्तार से बात नहीं करना चाहते हैं कि यह "छोटा मुद्दा" हो सकता है, लेकिन उन्होंने कहा कि इस तरह की हरकतें अंतर-संस्थागत सम्मान की स्थिति को दशार्ती हैं। "जब किसी संवैधानिक संस्था का प्रमुख पहली बार राज्य का दौरा करता है, तो उन्हें दिए जाने वाले स्वागत पर ध्यान से विचार किया जाना चाहिए... ये छोटी बातें लग सकती हैं, लेकिन लोगों को इनका महत्व समझने की जरूरत है।" मुख्य न्यायाधीश ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, "अगर मेरी जगह कोई और होता, तो अनुच्छेद 142 के प्रावधानों पर विचार किया जाता।" संविधान का अनुच्छेद 142 सर्वोच्च न्यायालय को किसी भी मामले में "पूर्ण न्याय" सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक आदेश पारित करने का अधिकार देता है, जिसमें व्यक्तियों की



उपस्थिति सुनिश्चित करना भी शामिल है। 14 मई को भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने वाले सीजेआई गवई सम्मान समारोह और राज्य वकीलों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए मुंबई में थे। कार्यक्रम के दौरान, न्यायमूर्ति गवई द्वारा लिखित 50 ऐतिहासिक निर्णयों का विवरण देने वाली एक पुस्तक का भी विमोचन किया गया। अपनी कानूनी यात्रा पर विचार करते हुए, गवई ने व्यक्तिगत किस्से साझा किए, जिसमें एक वास्तुकार बनने की उनकी आकांक्षा और अपने पिता की इच्छा का सम्मान करने के लिए कानून का अध्ययन करने का निर्णय शामिल है। उन्होंने कहा, "मेरे पिता अपनी युवावस्था में कारावास के कारण वकील बनने का अपना सपना पूरा नहीं कर सके, लेकिन उन्हें उम्मीद थी कि उनका कोई बेटा ऐसा करेगा। सबसे बड़े होने के नाते, मैंने उनकी इच्छा का सम्मान करने का फैसला किया।" उन्होंने यह भी कहा कि कानूनी बिरादरी हमेशा उनके लिए परिवार की तरह रही है। "1985 से 2023 तक मैं बार का सदस्य था और नवंबर 2025 में अपनी सेवानिवृत्ति के बाद मैं फिर से इसका सदस्य बन जाऊंगा। यह मेरे लिए एक पारिवारिक उत्सव की तरह है।" इससे पहले शनिवार को बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित एक अन्य समारोह में सीजेआई गवई को सम्मानित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने अपने संवैधानिक कर्तव्यों को निभाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा, "मैं केवल इतना कह सकता हूं कि मेरे पास जो भी छोटा सा कार्यकाल है, मैं कानून के शासन को बनाए रखने और भारत के संविधान को बनाए रखने की अपनी शपथ पर खड़ा रहने की पूरी कोशिश करूंगा।"

**असदुद्दीन ओवैसी के साथ मिलकर काम करने पर भाजपा के निशिकांत दुबे की प्रतिक्रिया**

वरिष्ठ भाजपा नेता निशिकांत दुबे ने कहा है कि उन्हें और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी को प्रतिनिधिमंडल में शामिल करने का केंद्र का फैसला, जो आतंकवाद के साथ पाकिस्तान के संबंधों को उजागर करने के लिए मुस्लिम देशों की यात्रा करेगा, "लोकतंत्र का सबसे सुंदर चेहरा" दिखाता है। राजनीतिक गलियारे के विपरीत पक्षों के दो तेजतर्रार नेता सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं, जो पहलगाम आतंकी हमले और भारत के जवाबी हमले, ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की वैश्विक पहुंच के हिस्से के रूप में सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया की यात्रा करेगा। वरिष्ठ भाजपा नेता बैजयंत पांडा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल में डॉ. निशिकांत दुबे सांसद, असदुद्दीन ओवैसी, भाजपा के फंगनन कोन्याक, भाजपा की रेखा शर्मा, मनोनीत सांसद सतनाम सिंह संधू, पूर्व कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद और पूर्व विदेश सचिव राजदूत हर्ष श्रृंगला शामिल हैं।

# यूपी की राजनीति में गिरती भाषा और बढ़ती ट्रोलनीति

**अजय कुमार,वरिष्ठ पत्रकार**

उत्तर प्रदेश की राजनीति में हाल के दिनों में जिस तरह की तीखी बयानबाजी और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली बहसों ने तूल पकड़ा है, उसमें सबसे हालिया और विवादास्पद मामला समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल द्वारा उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी है। यह मामला न सिर्फ एक राजनीतिक टकराव का प्रतीक है, बल्कि यह दशार्ता है कि किस प्रकार डिजिटल युग में राजनीतिक दलों की ओर से किए गए पोस्ट सीधे सामाजिक सौहार्द, नैतिक मयार्दा और राजनीतिक विमर्श की गरिमा पर असर डाल सकते हैं। 16 मई को सपा मीडिया सेल के एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल से एक पोस्ट किया गया जिसमें बृजेश पाठक के डीएनए पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। इस पोस्ट में उपमुख्यमंत्री की तुलना सोनागाछी और जीबी रोड जैसे देश के रेड लाइट एरिया से जोड़ते हुए यह कहा गया कि उनका डीएनए इन क्षेत्रों में नियमित रूप से आने वाले लोगों से मिलाया जाना चाहिए, ताकि उनकी वास्तविक पहचान सामने आ सके। पोस्ट में जिस प्रकार के शब्दों और प्रतीकों का इस्तेमाल किया गया, वह न केवल अभद्र था, बल्कि महिलाओं और वंचित वर्गों के प्रति भी एक अपमानजनक दृष्टिकोण को उजागर करता है। यही कारण था कि इस पोस्ट को लेकर तीव्र राजनीतिक प्रतिक्रिया सामने आई और बृजेश पाठक ने स्वयं इसे अपनी दिवंगत माता-पिता का अपमान बताते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव से सार्वजनिक रूप से पूछा कि क्या यही उनकी पार्टी की भाषा है।

बृजेश पाठक ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि समाजवादी पार्टी के नेताओं ने जिस स्तर की मानसिकता का परिचय इस पोस्ट के माध्यम से दिया है, वह न केवल स्त्री विरोधी है बल्कि पतित सोच को भी दशार्ता है। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति में विचारों का विरोध होता है, लेकिन किसी के चरित्र और पारिवारिक पृष्ठभूमि पर इस तरह के व्यक्तिगत हमले करना राजनीति को गटर में ले जाने जैसा है। उन्होंने अखिलेश यादव से यह स्पष्ट करने को कहा कि क्या यह उनकी पार्टी की अधिकृत नीति है या किसी असंतुलित व्यक्ति की निजी राय, जिसे पार्टी ने अनुमति दे दी। उन्होंने कहा कि समाजवाद के नाम पर सपा जिन बातों को बढ़ावा दे रही है, वह केवल गाली-गलौच, जातिगत विद्वेष और अनैतिक आचरण का पर्याय बन चुका है।

इस पूरे मामले ने भाजपा कार्यकताओं और नेताओं को भी सक्रिय कर दिया। लखनऊ महानगर भाजपा अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने हजरतगंज थाने में समाजवादी पार्टी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। एफआईआर में यह कहा गया कि यह पोस्ट न केवल जातीय विद्वेष फैलाने वाली है, बल्कि महिलाओं का घोर अपमान करती है और समाज में आपसी सद्भाव को बिगाड़ने का प्रयास करती है। इसके अलावा पार्टी कार्यकताओं ने लखनऊ में विरोध प्रदर्शन करते हुए अखिलेश यादव का पुतला जलाया और समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इस प्रकार की अभद्रता के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की ओर से कोई सार्वजनिक माफी नहीं मांगी जाती, तो वे आंदोलन तेज करेंगे।

वहीं अखिलेश यादव ने इस पूरे प्रकरण पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि उन्होंने अपने सभी कार्यकताओं से संयमित भाषा का प्रयोग करने को कहा है। लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी जोड़ा कि उपमुख्यमंत्री को भी अपनी भाषा और व्यवहार पर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति में यदि सत्ता पक्ष की ओर से निरंतर अनर्गल आरोप लगाए जाएंगे, तो विपक्षी कार्यकताओं में भी प्रतिक्रिया की भावना उत्पन्न होगी। अखिलेश का यह बयान इस ओर इशारा करता है कि वे इस मामले में पूरी तरह सपा की सोशल मीडिया टीम के साथ खड़े हैं और उन्होंने यह भी संकेत दिया कि यदि भाजपा को ऐसी टिप्पणियों से आपत्ति है तो उन्हें भी अपने नेताओं के बयानों की जांच करनी चाहिए।

बृजेश पाठक ने इसके जवाब में अखिलेश यादव पर एक बार फिर से तीखा प्रहार किया और कहा कि समाजवादी पार्टी अब समाजवाद की प्रयोगशाला नहीं, बल्कि गाली-गलौच की प्रयोगशाला बन चुकी है। उन्होंने कहा कि जिस डॉ. राममनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण के सिद्धांतों को सपा अपनाने का दावा करती है, उनकी आत्मा इस तरह के कृत्यों से व्यथित होगी। पाठक ने यह भी कहा कि राजनीति में नैतिकता और शालीनता होनी चाहिए, लेकिन सपा नेतृत्व ने अब इसे पूरी तरह ताक पर रख दिया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यदि विपक्षी दलों को लगता है कि सत्ता पक्ष की नीतियों में कोई त्रुटि है, तो उन्हें तथ्यों के आधार पर बात करनी चाहिए, न कि व्यक्तिगत स्तर पर जाकर अनर्गल आरोप लगाने चाहिए।

यह प्रकरण न सिर्फ एक राजनेता के मान-सम्मान से जुड़ा है, बल्कि यह पूरे लोकतंत्र की परिपक्वता पर भी सवाल खड़ा करता है। सोशल मीडिया आज राजनीति का एक अत्यंत प्रभावशाली मंच बन चुका है। लेकिन जिस प्रकार से राजनीतिक दलों की ओर से इस मंच का उपयोग अब मयार्दाहीन और असंयमित भाषा के लिए किया जा रहा है, वह बेहद चिंताजनक है। यह केवल एक दल या एक नेता का मुद्दा नहीं है, बल्कि पूरे राजनीतिक विमर्श की गिरती गुणवत्ता का प्रमाण है। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में स्वस्थ आलोचना एक अनिवार्य तत्व होती है, लेकिन जब यह आलोचना निचले स्तर पर जाकर निजी जीवन, पारिवारिक पृष्ठभूमि और जातिगत पहचान पर केंद्रित हो जाए, तो इससे न केवल राजनीतिक वातावरण दूषित होता है, बल्कि आम जनता के बीच भी राजनीति के प्रति विश्वास में गिरावट आती है। इस घटनाक्रम से यह भी स्पष्ट होता है कि राजनीतिक दलों को अपने सोशल मीडिया प्रबंधन के लिए केवल तकनीकी दक्षता नहीं, बल्कि वैचारिक परिपक्वता और सामाजिक जिम्मेदारी का भी ध्यान रखना चाहिए। यह आवश्यक है कि सोशल मीडिया टीमों को केवल पार्टी लाइन का प्रचार करने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें यह भी सिखाया जाए कि भाषा की मयार्दा और समाज की संवेदनाओं का आदर किस प्रकार किया जाता है। इस दिशा में अगर सख्ती नहीं बरती गई, तो आने वाले समय में राजनीतिक संवाद केवल ट्रोल संस्कृति में सिमटकर रह जाएगा। साथ ही यह मामला महिलाओं के प्रति सम्मान और सामाजिक चेतना से भी जुड़ा हुआ है। जिस प्रकार से पोस्ट में रेड लाइट क्षेत्रों और वहाँ काम करने वाली महिलाओं को उपहास का माध्यम बनाया गया, वह स्त्री विरोधी मानसिकता की ओर इशारा करता है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की बात करने वाले दल यदि इस प्रकार की अभद्रताओं को संरक्षण देते हैं, तो यह न केवल पाखंड है बल्कि उस समावेशी समाज के खिलाफ एक सीधा प्रहार है जिसकी कल्पना संविधान करता है। आखिरकार यह पूरा विवाद इस बात की ओर संकेत करता है कि भारतीय राजनीति को अब विचारधारा की बजाय ट्रोलिंग और बदजुबानी के रास्ते पर धकेला जा रहा है। यह जरूरी है कि देश के सभी राजनीतिक दल, चाहे वे सत्ता में हों या विपक्ष में, इस प्रवृत्ति पर गंभीर आत्ममंथन करें।

**बैठकी**

# विगत 11 बर्षो में भारत बदल चूका है

**समाज जागरण**



बैठकी जमते हीं मास्टर साहब बोल पड़े--"सरजी, पाकिस्तान के साथ हुए तीन दिनों के युद्ध ने हम भारतियों को सोचने पर बाध्य कर दिया है कि अगर 16 मई 2014 को हमारे देश की जनता ने आदरणीय मोदीजी को देश का प्रधानमंत्री नहीं बनाया होता तो आज हमारी कितनी दुर्गत की स्थिति रहती!! जनता ने मोदीजी के कंधे पर देश चलाने की जिम्मेवारी सौंप दी। उसके बाद से हीं भारत हर क्षेत्र में सशक्त होता चला गया। चाहे वो अर्थव्यवस्था हो या राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था, गरीबी उन्मूलन हो या स्वास्थ्य सुविधा, यातायात व्यवस्था हो यां वैज्ञानिक अनुसंधान उपलब्धियां, कृषि उत्पादन हो या शिक्षा व्यवस्था, स्वदेशी उत्पादन हो या वैश्विक प्रस्थिति आदि आदि।

आज जिसको जो भाषा समझ में आती है हम उस-िको,उसकी भाषा में हीं समझाने में सक्षम हैं। 11 बर्षों में हमारा भारत कितना बदल गया है!!"

मास्टर साहब, हमें आज से 12-13 साल पहले का, कांग्रेस के शासनकाल में हमारे सेना की कितनी दयनीय स्थिति थी वो याद है। भारतीय सेना के पास न हथियार थे और न गोला बारूद। पाकिस्तानी आंतकी हमारे सैनिकों के सिर काट कर उससे फुटबॉल खेलते थे लेकिन मनमोहन सिंह, लालू और मुलायम की सरकार खामोश रहती थी।--उमाकाका दुखी लगे।

काकाजी, मुझे भी याद है जब तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल वी.के. सिंह ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह,को चिट्ठी लिखी थी कि हमारी सेना के पास गोला बारूद की कमी है,हमारा एयर डिफेंस सिरस्टम कमजोर है, हमारे सैनिकों के लिए न प्रयाप्त बुलेट प्रूफ हैं और न गाड़ियां,हालत चिंताजनक है। लेकिन सरकार ने ध्यान हीं नहीं दिया।कांग्रेस सरकार को देश की सुरक्षा की चिंता हीं नहीं थी।--कुंवरजी अखबार पलटते हुए।

अजी कांग्रेस सरकार में कोई भी रक्षा सौदा बगैर दलाली और कमिशनखोरी के होता हीं नहीं था। राफेल जैसे सौदे, कमिशन तय नहीं होने के चलते अटके रहे। बोफोर्स तोप घोटाला तो याद हीं होगा!!कांग्रेस सरकार में रक्षा सौदे बर्षों लटके रहते थे, स्वदेशी निर्माण के प्रति सरकार की रुचि हीं नहीं दिखी। देश की सुरक्षा से समझौता कर लिया जाता था लेकिन जेब भरने का लालच नहीं छोड़ा जाता था।--सुरेंद्र भाई मुंह बनाये।

अजी, कांग्रेस राज में लूट के प्रमाण समझने के संदर्भ में,सेना के लिए सिर्फ जुते खरीद की असलियत समझियेगा तो आप दंग रह जाएंगे!!जयपुर की कंपनी सेना के लिए जुते बनाती थी जो इजरायल खरीद लेता था फिर वही जुते भारत सरकार,सैनिकों के लिए खरीदती थी। इजरायल से भारत 25000 रुपये प्रति जोड़ी की दर से खरीदता था। मोदी सरकार में रक्षामंत्री मनोहर पर्रिकर वहीं जुते जयपुर की कंपनी से डायरेक्ट मात्र 2200 रुपये में सेना को उपलब्ध कराने लगे। अब आप सोचिये!! बर्षों तक कांग्रेस ने कैसी लूट मचा रखी थी।--मास्टर साहब बुरा सा मुंह बनाये।

ठीक बोले मास्टर साहब,2014 के बाद जब मोदी सरकार आयी तब जाकर, सेना की हालात में तेजी से सुधार होना शुरू हुआ। प्रधानमंत्री ने देश की सुरक्षा को गंभीरता से लिया और सेना को वो सारे साजो सामान उपलब्ध करायें जो उनकी जरूरत थी। मेक इंडिया के तहत भारत स्वदेशी हथियार बनाने और इस क्षेत्र में विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया। नतीजतन तेजस फाइटर जेट, प्रचंड अटैक हैलिकॉप्टर, रुद्र,एचटीटी-40 ट्रेनर प्लेन, धनुष तोप, पिनाका रॉकेट सिस्टम,आकाश मिसाइल डिफेंस सिरस्टम, भारत ने खुद बनाया। रुस से मिलकर एके-203 रायफल और आज विश्व में तहलका मचाने वाला "ब्रह्मोस मिसाइल" बनाया गया। नौसेना को आइएनएस विक्रांत, वरुणास्त्र टॉरपीडो और अगली पीढ़ी के मिसाइल वेसल्स मिले जिससे हमारी समुद्री सुरक्षा ताकत बढ़ी। विदेशी सौदों में भी पार्दर्शिता रही और फ्रांस से राफेल जेट, इजरायल से एमक्यू -9 ड्रोन, अमेरिका से सी-295 ट्रांसपोर्ट विमान और रुस से एस-400 मिसाइल सिस्टम भारत आया। जिसका परिणाम हमलोगों ने हाल के पाकिस्तान के साथ हुए तीन चार दिनों के युद्ध में हीं देख लिया न!! नतीजतन भारत का लोहा विश्व मानने को मजबूर दिख रहा है।--डा. पिंटू हाथ चमकाये।

इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हमसभी एक एक कप उठाकर पुनः वार्ता में......

जनता को याद रखना चाहिए कि यही कांग्रेस और विपक्षी हैं जो राफेल और एस-400 को भारत लाने में कितने हाय तौबा और रोड़ै अटका रहे थे। राफेल को लेकर तो रोड़े अटकाने के क्रम में सुप्रीम कोर्ट तक चले गये थे। याद है न!! राफेल डील को लेकर यही राहुल बोला था कि चौकीदार चोर है जिसके लिए उसे कोर्ट से फटकार मिली थी। कहता था --"राफेल डील घोटाला है,एस-400 से ज्यादा जरूरी तो लंच टाइम डिबेट है"। आज देश की जनता सुरक्षित है क्योंकि मोदी ने अपनी 56 इंच की छाती सच में सिद्ध किया है। अन्यथा इन इंडी गठबंधन का राज होता तो हमारी आपकी हेकड़ी मलबे में दबी मिलती।--मास्टर साहब उत्तेजित लगे।

सरजी, मोदी सरकार और हमारी सेना ने सिद्ध कर दिया कि अगर सीमा पार से गोली चलेगी तो जबाब में इधर से गोला चलेगा। अगर तुम हमारे निदोर्षों की हत्या करोगे तो हम तुम्हारे आतंकी अड्डों को नष्ट कर देंगे चाहे पाकिस्तान के किसी कोने में छुपे हो। दुनिया ने देखा और अब तो खुद पाकिस्तानियों ने भी स्वीकार कर लिया है कि भारत ने उसके 9 आतंकी ठिकानों को पुरी तरह तबाह कर दिया है और 100 से अधिक आतंकियों को जहन्नुम में,132 फीट की 72 हूरों के पास भेज दिया है। भारत के ब्रम्होस मिसाइल ने पाकिस्तान के 11 एयरबेस को निष्क्रिय कर दिया है। इतना हीं नहीं जब देखो तब पाकिस्तान परमाणु बम की धमकी देता था। उसके इस अहंकार को भी हमारी सेना ने धूल में मिला दिया। जबकि सिंधु नदी जल समझौता को इतिहास में फेंक दिया। यहां तक कि पाकिस्तान को सीजफायर की रहम मांगनी पड़ी। भारत ने स्पष्ट कर दिया कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते।--डा.पिंटू भी रंग में लगे।

ए भाई, इ सीजफायर के बाद कांग्रेसिया सब "आयर लेडी" कही के इंदिरा गांधी के तुलना करत रहले हा स।--मुखियाजी सोफे पर पहलु बदलते हुए।

हां मुखियाजी,चूकी 1971 के भारत और पाकिस्तान युद्ध में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को बुरी तरह पराजित किया था और बंगलादेश के रूप में पाकिस्तान का विभाजन करवाया था। हां ये वही आयरन लेडी थी जो हजारों भारतीय सैनिकों की कुबार्नी से प्राप्त विजय को थाली में सजाकर जीती जमीन और 93000 हजार पाकिस्तानी सैनिक युद्धबंदियों को सम्मान के साथ वापस पाकिस्तान को सौंप दी थी लेकिन अपने 58 पायलट सहित लगभग 4000 हजार सैनिक युद्धबंदियों को पाकिस्तान के जेलों में यातना सहकर मरने को छोड़ दिया था। हां मुखियाजी, ये वही आयरन लेडी थी जिसने 1971 के युद्ध का हिरो रहे जनरल मानेकशॉ का पेंशन और भत्ते को रोक दिया था क्योंकि मानेकशॉ ने इंदिरा गांधी के आदेश पर तुरंत हमला न करके,सैनिक कार्यवाही के अनुकूल समय देखकर हमला करना उचित समझा था और जीता भी। ये वही आयरन लेडी थीं जिन्होंने इमरजेंसी का जख्म भारत और भारतियों को दिया था और जबरन लाखों हिंदुओं को नसबंदी की थी ताकि भारत में हिंदुओं की संख्या घटे। छोड़िये, मूर्ख और लालची हिंदुओं के आगे आयर लेडी की क्या पदार्फाश करुं! बस इतना हीं कहुंगा कि "मोदी" की तुलना इंदिरा से करना, हिंदुओं का मजाक उड़ाना है।--डा.पिंटू क्षुब्ध लगे।

मोदी सरकार और उसके पहले की कांग्रेस सरकार में अंतर,देश के रक्षा बजट की तुलना से हीं स्पष्ट हो जायेगा। कांग्रेस सरकार का बर्ष 2013-2014 में रक्षा बजट था--2.03 लाख करोड़, रक्षा निर्यात था--686 करोड़। तत्कालीन कांग्रेसी रक्षामंत्री एके एंटनी ने कहा था कि सैन्य हथियार खरीदने के लिए हमारे पास पैसे नहीं हैं। जबकि मोदी सरकार का




बर्ष 2025-26 का रक्षा बजट है--6.81 लाख करोड़ और रक्षा निर्यात है--23622 करोड़। केवल 5 बर्षों में भारत ने 2 लाख करोड़ के सैन्य हथियार खरीदे। अभी कल मोदी सरकार ने सेना को आवश्यकतानुसार गोला बारूद खरीदने के लिए 40 हजार करोड़ का गिफ्ट दे दिया है।--कुंवरजी अखबार रखते हुए।

जो भी हो, इतना तो सभी मानेंगे कि मोदी शासन के पहले फौज के हाथ बंधे होते थे जबकि आज फौज




एक्शन लेने के लिए स्वतंत्र है। तेजस्वी वैज्ञानिकों की अज्ञात कारणों से मौत हो जाया करती थी और वैज्ञानिक कहते थे कि संसाधन उपलब्ध नहीं कराया जाता लेकिन आज हम चांद पर हैं। हमारे वैज्ञानिक देश को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। आज आतंकियों को मोदीजी कहते हैं कि घर में घुसकर मारेंगे जबकि आज आतंकियों से पुछिये तो कहेंगे कि कांग्रेस बहुत अच्छी थी,कांग्रेस ने हमें कभी नहीं रोका। आज हम विश्व की तेरहवीं से चौथी अर्थव्यवस्था बन चूकें हैं।--उमाकाका हाथ चमकाये।

काकाजी, मोदी सरकार का कमाल है कि आज पुरा विश्व भारत की ओर कान और आंख केंद्रीत किये है। खैर आज इतना हीं फिर कल।--कहकर मैं उठ गया और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!!!



**प्रोफेसर राजेंद्र पाठक**
(समाजशास्त्री)

# पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख बताने के लिए बनाए डेलिगेशन में विवाद क्यों ?

**अशोक भाटिया , मुंबई**

केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख बताने के लिए 17 मई को डेलिगेशन बनाए। इसमें कई पार्टियों के नेताओं को शामिल किया गया है। ये डेलिगेशन दुनिया के बड़े देशों, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद यानी वठरउ के सदस्य देशों का दौरा करेगा।केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, 'सबसे बड़े मौके पर भारत एकजुट है। 7 सर्वदलीय डेलिगेट्स जल्द ही बड़े देशों का दौरा करेंगे, जो आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई के बारे में बताएंगे। यह राजनीति और मतभेदों से परे हटकर देश की एकता को दिखाने का समय है।'ये सातों डेलिगेशन 23 या 24 मई को 10 दिनों के लिए भारत से रवाना होंगे। वहां बताएंगे कि आतंकवाद के खिलाफ भारत का दृष्टिकोण क्या है और ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन क्यों और कैसे लिया गया।

संसदीय कार्य मंत्रालय ने शनिवार को डेलिगेशन को लीड करने वाले सांसदों के नाम जारी किए थे ।इसमें कांग्रेस से सांसद शशि थरूर का नाम शामिल है। अब कांग्रेस ने कहा है कि उसने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था।कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पर लिखा, 'शुक्रवार (16 मई) सुबह संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बात की थी। उन्होंने विदेश भेजे जाने वाले डेलिगेशन के लिए 4 सांसदों का नाम मांगा था। कांग्रेस ने आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, डॉ। सैयद नसीर हुसैन और राजा बरार के नाम दिए थे।'

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी पूरी दुनिया को देने वाले प्रतिनिधिमंडल का मेंबर बनाए जाने पर केंद्र सरकार को शुक्रिया कहा है। उन्होंने कहा कि वे इस निमंत्रण से "सम्मानित" महसूस कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जब देश के हित की बात आएगी, तो वे पीछे नहीं हटेंगे।थरूर ने एक बयान में कहा, "भारत सरकार ने मुझे पांच महत्वपूर्ण राजधानियों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए आमंत्रित किया है, ताकि हाल की घटनाओं पर हमारे देश का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया जा सके, मैं इससे सम्मानित महसूस कर रहा हूं। जब राष्ट्रीय हित शामिल होगा, और मेरी सेवाओं की आवश्यकता होगी, तो मैं पीछे नहीं हटूंगा।"

प्रतिनिधिमंडल में शशि थरूर का चयन कांग्रेस के लिए एक नाजुक समय पर हुआ है। हाल ही में उन्होंने सरकार के सैन्य कदमों की तारीफ की थी। सरकार की तारीफ करने पर बीजेपी के नेताओं ने उनकी सराहना की। लेकिन, कांग्रेस पार्टी में ही कुछ लोग उनसे नाराज हैं। थरूर ने कहा था कि सरकार ने संयम से काम लिया। उन्होंने पाकिस्तान और ढङ्गङ में आतंकियों को निशाना बनाया। 7 मई को हुई कार्रवाई में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे।थरूर के विचार कांग्रेस पार्टी की सोच से अलग हैं। कांग्रेस पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पर पारदर्शिता की कमी का आरोप लगा रही है। कांग्रेस पार्टी ने अमेरिका की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। हाल ही में, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने थरूर के बयानों से किनारा कर लिया। उन्होंने कहा, "यह उनकी राय है। जब थरूर साहब बोलते हैं, तो यह पार्टी की राय नहीं होती।"

एक समाचार एजेंसी रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी के कुछ बड़े नेताओं को लगता है कि थरूर ने लक्ष्मण रेखा पार कर दी है। वे लगातार पार्टी की बातों से अलग राय रख रहे हैं। कांग्रेस के बड़े नेताओं और थरूर के बीच रिश्ते हमेशा बदलते रहे हैं। 2014 में, उन्हें पार्टी के प्रवक्ता पद से हटा दिया गया था। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में अच्छी बातें लिखी थीं। 2020 में, वे ऋ23 समूह में शामिल थे। ऋ23 कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का एक समूह था। इस समूह ने पार्टी में बड़े बदलाव की मांग की थी। ऋ23 के कई नेता अब पार्टी छोड़ चुके हैं। 2022 में, थरूर ने कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ चुनाव लड़ा था। खड़गे को गांधी परिवार का समर्थन था। फिर भी, थरूर को 1,000 से ज्यादा वोट मिले थे। थरूर का कांग्रेस पार्टी के साथ रिश्ता उतार-चढ़ाव भरा रहा है। कभी वे पार्टी के साथ दिखते हैं, तो कभी अलग राय रखते हैं। अब देखना यह है कि आगे क्या होता है।

यह पहली बार नहीं है, जब केंद्र सरकार किसी मुद्दे पर अपना पक्ष रखने के लिए विपक्षी नेताओं की मदद लेगी। इससे पहले भी दो बड़े इंसीडेंट्स में ऐसा हो चुका है। 26 नवंबर 2008 को हुए मुंबई हमलों के बाद मनमोहन सरकार ने कई पार्टियों के नेताओं के डेलिगेशन विदेश भेजे थे। उन्होंने पाकिस्तानी आतंकवाद के बारे में पूरी दुनिया को बताया था। 1994 में तब के पीएम नरसिम्हा राव ने कश्मीर मुद्दे पर भारत का पक्ष रखने के लिए विपक्ष के नेता अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में डेलिगेशन को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग (वठलळफ्ठ) भेजा था। इसमें फारूक अब्दुल्ला भी शामिल थे।

अब सवाल यह भी उठता है कि मोदी सरकार ने कांग्रेस के दिए नामों को दरकिनार कर शशि थरूर को ही क्यों चुना? उसका उत्तर स्पष्ट है । शशि थरूर ने 1978 से 2007 तक यूनाइटेड नेशन्स यानी वठ में विभिन्न पदों पर काम किया। उनकी वैश्विक मंचों पर बोलने की क्षमता और कूटनीतिक समझ बहुत बेहतर है। थरूर अच्छी अंग्रेजी बोल लेते हैं और अमेरिका-यूके में काफी वक्त गुजारा है। ऐसे में उन्हें भारत के डेलिगेट के तौर पर बेहतर नेता माना जा सकता है। हालांकि उन्हें चुने जाने की यही वजह नहीं है।बताया जाता है कि 'शशि थरूर ने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के लिए सरकार की प्रशंसा की थी, जो कांग्रेस के बिहेवियर से काफी अलग थी। उन्होंने इसे संयमित और सटीक कार्रवाई बताया, जिससे मोदी सरकार को लगा कि वह भारत की स्थिति को बेहतर ढंग से पेश कर सकते हैं। वहीं, कांग्रेस ने जो 4 नाम दिए थे, वो सभी पाकिस्तान और तुर्किये जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरते आए हैं।

बताया जाता है कि केंद्र सरकार ने जो सात डेलिगेशन गठित किए हैं, जिनमें विभिन्न दलों के 51 सांसद और पूर्व मंत्री शामिल हैं। इसके अलावा भारतीय विदेश मंत्रालय के 8 अधिकारी भी इन प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा हैं। बैजयंत पांडा, रविशंकर प्रसाद (दोनों भाजपा), संजय कुमार झा (जदयू), श्रीकांत शिंदे (शिवसेना), शशि थरूर (कांग्रेस), कनिमोझी करुणानिधि (डीएमके) और सुप्रिया सुले (राकांपा-सपा) के नेतृत्व में ये सातों प्रतिनिधिमंडल कुल 32 देशों और आखिरी में सभी 59 सदस्य बेल्जियम के ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ मुख्यालय का दौरा करेंगे। इन सातों डेलिगेशन में शामिल सदस्यों में सत्ताधारी गठबंधन एनडीए के 31 और विपक्षी दलों के 20 सांसद व पूर्व मंत्री हैं। प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल में सात या आठ सदस्य शामिल हैं और उन्हें सहयोग देने के लिए हर प्रतिनिधिमंडल के साथ विदेश सेवा के कम से कम एक अधिकारी को अटैच किया गया है। सभी प्रतिनिधिमंडलों में कम से कम एक मुस्लिम प्रतिनिधि है, चाहे वह राजनेता हो या राजनयिक। कांग्रेस द्वारा सुझाए गए चार नामों में से सिर्फ आनंद शर्मा को प्रतिनिधियों की सूची में शामिल किया गया। शेष तीन नाम- गौरव गोगोई, सैयद नसीर हुसैन और अमरिंदर सिंह राजा वारिंग- को सूची में शामिल नहीं किया गया है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# गौ माता का दान करना क्यों आवश्यक है?

**पंडित राजेश अग्निहोत्री**
**भागवताचार्य के प्रवचन का अंश।**

आज गौमाता पर चर्चा करते हैं। आपने देखा होगा कि जब विवाह होता है उस समय मधुपर्क कराने के



बाद गौदान कराने का विधान होता है। लेकिन गौदान के नाम से लोग अपने हाथ में संकल्प करने के लिए दस, बीस या पचास रुपए रखते हैं। मैं आपसे पूंछ रहा हूं क्या पचास रुपए में गौमाता आ जाएंगी ? अरे पचास छोड़ो,सौ रूपए में भी एक दिन के भूसा चारे की भी व्यवस्था नहीं होगी। क्या मजाक बना रखा है? आप यह सोच रहे हैं ना? कि ये पैसे ब्राह्मण की जेब में जाएंगे, तो यह आपकी गलत सोच है। गौदान का पैसा ब्राह्मण कभी भी अपने पास नहीं रखता है।वह उस पैसे से गौमाता की भोजन में खर्च कर देता है।आपकी सोच ब्राह्मण के प्रति इतनी गिर चुकी है कि भगवान भी आपको नहीं बचा सकता है। पूजा कराते समय जब आप नवग्रहों की पूजा कराते हो और आपने मानो दस रूपए भी चढ़ाये तो एक ग्रह को कितने मिलेंगे ? एक ग्रह को मिलेंगे एक रूपए ग्यारह पैसे। क्योंकि ग्रह नौ हैं।आज के समय में क्या भिखारी भी एक रू लेगा? नहीं ना? तो मैं आपसे पूंछ रहा हूं कि क्या नवग्रहों की स्थिति भिखारी से भी अधिक गैर बीती हो गई? नवग्रह शान्त हो जाएंगे क्या? फिर कहते हैं कि पूजा से कोई फायदा नहीं हुआ। और कहते हैं कि भाव होना चाहिए। अरे भैया,आपके पास भाव भी तो नहीं है।एक घंटे की पूजा में दस बार फोन पर बात करते



हो तो भाव कैसे बनेगा?कहां गया आपका भाव? चलो एक बार को मान भी लेते हैं कि आपने पूजा में जहां जहां पैसे चढ़ायें हैं वो पैसे पं जी के पास पहुंच गए लेकिन किसी का पैसा यानि कि देवताओं का चढ़ा हुआ पैसा यदि पं जी अपने प्रयोग में लेते भी हैं तो पचाने के लिए सामर्थ्य भी तो होनी चाहिए कि नहीं।वो सामर्थ्य कहां से आती है? भजन करने से। यानी कि पं जी के भजन का प्रताप आपके पास चला गया। किसी ने कहा कि अजी आजकल पं जी भजन कहां करते हैं। चलो माना कि नहीं करते हैं लेकिन इसका भी पं जी को ही भोगना पड़ेगा आप तो निश्चिंत हो गये ना?अपनी मानसिकता बदलो।आपकी मानसिकता तो यह है कि ये पैसे ब्राह्मण के पास जाएंगे। गाय का दान क्यों करना चाहिए? अट्ठाईस नर्कों में एक नरक है वैतरणी नदी।इस नदी में पानी की जगह दूषित रक्त,पीब,मवाद बहता है।जीव जब इस नरक में जाता है तो यह दूषित रक्त,पीस, मवाद सब उसके आंख में,कान में मुंह में जाता है।यह सब हमारे मुंह में जाए तो हमें कैसा लगेगा? जिसको देखने से ही घृणा होती है और वह मुंह में जाता है।हैं ना कष्ट वाली बात? तो यह कष्ट न मिले इसलिए गौमाता का दान किया जाता है।जो आप गौमाता दान करते हो नहीं गौमाता वैतरणी नदी के किनारे खड़ी मिलती हैं। गौमाता की पूंछ पकड़कर जीव और उनकी पीठ पर हाथ रखकर पार हो जाता है और इस प्रकार से वह कष्ट से बच जाता है। गौमाता का दान बहुत से लोग तब करवाते हैं जब उनके परिवार का व्यक्ति मरणासन्न अवस्था में होता है।यह गलत है। गौमाता का दान अपने होश हवास में खुद करना चाहिए। गौमाता के दान करने की प्रक्रिया क्या है? और क्या हैं गौ माता? इस विषय पर कल चर्चा करेंगे। राधे राधे जी। सदैव हरि स्मरण करते रहें शेष प्रभु इच्छा।🙏

# लोनी बॉर्डर से पुश्ता चौकी तक बनेगी सीसी रोड: ईश्वर मावी
## सांसद अतुल गर्ग और पीडब्लूडी अधिकारियों से की मुलाकात

**समाज जागरण**

लोनी: भाजपा नेता ईश्वर मावी ने दिल्ली सहारनपुर रोड व बन्थला ढिकौली रोड के निर्माण को लेकर शनिवार को सांसद अतुल गर्ग और पीडब्लूडी अधिकारियों से मुलाकात की।

भाजपा नेता ईश्वर मावी ने सांसद अतुल गर्ग को बताया कि लोनी बॉर्डर से लेकर पुश्ता चौकी तक की सड़क पिछले कई वर्षों से खराब पड़ी है जिसके कारण लाखों लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने बताया कि यह सड़क लोनी की लाइफ लाइन है उन्होंने सांसद अतुल गर्ग को यह भी बताया कि बन्थला ढिकौली रोड को पीडब्लूडी विभाग ने वर्ष 2014 में बनाया था लेकिन अब यह सड़क भी जगह जगह से टूटने लगी है जिसके कारण दर्जनों गांवों के



हजारों लोग परेशान हो रहे हैं।

मुलाकात के दौरान सांसद अतुल गर्ग ने भाजपा नेता ईश्वर मावी को बताया कि जल्दी ही लोनी बॉर्डर से पुश्ता चौकी वाले हिस्से व बन्थला ढिकौली रोड को बनवाया जायेगा इसके लिए उनकी पीडब्लूडी अधिकारियों से वार्ता हो चुकी है। सांसद अतुल गर्ग से मुलाकात के बाद भाजपा नेता ईश्वर मावी ने पीडब्लूडी के सहायक अभियंता डीके शर्मा से उनके कार्यालय में मुलाकात की और उनसे दिल्ली सहारनपुर रोड व बन्थला ढिकोली रोड के बारे में जानकारी ली।

भाजपा नेता ईश्वर मावी से मुलाकात के दौरान सहायक अभियंता डीके शर्मा ने उन्हें बताया कि लोनी बॉर्डर से पुश्ता चौकी तक की दोनों ओर की सड़क को सीसी से बनाया जाएगा जिसकी कार्ययोजना शासन को भेज दी गई है शासन से स्वीकृति मिलने के बाद सड़क का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जायेगा, सहायक अभियंता डीके शर्मा ने बताया कि बन्थला ढिकौली मार्ग के निर्माण की भी कार्ययोजना शासन को भेज दी गई है स्वीकृति मिलने के बाद उसका भी निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

# संस्कृत,भारत को एकता के सूत्र में बाँधती है-डा भगवान देव
## संस्कृत का ज्ञान भारतीय दर्शन में निपुण होने के लिए आवश्यक -डा प्रतिभा सिंघल

गाजियाबाद,रविवार,18-5-2025 को उ.प्र. संस्कृत संस्थानम् लखनऊ (भाषा विभाग उ.प्र. शासन के नियंत्रणाधीन) एवं आर्य समाज, पुराना गांधी नगर,गाजियाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आधुनिक सन्दर्भ में संस्कृत की उपयोगिता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन वेद पाठ,प्रार्थना तथा दीप प्रज्वलित कर समाज के सभागार में किया गया।



**योगी प्रवीण आर्य एवं मा.हरवीर सिंह के मधुर भजनों को सुनकर श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए।**

मुख्य वक्ता डा भगवान देव आचार्य ने कहा कि संस्कृत,भारत को एकता के सूत्र में बाँधती है।संस्कृत का साहित्य अत्यन्त प्राचीन,विशाल और विविधतापूर्ण है।इसमें अध्यात्म, दर्शन,ज्ञान-विज्ञान और साहित्य का खजाना है।इसके अध्ययन से ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति को बढ़ावा मिलेगा।

कु. प्रियंका ने कहा कि वेद मंत्र के गायन एवं संस्कृत में बात करने से व्यक्ति को ब्लड प्रेशर, मधुमेह,सिर दर्द और मस्तिष्क रोग से जूझने में सहायता मिल सकती है।

मुख्य अतिथि के रूप में पधारे डा आर के आर्य (निदेशक,स्वदेशी शुद्ध आयुवेर्दा) एवं श्रीमती संतोष आर्या ने संस्कृत के विद्वानों एवं विदुषीयों को शाल ओढाकर, पीतवस्त्र पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा आयोजकों की सुन्दर कार्यक्रम के लिए भूरी भूरी प्रशंशा की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि संस्कृत संस्कृति संश्लेषण और आत्मसात की संस्कृति है,जो मानवतावाद,शांति और आपसी समझ का संदेश फैलाती है।

इस अवसर पर संस्कृत विद्वान डॉक्टर देव शर्मा ने आधुनिक संदर्भ में संस्कृत की उपयोगिता विषय पर अपने विचार रखें एवं संस्कृत विद्वान आचार्य खेमचंद शर्मा ने अपना उद्बोधन धारा प्रवाह संस्कृत में दिया। डा प्रतिभा सिंघल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि संस्कृत का ज्ञान भारतीय दर्शन,योग और वैदिक गणित जैसे विषयों में निपुण होने के लिए आवश्यक है। मंच का कुशल संचालन कार्यक्रम संयोजक डॉ अग्नि देव शास्त्री (प्रशिक्षक,उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान) द्वारा किया गया।

आर्य समाज गांधीनगर के मंत्री वेदव्यास ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्रीमती अन्नू महाजन,सत्यपाल आर्य,उदय प्रकाश गुप्त, नरेंद्र आर्य, डॉ प्रमोद सक्सेना,सत्य केतु सिंह एडवोकेट, वीणा सिंघल, रवि बब्बर आदि उपस्थित रहे। शांति पाठ एवं प्रीतिभोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# राष्ट्रचिंतना की सताइसवीं गोष्ठी "राष्ट्रीय सुरक्षा-भविष्य की चुनौतियां"
## कैलाश इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग के सभागार में आयोजित

नोएडा/ग्रेटर नोएडाः राष्ट्रचिंतना की सताइसवीं गोष्ठी "राष्ट्रीय सुरक्षा-भविष्य की चुनौतियां" विषय पर कैलाश इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग के सभागार में आयोजित की गई। स्वागत वक्तव्य में राजेश बिहारी जी ने वर्तमान परिस्थिति में युद्ध के बदलते स्वरूप पर चिंता प्रकट की।

विषय परिचय करवाते हुए प्रोफेसर विवेक कुमार, निदेशक एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने कहा कि चुस्लिम या चुस्लिम परस्त नेताओं ने पहलगाम नृशंस हत्याओं की कहीं कोई निंदा नहीं की। अब निकाहबाजी जिहाद भी सामने आ गया है। लगभग छह लाख पाकिस्तानी नागरिकों ने भारतीय महिलाओं से निकाह कर रखा है।

कैलाश इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर संदीप गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण और गंभीर विषय है। आने वाला समय इनफॉर्मेशन वार, स्पेस वार तथा ड्रोंस का है जिसमें प्रबुद्धजनों तथा युवाओं की भूमिका बहुत प्रभावी हो सकती है।

राष्ट्रचिंतना अध्यक्ष प्रोफेसर बलवंत सिंह राजपूत जी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि अवांछनीय, अप्राकृतिक बंटवारे की विभीषिका को झेलकर ये भूभाग जर्मनी के एकत्रीकरण की तरह एक दिन अखंड भारतवर्ष को सार्थक करेगा।

मुख्य वक्ता इंद्रद्युम्न शर्मा जी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में भाऊ राव देवरस जी को उद्धृत करते हुए कहा कि आप अजपुत्र बनेंगे तो आपकी बलि दी जाएगी। सिंह बनेंगे तो शत्रु आपसे भयभीत होंगे। अतः हर बालक, बालिका, छात्र, व्यवसायों, सैनिक को अक्षुण्ण बल की उपासना करनी होगी। हमें तकनीकी ज्ञान और विज्ञान में शत्रु को चमत्कृत करते रहना होगा। शक्तिमय महाराणा प्रताप जैसी यशस्वी धारणाओं का पालन करना होगा। शास्त्र और शस्त्र में निपुण होना है।



मनोवैज्ञानिक शुद्धता शांति का मार्ग प्रशस्त करेगी। विदेशी जासूस उनके समर्थक और आपकी मान्य परंपराओं के द्रोही, तथा लगभग हर संभावित खतरे का निराकरण समय रहते करना होगा। पंजाब में युवाओं को ड्रग्स के दलदल में धकेलकर, जम्मू में मदिरा प्रेमी बनाकर विदेशी शक्तियां कभी भी आपके शांतिप्रिय देश में बारूद की छड़ें बिछा सकती हैं।

राष्ट्रप्रेमी नागरिकों, व्यापारियों का मनोबल गिराने की साजिश रच सकती हैं। अराष्ट्रीय कार्य की भी कोशिश दुर्जन ना कर सके, इसके लिए जनमानस को सुरक्षा के लिए जागरूक बनाना होगा। मजहबी गुंडों के प्रभाव से समाज को बचाना ही,अपने को, समाज को, राष्ट्र को मजबूत करना है।

डॉ आरती शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में महासचिव डॉ नीरज कौशिक, डॉ संदीप, डॉ दिव्या अग्रवाल, राजेंद्र सोनी, आरती शर्मा, डॉ बी के श्रीवास्तव, डॉ ऋषिकेश त्रिपाठी, संघ के जिला प्रचारक गौरव जी, संगीता वर्मा, अनिल तायल, प्रो सतीश गर्ग, अनिल मोघा, माधुरी गर्ग, विजय नारंग, वी एस सक्सैना, आंचल श्रीवास्तव, अनिल कुमार, अजय कुमार सिंह, सन्देश, खुशबू, मोनिका, संजय शर्मा आदि प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# योगी सरकार की जीसीसी नीति में फॉर्च्यून 500 और एफडीआई पर विशेष फोकस
## ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स नीति के तहत यूपी को वैश्विक निवेश और रोजगार का नया हब बना रही योगी सरकार

**फॉर्च्यून 500 कंपनियों और एफडीआई को आकर्षित करने के लिए दिए जा रहे विशेष प्रोत्साहन**

**नोएडा, लखनऊ, कानपुर और वाराणसी जैसे शहरों को तकनीकी और डिजिटल सेवा केंद्र के रूप में किया जाएगा स्थापित**

**यूपी को $1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने के साथ ही अगले पांच वर्षों में 2 लाख से अधिक नौकरियां सृजित करने का प्रयास**



**समाज जागरण**

लखनऊ, 18 मई : योगी सरकार की ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) नीति 2024 उत्तर प्रदेश को वैश्विक कारोबारी मानचित्र पर एक नया मुकाम दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने जा रही है। यह नीति नोएडा, लखनऊ, कानपुर और वाराणसी जैसे शहरों को तकनीकी और डिजिटल सेवा केंद्र के रूप में स्थापित करेगी, जिससे अगले पांच वर्षों में 2 लाख से अधिक उच्च-वेतन वाली नौकरियां सृजित होंगी। इस नीति के तहत फॉर्च्यून 500 कंपनियों और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (ऋछक्क) को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि जीसीसी नीति न केवल आर्थिक विकास को गति देगी, बल्कि युवाओं को उच्च-कुशल रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगी। योगी सरकार की इस नीति के माध्यम से यूपी को $1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प को भी मजबूती मिलेगी।

### पात्रता और अवसर

नीति में लेवल-1 और एडवांस्ड जीसीसी के लिए स्पष्ट मानदंड निर्धारित किए गए हैं। लेवल-1 के लिए गौतम बुद्ध नगर और गाजियाबाद के बाहर 15 करोड़ रुपये या 500 कर्मचारियों, और इन जिलों में 20 करोड़ रुपये का निवेश जरूरी है। एडवांस्ड जीसीसी के लिए 50 करोड़ रुपये (ऋद्ध नगर/गाजियाबाद के बाहर) या 75 करोड़ रुपये (इन जिलों में) और 1000 कर्मचारियों की पात्रता है। यह छोटे और बड़े निवेशकों को समान अवसर प्रदान करता है।

### वित्तीय प्रोत्साहन

योगी सरकार ने निवेशकों का भरोसा जीतने के लिए उदार प्रोत्साहन पेश किए हैं। भूमि पर 30-50% सब्सिडी, 100% स्टांप ड्यूटी छूट, 25% पूंजीगत सब्सिडी (लेवल-1 के लिए 10 करोड़, एडवांस्ड के लिए 25 करोड़ रुपये), एसजीएसटी प्रतिपूर्ति, 5% ब्याज सब्सिडी, 20% परिचालन सब्सिडी (लेवल-1 के लिए 40 करोड़, एडवांस्ड के लिए 80 करोड़ रुपये) और पेरोल सब्सिडी (प्रति कर्मचारी 1.8 लाख रुपये तक) जैसे प्रावधान लागत कम करेंगे और निवेश को बढ़ावा देंगे।

फॉर्च्यून 500 और ऋछक्क पर फोकस फॉर्च्यून ग्लोबल 500/इंडिया 500 कंपनियों और 100 करोड़ रुपये से अधिक के एफडीआई वाले जीसीसी के लिए अनुकूलित प्रोत्साहन पैकेज दिए जाएंगे। यह वैश्विक दिग्गजों को यूपी की ओर आकर्षित करने की रणनीति का हिस्सा है।

नवाचार और आरएंडडी को बढ़ावा नीति में स्टार्टअप आइडिएशन के लिए 50% लागत प्रतिपूर्ति (2 करोड़ रुपये तक), पेटेंट के लिए 5-10 लाख रुपये की आईपीआर सब्सिडी और उत्कृष्टता केंद्रों के लिए 10 करोड़ रुपये तक का अनुदान शामिल है। यह यूपी को तकनीकी नवाचार का केंद्र बनाएगा।

# पाकिस्तान को समर्थन देने वाले देश टर्की एवं अजरबैजान के प्रति किया आक्रोश व्यक्त

**समाज जागरण**

नोएडा। नोएडा एंटरप्रिनियोर्स एसोशिएसन की एग्जीक्यूटिव कमेटी की मीटिंग हुई जिसमे उपस्थित सभी उद्यमियों ने पहलगाँव में घूमने गए निर्दोष सेलानियों की निर्मम हत्या पर सभी मृतकों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की, और संस्था से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत सरकार की ओर से आतंक के खिलाफ आतंकियों की पनाहगाह पाकिस्तान पर की गई कार्यवाही की सराहना की एवं भारत सरकार को धन्यवाद दिया।

विपिन मल्हन ने ऑपरेशन सिंदूर के समय पाकिस्तान को समर्थन देने वाले देश टर्की एवं अजरबैजान के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा की टर्की में आए भूकंप के समय सबसे पहले राहत सामग्री भारत ने पहुंचाई परंतु उसके इस तरह



आतंकवाद समर्थक देश को समर्थन देना साबित करता है कि ये भी आतंकबाद के पोशाक है।

इस अवसर पर विपिन मल्हन ने उपस्थित सभी उद्यमियों को शपथ ग्रहण कराई कि हम सभी तत्काल प्रभाव से टर्की एवं अजरबैजान से अपने व्यापारिक संबंध समाप्त करेंगे एवं इस देशों में पर्यटन को बढ़ावा नहीं देंगे और कभी इन देशों में घूमने नहीं जाएँगे साथ ही अपनी वसीयत में ये लिखेंगे कि अगर हमारी संतान इन देशों से कोई संबंध रखती है या घूमने जाती है तो उनको मिलने वाले सभी हक से वंचित माना जाए।

इस अवसर पर महासचिव वी के सेठ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मवीर शर्मा , हरीश जुनेजा, मुकेश कक्कड़ ,उपाध्यक्ष सुधीर श्रीवास्तव, मोहम्मद इरशाद, राजेंद्र जिंदल, कोषाध्यक्ष शरद जैन , संदीप बिरमानी, राजन खुराना , राहुल नैय्यर, आलोक गुप्ता, मयंक गुप्ता, अजय सरीन, मोहम्मद आजाद , नीरू शर्मा, योगेश आनंद, अजय अग्रवाल, टोनी सहित भारी संख्या उद्यमी उपस्थित रहे।

# दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित सफल टैलेंट स्काउटिंग इवेंट ने पूरे भारत से छात्रों को किया आकर्षित

दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ने 6 और 7 मई, 2025 को त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अपना वार्षिक टैलेंट स्काउटिंग इवेंट सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस वर्ष के आयोजन में भारत भर के 10 से अधिक राज्यों से प्रभावशाली भागीदारी देखी गई, जो दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल की तेजी से बढ़ती मान्यता को दर्शाती है। दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 6वीं से 9वीं और 11वीं के छात्रों के लिए परीक्षण आयोजित करना था। पहले दिन बॉक्सिंग, तैराकी, भारोत्तोलन और कुश्ती के लिए लेवल 1 और लेवल 2 टेस्ट पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जबकि दूसरे दिन तीरंदाजी, शूटिंग, टेबल टेनिस और लॉन टेनिस के लिए टेस्ट शामिल थे। दोनों दिन एथलेटिक्स और बैडमिंटन के ट्रायल आयोजित किए गए, जिन्हें कक्षा-वार विभाजित किया गया - कक्षा 6, 7 और 11 के लिए पहला दिन और कक्षा 8 और 9 के लिए दूसरा दिन। युवा खेल प्रेमियों ने इन सभी विषयों में अपने कौशल का प्रदर्शन बड़े उत्साह के साथ किया।

# सौंदर्य का अद्वितीय व अनोखा संगम 'राम मंदिर' - विनोद तकियावाला

**समाज जागरण**

अलवर। राजा व राजवाड़ों का शहर राजस्थान है,जिसकी संस्कृति व सभ्यता की चर्चा भारत ही नही वरन विश्व के कोने -कोने में होता है।आज हम दिल्ली व एनसीआर के कुछ किलोमीटर दूरी पर स्थित राजस्थान के ऐतिहासिक शहर अलवर की चर्चा कर रहे है।जी हाँ इतिहास आस्था व अनोखा संगम का शहर अलवर,जहाँ त्रेहान ग्रुप द्वारा नव निंमित भव्य व दिव्य राम मंदिर, जो स्थानीय लोगों में चर्चा का केन्द्र बना हुआ। जहाँ भक्ति,भारतीय संस्कृति और स्थापत्य कला का जीवंत प्रतीक बन चुका है।

सर्व विदित रहे कि 6 अप्रैल 25 को राम नवमी के पवित्र पावन अवसर पर राम मंदिर का विधिवत रूप से उद्घाटित किया गया था ।अल्प समय में ही अलवर क्षेत्र का एक प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र बन गया है। आप को बता दे कि मंदिर के गर्भगृह में विराजमान श्री राम लल्ला की प्रतिमा अत्यंत ही मनोहारी



है।जिस में कलाकारों नें अत्यंत बारीकी और श्रद्धा से तराशी गई यह प्रतिमा प्रभु श्रीराम की करुणा,शक्ति और दिव्यता का जीवंत रूप है, जो हर श्रद्धालु के मन में शांति और आस्था का संचार करती है।

वास्तुकला की दृष्टि से मंदिर पारंपारक भारतीय शिल्पकला से प्रेरित है,जिसमें सुंदर नक्काशीदार स्तंभ,भव्य गुंबद और ऊंचा शिखर इसकी भव्यता को दशार्ते हैं। मंदिर परिसर के चारों ओर हरियाली से आच्छादित शांत वातावरण इसे और भी पवित्र एवं रमणीय बनाता है।

इस संदर्भ में त्रेहान ग्रुप के चेंयरमैन हर्ष त्रेहन ने कहा ह्लराम मंदिर हमारे मूल्यों और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह स्थान न केवल भक्ति का केंद्र है, बल्कि शांति,एकता और समाजिक समरसता का भी प्रतीक है।

राम मंदिर के माध्यम से त्रेहन ग्रुप न केवल आवासीय परियोजनाएं विकसित कर रहा है,बल्कि ऐसी सामुदायिक संरचनाएं भी रच रहा है जो जीवन में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संतुलन लाती हैं।

# यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में किया कम्युनिटी गेट-टुगेदर, 50 से ज्यादा सोसाइटीज के प्रतिनिधियों ने बढ़ाया विश्वास

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा वेस्ट। स्वास्थ्य सेवा को केवल इलाज की सीमाओं से बाहर निकालकर समाज से जोड़ने की एक मिसाल पेश करते हुए यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नोएडा एक्सटेंशन ने शुक्रवार को कम्युनिटी गेट-टुगेदर का आयोजन किया। यह आयोजन केवल एक औपचारिक सभा नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच था जहाँ नागरिक, डॉक्टर और अस्पताल प्रशासन एक साथ बैठे, संवाद किया और भरोसे का नया रिश्ता गढ़ा।

**50 से ज्यादा सोसाइटीज के प्रतिनिधियों की मौजूदगी ने बनाया कार्यक्रम को विशेष**

ग्रेटर नोएडा वेस्ट और नोएडा एक्सटेंशन क्षेत्र से 50 से अधिक रेजिडेंशियल सोसाइटीज के 200 से ज्यादा प्रमुख प्रतिनिधियों ने इस आयोजन में हिस्सा लिया। यह उपस्थिति केवल संख्या नहीं बल्कि उस विश्वास और सहयोग का प्रतीक





बनी, जो यथार्थ हॉस्पिटल और स्थानीय समुदाय के बीच स्थापित हो रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं पर सीधा संवादः डॉक्टर्स से मिला जनता को डॉ. अनिल कुमार (सीओओ, यथार्थ हॉस्पिटल) ने अस्पताल के विजन, सेवाओं और समुदाय के प्रति दायित्व की बात की।



जवाब

**कार्यक्रम में यथार्थ हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी उपस्थिति से इसे और प्रभावशाली बनाया।**

डॉ. कृष्ण यादव (कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ) ने हृदय रोगों से बचाव के उपाय और त्वरित चिकित्सा के महत्व पर प्रकाश डाला।

डॉ. उपेंद्र सिंह (न्यूरोलॉजिस्ट) ने मस्तिष्क संबंधी समस्याओं पर लोगों को शिक्षित किया।

डॉ. महेंद्र शर्मा व डॉ. वेंकटेश कुमार (यूरोलॉजी विशेषज्ञ) ने किडनी और मूत्र रोगों से जुड़ी जरूरी जानकारी साझा की।

**जनभागीदारी और संवाद को मिला नया आयाम**

कार्यक्रम को सफल बनाने में विवेक तिवारी (वाइस प्रेसिडेंट झ सेल्स एंड मार्केटिंग) और लवकुश (मार्केटिंग मैनेजर) की बड़ी भूमिका रही। उन्होंने मंच और समुदाय के बीच सेतु बनकर लोगों के सवालों का उत्तर दिया और भविष्य की भागीदारी की संभावनाओं को मजबूत किया। यथार्थ हॉस्पिटल के मार्केटिंग लवकुश ने बताया कि प्रतिनिधियों ने न केवल यथार्थ हॉस्पिटल की सेवाओं की सराहना की बल्कि इस प्रकार के आयोजनों को नियमित तौर पर करने की मांग भी की। यह आयोजन स्वास्थ्य क्षेत्र में सार्वजनिक जुड़ाव का बेहतरीन उदाहरण बनकर उभरा।

# बिजनौर एसपी अभिषेक झा के आदेश पर चलाए गए अभियान मे पुलिस ने किया कई वाहनों का चालान

**दैनिक समाज जागरण**
**मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



बिजनौर एसपी अभिषेक झा के आदेश पर चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस ने 150 वाहनों का चालान किया और स्कूली ई रिक्शाओं को चेतावनी देकर छोड़ दिया। यातायात पुलिस के टीएसआई प्रदीप कुमार के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल सरवन कुमार सूर्य प्रताप हरेंद्र कुमार और कांस्टेबल आकाश सिंह की टीम ने 90 दुपहिया वाहनों बाइक स्कूटी कुल 60 बड़ी गाड़ियों चौपाइयां वाहनों जिसमे डग्गामार वाहन भी शामिल है का चालान किया। उधर नगीना थाना प्रभारी ने गश्त के दौरान मॉडिफाइड बुलेट मोटरसाइकिल पर कार्यवाही की है पुलिस ने तीन बुलेट स्वरों को रोका और तीन बुलेट को सीज कर दिया गया। बुलेट मोटरसाइकिल में पटाखा छोड़ने वाला साइलेंसर और अन्य नियम विरुद्ध बदलाव पाए गए जिस-के चलते तीनों बुलेट को थाना भिजवाकर सीज कर दिया गया है। इस दौरान थाना प्रभारी ने अन्य वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाते हुए कहां की अगर नगर में किसी अन्य बाइक स्वरों को पटाखा छोड़ते हुए या तेज ध्वनि के साइलेंसर बायको को चलते हुए पाए गए तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगीना थानाध्यक्ष तेजपाल ने गश्त के दौरान पटाखा छोड़ रही तीन बुलेट मॉडिफाइड सेलेन्सर से पटाखा छोड़ने वाली को सीज किया है।थाना प्रभारी ने गश्त के दौरान तीन बुलेट को सीज किया,जबकि अन्य वाहन चालकों को यतायात नियमों को पाठ पढ़ाया। नगर में थाना प्रभारी तेजपाल सिंह द्वारा किए जा रहे पैदल गश्त के दौरान लुहारी सराय में मोडिफाइड तीन बुलेट सवारों को साइलेंसर से पटाखा छोड़ते हुए पकड़ कर थाने भिजवया और तीनो बुलेट बाईकों को पकड़ कर सीज कर दिया। इस दौरान थाना प्रभारी ने अन्य वाहन चालकों को यातयात नियमों का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि अगर नगर में किसी अन्य बाइक सवारों को भी पटाका छोड़ते हुए या तेज ध्वनि के सेलेंसर,व अन्य कमियों के चलते हुए बाईकों को चलाते हुए देखा जाता है तो उनके खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नीलगाय से बचने की कोशिश में कार पलटी

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



धामपुर में शादी लौट रही कार गड्ढे में गिरी, चालक सुरक्षित बिजनौर के शेरकोट में हरेवली रोड पर एक कार हादसे में बड़ी दुर्घटना टल गई। शादी समारोह से लौट रहे युवक की कार नीलगाय से बचने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। शेरकोट के मोहल्ला हकीमान निवासी मोहम्मद सलीम पुत्र शमी रात करीब ढाई बजे हरेवली स्थित एक मैरिज हॉल से अपने घर लौट रहे थे। थाना शेरकोट से पहले एक पैरामेडिकल कॉलेज के पास अचानक उनकी स्विफ्ट डिजायर कार के सामने नीलगाय आ गई। नीलगाय से बचने का प्रयास करते हुए कार अनियंत्रित हो गई। कार ने कई पलटियां खाते हुए सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। सौभाग्य से कार में अकेले सवार सलीम को गंभीर चोटें नहीं आईं। सुबह क्रेन की सहायता से गड्ढे में पलटी कार को बाहर निकाल लिया गया।

## थाना मण्डावर पुलिस ने चलाया पैदल गस्त अभियान

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

थाना मण्डावर पुलिस ने अपने क्षेत्र के मुख्य मार्गों एवं व्यस्ततम स्थानों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने और नागरिकों में सुरक्षा की भावना जागृत करने के लिए व्यापक पैदल गस्त अभियान चलाया। पुलिस टीम ने लगातार सतर्कता बरतते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी और आमजन के साथ संवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा संबंधी चिंताओं का समाधान किया। इस प्रयास से अपराध पर नियंत्रण पाया गया और क्षेत्र में शांति व्यवस्था मजबूत हुई यह पहल थाना मण्डावर पुलिस की प्रतिबद्धता को दशार्ती है कि वह हर स्तर पर जनता की सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर काम कर रही है। स्थानीय लोग भी पुलिस की सक्रियता की सराहना कर रहे हैं और सहयोग प्रदान कर रहे हैं। पुलिस विभाग भविष्य में भी इस तरह के अभियान चलाकर कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने तथा जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।



## पुलिस ने चार ट्यूबवेल स्टार्टर चोरी के मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**
**मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

चांदपुर, बिजनौर। खेतों में लगी चार ट्यूबवेल के स्टार्टर चोरी के मामले में चांदपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए मुख्य आरोपी सुनील पुत्र काशीराम को गिरफ्तार किया है। आरोपी ग्राम फिरोजपुर बगड़, थाना बछरायुं, जनपद अमरोहा का निवासी है। उसकी गिरफ्तारी के दौरान चोरी के चार ट्यूबवेल स्टार्टर के खोखे और उनके अवशेष, लगभग 5 किलो 200 ग्राम तांबे के तार के गुच्छे तथा चोरी में इस्तेमाल हुए उपकरण जैसे दो पेंचकस, एक पिलास, एक टॉर्च और तीन लोहे की आरी के ब्लेड के टुकड़े बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक, आरोपी का आपराधिक इतिहास भी गंभीर है, जिसमें आबकारी अधिनियम और आयुध अधिनियम के तहत दर्ज मामले शामिल हैं। चोरी के इस मामले की त्वरित और कुशल जांच के लिए थाना चांदपुर की टीम को प्रशंसा मिल रही है। इस टीम में उपनिरीक्षक शादाब अहमद, मुख्य आरक्षक राहुल कुमार और आरक्षक अंकुर कुमार शामिल थे। मामले की जांच अभी जारी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल संबंधित थाने को दें ताकि अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।



## नगीना देहात में धारदार हथियार से हमला अभियुक्त गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**
**मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



बिजनौर, नगीना देहात थाना नगीना देहात क्षेत्र में एक गंभीर घटना सामने आई है, जहाँ वादी के साथ गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से वार किया गया। मामले की तहरीर पुलिस को प्राप्त हुई है, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अभियुक्त संदीप पुत्र रमेश उर्फ रामे निवासी ग्राम कोटकादर थाना नगीना देहात तथा अन्य तीन साथी मिलकर वादी के साथ मारपीट और गाली-गलौच की। घटना में वादी घायल हो गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदीप को गिरफ्तार कर लिया है। थाना नगीना देहात पुलिस ने बताया कि अभियुक्त संदीप के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है और बाकी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध उचित कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त की जानकारी नाम संदीप पुत्र रमेश उर्फ रामे पता ग्राम कोटकादर, थाना नगीना देहात, जनपद बिजनौर गिरफ्तारी में शामिल पुलिस अधिकारी उप निरीक्षक दीपक कुमार, मुख्य आरक्षी रविन्द्र कुमार, आरक्षी आशीष धामा, एवं मुख्य आरक्षी सुनिल मलिक ने अभियुक्त को दबोचा। पुलिस प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे आपराधिक घटनाओं की सूचना समय पर पुलिस को दें, ताकि सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और अपराधियों को दंडित किया जा सके।

## जनपद पुलिस ने 11 वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

जनपद बिजनौर पुलिस द्वारा अपराध रोकथाम और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 17 मई 2025 को 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से हैं जिनमें शेरकोट, मण्डावली, धामपुर, चांदपुर और धार शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम इस प्रकार हैं मौ० आसिम (शेरकोट), जोगेन्द्र उर्फ काले एवं मलखान (मण्डावली), कुलदीप सिंह (चांदपुर), दयाराम व चन्द्रपाल सिंह (धामपुर), लोकेन्द्र (धार), सोनू उर्फ नवनीत कुमार (धामपुर), सुरेन्द्र, नीरज कुमार व मुकेश (शेरकोट)। पुलिस प्रशासन ने बताया कि ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जा रहे हैं ताकि जनपद में अपराध नियंत्रण किया जा सके और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। अभियान निरंतर जारी रहेगा।



## उर्स मेले की तैयारियों को लेकर क्षेत्राधिकारी नगीना ने किया जोगीरम्पुरी में निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**
**शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नगीना थाना देहात क्षेत्र के ग्राम जोगीरम्पुरी में आगामी उर्स मेले को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय नजर आ रहा है। शनिवार को क्षेत्राधिकारी नगीना ने गांव पहुंचकर मेला स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया और तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेला प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक तैयारियों की जानकारी ली और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, चिकित्सा सुविधा, पेयजल, साफ-सफाई और रौशनी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारी ने स्पष्ट कहा कि मेला क्षेत्र में किसी प्रकार की अव्यवस्था या कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन को भी निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए और आने-जाने वाले रास्तों पर यातायात सुचारु बनाए रखा जाए। इस दौरान थानाध्यक्ष नगीना देहात समेत अन्य अधिकारी व मेला कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।



## स्कूटी व बाइक की भिड़त मे बाइक पर बैठे दो युवक गंभीर रूप से घायल

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**
**शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**





अफजलगढ़ कालागढ़ मार्ग पर स्कूटी व बाइक की भिड़ंत से बाइक पर बैठे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को 108 एंबुलेंस व राहगीरों की मदद से इलाज के लिए अफजलगढ़ सीएचसी में भर्ती कराया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद समीर की गंभीर अवस्था को देखते हुए डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया वही सद्दाम उर्फ सैफी व फेज को कम चोट लगने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को घर भेज दिया है प्राप्त समाचार के अनुसार कस्बा नगीना मोहल्ला पटेरी निवासी मोहम्मद फैज पुत्र आफाक 20 वर्ष ने बताया कि समीर पुत्र नबील 18 वर्ष, सद्दाम उर्फ सैफी 20 वर्ष पुत्र शमीम, मोहम्मद फैज 18 वर्ष पुत्र आफाक तीनों अपनी बाइक से अपने घर नगीना से कालागढ़ घूमने जा रहे थे जैसे ही उनकी बाइक ग्राम कादराबाद के समीप पहुंची अचानक सामने से आ रहे स्कूटी सवार ने बाइक सवार के टक्कर मार दी जिस कारण बाइक पर बैठे तीन युवकों में से समीर व सद्दाम उर्फ सैफी पुत्र शमीम बाइक से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को आनंन-फानन में 108 एंबुलेंस व राहगीरों की मदद से तीनों को अफजलगढ़ सीएचसी में भर्ती कराया जहां पर समीर की गंभीर अवस्था को देखते हुए डॉक्टर ने समीर को हायर सेंटर रेफर कर दिया जबकि सद्दाम उर्फ सैफी व फैज को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया है फैज ने बताया स्कूटी सवार टक्कर मार कर मौके से फरार हो गया है वहीं पुलिस का कहना है तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सोशल मीडिया पर पाकिस्तान समर्थक पोस्ट इंस्टाग्राम पर पाक झंडा दिखाने वाला युवक गिरफ्तार, जेल भेजा

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**
**शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**



स्योहारा 16 मई - सोशल मीडिया पर पाकिस्तान समर्थक पोस्ट करना एक युवक को भारी पड़ गया। स्योहारा पुलिस ने इंस्टाग्राम पर पाकिस्तानी झंडा पोस्ट कर देशविरोधी टिप्पणी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया आरोपी की पहचान मोहल्ला पीर का बाजार निवासी शहबाज उर्फ सुलतान के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ इंस्टाग्राम अकाउंट sultan_khan5252' से पाकिस्तान के समर्थन में टिप्पणी करने और पाक झंडा साझा करने का आरोप है। इस पोस्ट का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जांच शुरू की। जांच में पुष्टि हुई कि उक्त इंस्टाग्राम अकाउंट शहबाज का ही है। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 152 के तहत मुकदमा दर्ज किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक सुरजीत सिंह, कांस्टेबल रूपक और कांस्टेबल विवेक शामिल रहे।

## बदमाशों की फायरिंग, पुलिसकर्मी की मौत

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

बिजनौर कोतवाली क्षेत्र में देर शाम स्विफ्ट कार में सवार बदमाशों ने एक ट्रक ड्राइवर के साथ मारपीट की और फायरिंग भी की। फायरिंग की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस को देख बदमाश फरार हो गए फरार बदमाशों का पुलिस पीछा कर रही थी की इसी दौरान बदमाशों ने अपनी कार गंज राजवाहे की ओर मोड़ दी जिससे गांव सालमाबाद भरेरा के पास बदमाशो की कार एक विद्युत पोल से टकरा गई और नहर में जा गिरी। कार के नहर में गिरते ही बदमाशों को बचाने के लिए डायल 112 के सिपाही



मनोज कुमार और गंगाराम भी नहर में कूद गए। बता दें कि टक्कर की वजह से विद्युत पोल का तार टूटकर भी नहर में गिर गया, जिससे नहर में करंट आ गया। करंट लगने से एक बदमाश नीरज और दोनों पुलिसकर्मी घायल हो गए जिसमें घायल सिपाही मनोज की करंट से मौत हो गई पुलिस का दूसरा साथी गंगाराम घायल है उसका इलाज किया जा रहा है घायल बदमाश नीरज को सिपाही ने बचा लिया जहां उसका इलाज जिला अस्पताल में कराया जा रहा है सूचना मिलते ही एस पी अभिषेक झा एसपी सिटी संजीव बाजपेई, सीओ सिटी व थाना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को नहर से निकालकर अस्पताल भिजवाया। इलाज के दौरान सिपाही मनोज कुमार की मौत होने से परिवार में कोहराम मचा है मृतक सिपाही 2016 बेंच का था वंही सूचना मिलते ही एसपी अभिषेक झा भी जिला अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। एसपी सिटी संजीव बाजपेई ने बताया कि बदमाशों को पकड़ने और बचाने के प्रयास में सिपाही मनोज और गंगाराम घायल हो गए। एक बदमाश से पूछताछ की जा रही है बदमाश के अन्य साथी फरार हो गए थे अन्य गिरफ्तारी के लिए टीम लगा दी है

## विद्या भारती के विद्यालयों में देशभक्ति से ओतप्रोत भारतीय संस्कृति एवं संस्कार युक्त शिक्षा दी जा रही हैं - बीएल वर्मा

### बाल कल्याण समिति द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान व सांस्कृतिक समारोह हुआ संपन्न

**आई एम खान/**
**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**




बदायूं। सिविल लाइंस स्थित शिव देवी सरस्वती शिशु - विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रविवार को विद्या भारती, अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध बाल कल्याण समिति बदायूं के तत्वाधान में नगर में चलने वाले समस्त सरस्वती शिशु - विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले मेधावी छात्रों का प्रतिभा सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह पूर्वक संपन्न। पुरस्कार पाकर मेधावी छात्रों के चेहरे खिले। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के समक्ष कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विशाल कुमार ( विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बदायूं) मुख्य अतिथि बीएल वर्मा ( केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार) अध्यक्ष नवनीत प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि हरिशंकर शर्मा ( संगठन मंत्री, विद्या भारती, ब्रज प्रदेश) यशवीर सिंह ( प्रदेश निरीक्षक भारतीय शिक्षा समिति ब्रज प्रदेश) डॉ अनिल गर्ग ( मंत्री) भारतीय शिक्षा समिति ब्रज प्रदेश ने दीप जलाकर एवं पुष्पार्चन कर किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विशाल कुमार ने कहा दुनिया में भारत ऐसा देश है जहां घर-घर प्रतिभाएं छुपी हुई है। विद्या भारती के विद्यालयों मैं प्रतिभाओं को निखारने का कार्य विद्यालय के कुशल आचार्यों द्वारा किया जाता है। कार्य कुशलता एवं योग्यता के आधार पर प्रतिभाओं के माध्यम से हम अपने देश को विश्व गुरु के उच्चासन पर विराजमान करने में सफल होंगे। मुख्य अतिथि बीएल वर्मा ने कहा विद्या भारती के विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में बिना सरकारी सहायता के समाज में उच्च स्थान बनाए हुए हैं। विद्या भारती के विद्यालयों में देशभक्ति से ओतप्रोत भारतीय संस्कृति एवं संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान की जा रही है। मेधावियों को सम्मानित करने वालों में विशाल कुमार, बीएल वर्मा, मनीष सिंघल, वीरेंद्र झा, नवनीत प्रताप सिंह, डॉ अनिल गर्ग, पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव, अरुण कांत, अमृतपाल सिंह, सर्वेश पाठक, सीमा रानी, रजनी मिश्रा, दीपमाला गोयल, रामनिवास राजपूत, डॉ रवि शरण सिंह चौहान, अशोक नारंग ओमप्रकाश वैश्य, राजीव नारायण जगजीवन राम रहे। इस अवसर पर बदायूं के विद्या भारती विद्यालय में रहे डॉ रवि शरण सिंह चौहान, जयप्रकाश द्विवेदी एवं रामनिवास राजपूत को भी अंग वस्त्र एवं स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीकृष्ण हरि एवं नीरज शर्मा ने किया। इस मौके पर वेद रतन शर्मा, कालिका प्रसाद गंगवार, राम सिंह राजपूत, सतीश कुमार गंगवार, सुशील कुमार सिंह ( समस्त प्रधानाचार्य) शिशु शिक्षा समिति ब्रज प्रांत के प्रान्त प्रचार प्रमुख राजकुमार सिंह सेंगर, लालाराम वर्मा, विनय सिंह चौहान, गजेंद्र सिंह, संजय शर्मा एवं समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा।

## गुन्नौर महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका मिला शव

**दैनिक समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र गांव कुहेरा में महिला का संदिग्ध परिस्थितियों फांसी के फंदे पर शव लटका था। सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग व स्थानीय पुलिस पहुंच गई, पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। वही थाना हयातनगर क्षेत्र के गांव शेरपुर निवासी महेन्द्र सिंह ने अपनी बेटी देवकली की शादी ग्यारह वर्ष पहले गुन्नौर क्षेत्र के गांव कुहेरा निवासी रामचंद्र के बेटे वीरेश कुमार के साथ की थी। शादी में हैसियत के अनुसार दान दहेज भी दिया था। मायके वालों का आरोप है कि शनिवार की रात को फांसी लगाकर मौत के घाट उतार दिया। गांव के ही एक व्यक्ति ने मायके वालों को फोन पर घटना की सूचना दी। और मायके वाले सूचना पाते ही अपने गांव के लोगों के साथ घर से निकल गये। कुछ ही देर में कुहेरा पहुंचे कुछ देर में मौके पर गुन्नौर पुलिस पहुंच गई। उसके बाद लोगों ने बताया कि महिला के पति के साथ महिला की कोई खास बनी हुई थी। और महिला का पति गुन्नौर के गांव रायपुर में दावत खाने गया था। तभी महिला ने घर में ही फांसी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। महिला पर दो बेटे हैं। बड़ा बेटा दिव्यांशु 10 वर्षीय एवं छोटा बेटा अभिषेक 6 वर्षीय दोनों बेटे घर पर ही थे। पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। वही शव का पोस्टमार्टम होने के बाद महिला के शव को पुलिस ने पिता को सौप दिया। गुन्नौर थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि महिला की मौत की सूचना पर कुहेरा गांव पहुंचे थे। जहां पर महिला के शव का पंचनामभर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम होने के बाद शव महिला के पिता को दे दिया गया। शव का अंतिम संस्कार किया जा रहा है। अभी तक महिला के मायके पक्ष के लोगों की तरफ कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर आने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गुन्नौर गर्भवती महिला के साथ देवरो ने जमीन को लेकर मारपीट

**दैनिक समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव कुहेरा निवासी सोनी पत्नी सत्यपाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मेरे देवर हरवेश, रनवीर महावीर ने अपने हिस्से की जमीन बेच दी है। मै व मेरे पति ने अपने पुत्रगण हिस्से की जमीन उक्त दोनों लोगों से माँगी तब इसी बात को लेकर हरवेश,रनवीर पुत्रगण महावीर निवासी कुहेरा ने एक राय होकर मुझे गन्दी गन्दी गालियाँ देते हुये मुझे अपमानित किया और मेरे घर में घुस आये और मेरे साथ मारपीट की मैं गर्भवती हूँ मेरे पेडू व पेट में लात घूंसों से जमीन पर गिराकर मारा पीटा। जिससे मेरे पेट व पेडू में गम्भीर चोटें आयी हैं तथा शरीर के अन्य भाग गुम चोटें आयी हैं मेरी पुत्री नाबालिग उम्र 5 साल अंशिका के कमर में खुली चोट आयी है। उसे भी मारा हैं महिला ने पुलिस को तहरीरदेकरकार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## गुन्नौर सपा सांसद ने जनता दरबार में जनसमस्याओं को सुना आदित्य यादव

**दैनिक समाज जागरण**



गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में एकदिनी दौरे पर आए सांसद आदित्य यादव ने जनचौपाल लगा कर लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को फोन कर निदान करने को कहा। बदायूं के सपा सांसद आदित्य यादव ने शनिवार रात यारा फर्टिलाइजर के गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम किया। यहां रविवार सुबह पार्टी पदाधिकारियों और नेताओं के साथ बैठक कर 2027 के विधानसभा चुनाव की रणनीति पर मंथन किया।उन्होंने कहा कि सभी पार्टीजन गांव गांव पहुंच कर सपा की नीतियों का प्रचार प्रसार करें। आमजन की समस्याओं का निदान कराएं और समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन का रास्ता अख्तियार करें। बैठक के बाद सांसद का काफिला करीब 11 बजे हरि बाबा धाम पहुंचा जहां उन्होंने हरि बाबा मंदिर में दर्शन कर पूजा की और अखंड संकीर्तन में हरि नाम जाप किया। दोपहर एक बजे बबराला के लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह में जन चौपाल लगाकर आम लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को फोन कर समस्या का तत्काल निराकरण करने को कहा। सांसद के पास बिजली, राजस्व और पुलिस विभाग संबंधित समस्याओं को लेकर तमाम लोग पहुंचे। इस दौरान विधायक राम खिलाड़ी यादव, सपा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अमित यादव, अखिलेश यादव, समाजवादी महिला सभा की प्रदेश सचिव संगीता पाल, अशोक यादव बब्बा, पप्पू यादव, देवपाल प्रधान, शशिकांत वार्ष्णेय, शमीम अहमद आदि मौजूद रहे।

# लोकमाता अहिल्याबाई ने महिला सशक्तिकरण व लोकहित को अपना ध्येय बनाया था --जिला प्रभारी

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**




फिरोजाबाद! जिला भाजपा कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी जिला व महानगर की संयुक्त जिला कार्यशाला जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी मा. ब्रज बहादुर भारद्वाज ने पार्टी के पदाधिकारियों व मण्डल अध्यक्षगणो को सम्बोधित करते हुऐ कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने महिला सशक्तीकरण व लोकहित को अपना सर्वोच्च ध्येय बनाया और न्याय के लिए आजीवन दृढ़ संकल्पित रहीं। इस कार्यशाला में जनजागरण, तथा सामाजिक समरसता को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। इस दौरान अपने वक्तव्य में रानी अहिल्याबाई जी के सेवा, राष्ट्रधर्म, सनातन मूल्यों की पुनर्स्थापना और जनकल्याण पर आधारित शासन व्यवस्था पर अपने विचार प्रकट किए। ये अभियान 21 मई से 31 मई तक चलेगा इस अभियान के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में यह अभियान लोकमाता के उच्च आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित सम्मानित जनों को संबोधित कर लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर द्वारा धर्म जागरण एवं लोक कल्याण हेतु किए गए कार्यों की चर्चा की व कार्ययोजना तैयार की। इस दौरान प्रमुख रूप से महानगर सतीश दिवाकर, नानक चंद्र अग्रवाल, डॉ रामकैलाश यादव, हनुमंत सिंह बघेल ,डॉ अमित गुप्ता, अरविंद पचौरी, सुमन चतुवेर्दी, बीएल वर्मा राजीव गुप्ता चेयरमैन जसराना, सतीश बघेल, रेनु उपाध्याय, मुन्नी देवी महिला मोर्चा अध्यक्ष ,योगेश प्रताप सिंह बघेल, भगवान सिंह झा, आनन्द अग्रवाल, विनोद प्रताप सिंह बिन्नू, ,राधेश्याम यादव, एसपी लहरी, आकाश शर्मा, त्रिलोक चन्द्र कुशवाह, सतीश यादव, वीरेंद्र प्रताप सिंह, राजेश चौहान, विष्णु सक्सेना, रामनरेश कटारा, शिव शंकर शर्मा, उदय ठाकुर, सुरेंद्र राठौर, सतीश चंद्र प्रजापति, निर्मल शर्मा, मधुरिमा गुप्ता, धर्मेन्द्र सिंह, कैलाश ओझा, उल्लास गर्ग, सत्य वीर गुर्जर, देशदीपक राजा, महावीर बघेल अहित अन्य कार्यकर्ता बन्धु उपस्थित थे।

# सोड़ा बनाने की फैक्ट्री में लगी भीषण आग, दमकल ने पाया काबू

- आग की चपेट में फैक्ट्री में रखे सोड़ा से भरे ड्रम जल कर हुए राख
- भट्टी में जल रही लकड़ी से लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान



**दैनिक समाज जागरण**

शिकोहाबाद। मैनपुरी रोड स्थित कंथरी के समीप सोड़ा बनाने वाली फैक्ट्री में रविवार दोपहर एक बजे के करीब अचानक आग लग गई। आग से फैक्ट्री में रखे सोड़ा से भरे ड्रम जल कर राख हो गये। जिससे आग से फैक्ट्री का लाखों रुपये का नुकसान हो गया। आग की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग की सूचना पर तत्काल फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और आग को फैलने से पहले ही उस पर काबू पा लिया। दिल्ली निवासी रवि की फैक्ट्री में सोडा ऐश से कच्चा सोडा बनाकर पक्का सोडा बनाया जाता है। रविवार को फैक्ट्री में काम चल रहा था। इसी दौरान भट्टी में जल रही लकड़ी से पास में ही रखे ड्रमों में आग लग गई। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगते ही फैक्ट्री में मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। घटना की जाकनारी थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। कुछ ही समय में थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड ने 15 मिनट में आग पर काबू पा लिया। फैक्ट्री के प्रबंधक मोहित ने बताया कि फैक्ट्री में सोड़ा एस से भरे ड्रम जल गए, जिससे फैक्ट्री स्वामी को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि बाउंड्री के करीब बनी भट्टियों में आग लगी थी। हालांकि आग को फैलने से पहले ही उस पर काबू पा लिया गया। इस संबंध में फायर ब्रिगेड के प्रभारी ब्रजेश सविता ने बताया कि फैक्ट्री को बंद कर दिया है। जब तक फैक्ट्री स्वामी नहीं आते हैं, तब तक फैक्ट्री को बंद रखा जाएगा। मालिक से पूछताछ की जाएगी। इसके बाद ही कार्यवाही की जायेगी।

# पुलिस ने दो शातिर चोर पकड़े, उनके पास से चोरी का सामान मिला

फि रोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस ने दो शातिर चोरो को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी का सामान बरामद किया है।

प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्रपाल सिंह थाना दक्षिण ने चैकिंग के दौरान पुलिस बल के साथ दो चोरों को पकड़ा है।बडी बाउन्ड्री बिहारीपुर को जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है

पकड़े गए अभियुक्तों के नाम सनी पुत्र बबलू तथा शिवम शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा निवासी सन्तोष नगर थाना उत्तर बताए है।

पुलिस ने उनके पास से एक एन्ड्राइड मोबाइल, चोरी की घटना में प्रयुक्त, एक मोटरसाइकिल स्पलेण्डर, एक तमंचा 315, बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किए है।

बरामदगी के आधार पर उनके खिलाफ थाना दक्षिण पर मुकदमा मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गई है।

# पुलिस ने अभियान चला 115 अभियुक्त पकड़े

**दैनिक समाज जागरण**

फि रोजाबाद। जनपद पुलिस ने शनिवार की रात अभियान चलाकर 115 अभियुक्त पकड़े। उनमें 109 एनबीडब्ल्यू 2 एस आर व 4 अन्य अभियुक्त शामिल है। पुलिस के अभियान से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

अभियान के दौरान थाना उत्तर ने 06, दक्षिण ने 07, रसूलपुर ने 07, रामगढ़ ने 04, नारखी ने 08 पचोखरा ने 07, टूण्डला ने 05, नगला सिंघी ने 03, रजावली ने 03, सिरसागंज 12, अरांव ने 01, नसीरपुर ने 03, नगला खंगर ने 05, शिकोहाबाद ने 13 खैरगढ़ ने 02, मक्खनपुर ने 02, जसराना ने 10, एका ने 03, फरिहा ने 08, मटसेना 03, लाइनपार ने 01, बसईमोहम्मद पुर 02 अभियुक्तों को पकड़ा है।

इस प्रकार जनपदीय पुलिस ने 05 घण्टे में एनबीडब्लू वारंटियों, वाँछित अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 115 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस की कार्यवाही से कई क्षेत्रों में हड़का मच रहा। पुलिस की यह कार्यवाही निरंतर चल रही है।

# प्रवीण विद्यापीठ, सिरसागंज में इन्वेस्टिचर सेरेमनी आयोजन

- जो विद्यालय को चार सदनों में विभाजित कर
- ब्लू हाउस की हाउस मास्टर बनीं वंदना पालीवाल
- ग्रीन हाउस की हाउस मास्टर बनीं ईशा सेंगर
- वही ऑरेंज हाउस की हाउस मास्टर बनीं इतिशा सिंह
- रेड हाउस की हाउस मास्टर बनीं रश्मि सिंह रही




**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! प्रवीण विद्यापीठ, सिरसागंज में "इन्वेस्टिचर सेरेमनी" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय डायरेक्टर दीपक जादौन और विद्यालय की निदेशिका श्रीमती पारुल जादौन ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा 12 के विद्यार्थियों को विभिन्न दायित्वों हेतु चयनित कर सम्मानित किया गया

जिसमें विद्यालय की हेड गर्ल के रूप में कक्षा 12 बायो की मिस भावना, हेड बॉय के रूप में कक्षा 12 कॉमर्स के मास्टर आर्यन, अनुशासन कप्तान के रूप में कक्षा 12 मैथ्स के लव गुप्ता तथा खेल कप्तान के रूप में कक्षा 12 मैथ्स के नकुल प्रताप का चयन किया गया।

इस समारोह का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व का बोध एवं प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करना था। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 1 से 12 तक के सभी मॉनिटर्स को उनकी कक्षा अध्यापकों द्वारा बैज पहनाकर सम्मानित किया गया, जिससे वे अपनी जिम्मेदारियों को और बेहतर तरीके से निभा सकें।

विद्यालय डायरेक्टर दीपक जादोन ने चयनित छात्रों को बैज एवं सैश पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की कोऑर्डिनेटर श्रीमती प्रीति राजपूत ने अत्यंत सफलतापूर्वक एवं सराहनीय रूप से किया।

# गाँव गाँव जाकर सभी अधिकारी योजना की जानकारी आमजन को दे --ओम प्रकाश राजभर

**दैनिक समाज जागरण**



फिरोजाबाद! उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राज , अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग के मन्त्री ओमप्रकाश राजभर ने जनपद के सिविल लाइन स्थित निरीक्षण भवन में आगरा मण्डल के समस्त अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों से गाँव गाँव जाकर पंचायत के माध्यम से आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ योजनाओ का लाभ दिलाने की हिदायत दी है

बैठक में उन्होंने समस्त अधिकारियों से कहा कि आपके द्वारा किये गये कार्य सराहनीय है। किसी को भी कोई परेशानी हो तो वह मुझे अवगत कराएं,

उन्होंने कहा कि हर अधिकारी गाँव का भ्रमण कर ग्रामवासियो से सम्पर्क स्थापित कर उन्हें सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दे। और योजनाओ का लाभ भी पहुँचाये, जिससे हमें योजनाओ के बारे में सफलता प्राप्त हो सके।

उन्होंने कहा अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नये प्रस्ताव बनाये, जिससे उनके द्वारा बनाये गये नये प्रस्ताव को शासन स्तर पर मंजूरी दिलाई जा सके। और उसका लाभ अल्पसंख्यक वर्ग को प्रदान किया जा सके। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को हिदायत दी कि जहां -जहां व्यक्तिगत शौचालय क्षतिग्रस्त अवस्था मे है। उन्हें तत्काल ठीक कराये। साथ ही जहां -जहां पंचायत सहायको की भर्ती लम्बित है। उनकी विज्ञापन निकलवाकर शीघ्र भर्ती कराये। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत शौचालय हर पात्र लाभार्थी के पास हो, एवं जहां बहुउद्देश्यीय पंचायत भवन बन रहे है। उनका निर्माण शीघ्र कराये।

उन्होंने अपर मुख्य अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा , कि आवंटित दुकानों से आमदनी का मद बढ़ाये । बैठक के समय उनके साथ सभी अपर मुख्य अधिकारी , जिला पंचायत राज अधिकारी एवंअल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

# ब्राण्ड एम्बेसडर ने दिलाई विद्यार्थियों को सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने की शपथ

**दैनिक समाज जागरण**

सिरसागंजः- नगर पालिका परिषद, सिरसागंज के अंतर्गत नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती रंजना गुरुदत्त सिंह के निर्देशन में जिला जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के कार्यालय पर नगर पालिका परिषद, सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने की शपथ दिलाई गई।

अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को शपथ ग्रहण कराते हुए बताया कि हम



सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे और अन्य व्यक्तियों को भी प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित करेंगे।उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक वह प्लास्टिक का सामान होता है, जो फेंकने से पहले या पुनर्चक्रण करने से पहले सिर्फ एक बार ही प्रयोग में लाया जाता है। प्रदूषण को बढ़ाने में सिंगल यूज प्लास्टिक का सबसे अधिक योगदान है क्योंकि इनका पुनर्चक्रण नहीं किया जा सकता है। यह प्लास्टिक न तो अपघटित होता है और न ही इसे जलाया जा सकता है। इनके टुकड़े पर्यावरण में जहरीले रसायन छोड़ते हैं,जो कि मनुष्यों एवं जानवरों के लिए अत्यंत हानिकारक होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान में अधिक से अधिक जनमानस को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुकुल कुमार, विशाल, सचिन, रितिक, रोहित, समीर खान, दीक्षा, ऐंजल यादव, खुशी यादव, भावना, स्वीटी तिवारी ने संकल्प लिया।

# सरकारी एंबुलेंस समय से मिल जाती तो बच जाती वृद्ध की जान

**दैनिक समाज जागरण**



फिरोजाबाद स्वशासीय राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित सो सैया वार्ड में भर्ती एक वृद्ध की डायलिसिस होने के बाद एंबुलेंस के इंतजार में जान चली गई परिजनो ने जमकर हंगामा काटा

थाना उत्तर के रानी नगर निवासी वृद्ध केशव शर्मा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित 100 सैया अस्पताल के एम आई सी यू वार्ड में भर्ती थे उन्हें डायलिसिस के लिए जिला अस्पताल के डायलिसिस विभाग में एंबुलेंस द्वारा भेजा गया था जहां डायलिसिस के बाद एंबुलेंस ना होने के कारण वृद्ध वही पड़ा रहा मृतक का भांजा ललित शर्मा का आरोप है उसने कई बार डॉक्टरों से एंबुलेंस भेजने की गुहार लगाई थी परंतु 3 घंटे तक एंबुलेंस ना आने के कारण उसके मामा के केशव शर्मा को उपचार नहीं मिल सका और हालत बिगड़ती चली गई इसके बाद उन्होंने दम तोड़ दिया इधर मौत होने के बाद भी एंबुलेंस नहीं आई गुस्साए परिजनों ने जमकर हंगामा काटा इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसने घटना के संबंध में जानकारी हासिल की और परिजनों को शांत कराया इसके बाद परिजन शव को घर ले गए हैं जिला अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर नवीन जैन से इस प्रकरण में जानकारी चाही तो उन्होंने बताया मुझे इसके बारे में कोई नहीं थी जब जानकारी हुई तो मैं एम्बुलेंस भेजी तब तक परिजन शव को घर ले गए थे

# जायंट्स इंटरनेशनल द्वारा फेडरेशन-5 की द्वितीय काउंसिल बैठक संपन्न हुई।

**दैनिक समाज जागरण**




फिरोजाबाद! रविवार को फिरोजाबाद क्लब में जायंट्स इंटरनेशनल फेडरेशन-5 की द्वितीय काउंसिल मीट संपन्न हुई। मीटिंग का आतिथ्य जायंट्स ग्रुप ऑफ फिरोजाबाद महिला शक्ति ने किया ।

मीटिंग में मेरठ, बहजोई, इटावा, हाथरस, अलीगढ़, मथुरा सहित कई जिलों के जायंट्स पदाधिकारी और प्रतिनिधि शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें मुख्य अतिथि जायंट्स ग्रुप इंटरनेशनल के वर्ल्ड वाइस प्रेसिडेंट एस.पी. चतुवेर्दी, फेडरेशन-5 के अध्यक्ष उमेश गर्ग, फेडरेशन सेक्रेटरी लव कुमार आर्य एवं केंद्रीय समिति सदस्य शिवराज सिंह यादव सुधा चौधरी मुकेश अग्रवाल विशिष्ट समिति सदस्य राजेश बजाज अशोक अग्रवाल उषा यादव कन्हैया खंडेलवाल आदि अतिथियों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि एस.पी. चतुवेर्दी ने अपने संबोधन में कहा, ह्लजायंट्स ग्रुप केवल एक संगठन नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण की जीवंत मिसाल है। हमारी शक्ति हमारे कार्यों में है, और जब सेवा निस्वार्थ होती है, तभी उसका असर समाज में दिखता है।उन्होंने समाज के हर वर्ग तक संगठन की पहुँच बढ़ाने पर जोर दिया और महिला शक्ति ग्रुप के सेवा कार्यों की बहुत ही प्रशंसा की ।

मीटिंग की हॉस्ट ग्रुप अध्यक्ष प्राची अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत उद्बोधन किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया । उन्होंने महिला शक्ति द्वारा

किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया और कहा कि महिला शक्ति ने शिक्षा, स्वास्थ्य और नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में कई प्रभावी अभियान चलाए हैं।

इस मौके पर फेडरेशन अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने कहा कि संगठनात्मक मजबूती तभी आएगी जब जमीनी स्तर पर कार्यों को पूरी निष्ठा से क्रियान्वित किया जाएगा। सेक्रेटरी लव कुमार आर्य ने भी अपने विचार रखे बैठक में उपस्थित समस्त प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर्स यूनिट डायरेक्टर्स फेडरेशन ऑफि सर्स ने अपने क्षेत्रों में किए जा रहे सेवा कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर और फेडरेशन की अवार्ड कमेटी मेम्बर कल्पना राजौरिया ने फेडरेशन के समस्त ग्रुप्स से अपने अपने सेवा कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट भेजनें के निर्देश दिये जिस से सर्वश्रेष्ठ कार्यों के लिए उनको पुरस्कृत किया जा सके। उन्होंने नए ग्रुप जायंट्स ग्रुप ऑफ फिरोजाबाद ग्लास सिटी की स्थापना के बारे में भी बताया। यूनिट डायरेक्टर अनु बंसल ने जिले में स्वास्थ्य शिविर और जनजागरूकता कार्यक्रमों के सफल आयोजन की जानकारी दी और संगठन की भावी योजनाओं को साझा किया। मीटिंग में महिला शक्ति ग्रुप को पूर्व अध्यक्षों के बेहतरीन कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया ।

कार्यक्रम में महिला शक्ति ग्रुप की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सौम्या चौहान, फेडरेशन ऑफिसर रश्मि अग्रवाल सभी ने संगठन की कार्यशैली और सामाजिक प्रभाव को सराहते हुए इसे और व्यापक रूप देने की बात कही ।प्रशासनिक निर्देशिका रीना गर्ग वित निर्देशिका दीपा अग्रवाल और ग्रुप की सदस्याओं शीनू अग्रवाल गौरी बंसल मोनिका गर्ग समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का समापन संगठन के विस्तार, सेवा की गुणवत्ता और सामाजिक सहभागिता बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ। अंत में राष्ट्रगान कर सभी ने स्वल्पाहार लिया!

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जन स्वास्थ्य सेवाओं की नई क्रांति

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़ : जन सामान्य को सुलभ, सस्ती और सशक्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उपकेन्द्र स्तरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्थापना महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल है। यह आरोग्य मंदिर 5000 से 7000 की जनसंख्या पर आधारित होकर, जन समुदाय को उनके घर के समीप गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। जिले में वर्तमान में कुल 289 उपकेन्द्र स्तरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर पूरी सक्रियता के साथ कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक केंद्र पर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता की तैनाती सुनिश्चित की गई है, जोकि समुदाय स्तर पर निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं।



आयुक्त अलीगढ़ मंडल अलीगढ़ संगीता सिंह के निर्देश पर सीएमओ ने बताया कि इन आरोग्य मंदिरों के माध्यम से 12 प्रमुख प्रकार की सेवाएं गर्भावस्था एवं शिशु देखभाल, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल, बाल एवं किशोर स्वास्थ्य,परिवार नियोजन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, संचारी रोगों का प्रबंधन, साधारण बीमारियों का उपचार, गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, संदर्भन एवं फॉलोअप, मुख स्वास्थ्य सेवाएं, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल, नेत्र, नाक, कान संबंधी प्राथमिक सेवाएं, वृद्धजन स्वास्थ्य सेवाएं, आकस्मिक ट्रॉमा सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# सेना किसी के चरणों में नतमस्तक नहीं हो सकती: विवेक बसंल

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**



अलीगढ़ : गत दिनों मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह ने ऑपरेशन सिन्दूर की प्रमुख योद्धा कर्नल सोफिया कुरैशी के प्रति अभद्र एवं निंदनीय भाषा का प्रयोग किया था और अब एक बार फिर मध्य प्रदेश सरकार के ही उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने अपने वक्तव्य से देश के महान नागरिकों और गौरवशाली भारतीय सेनाओं को प्रधानमंत्री मोदी जी के समक्ष उनके चरणों में सिर झुकाने वाला वक्तव्य दिया है। इन वक्तव्यों के चलते समस्त कांग्रेसजनों में और देश के सम्मानित नागरिकों में भारी रोष है। भाजपा नेताओं की इस प्रकार की बयानबाजी को रोकने की मॉग करते हुए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रभारी व पूर्व विधायक विवेक बंसल के नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेसजनो ने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन एसीएम द्वितीय आशुतोष कुमार कोटिया को दिया। ज्ञापन के द्वारा मॉग की गई कि भाजपा नेताओं के इस प्रकार के वक्तव्यों को रोकने के लिए केंद्र सरकार को कठोर निर्देश देने की कृपा करें। इसके साथ-साथ उन्होंने ये भी चेतावनी दी कि अगर हमारी इस मॉग पर कोई कार्यवाही नहीं होती है तो समस्त कांग्रेसजन देश की सेनाओं व देश के नागरिकों के सम्मान की रक्षा के लिए सड़कों पर आन्दोलन करके संघर्ष करेंगे।

इस अवसर पर विवेक बंसल ने कहा कि यह कितना दुखद एवं पीड़ादायक है कि भाजपा के चाटुकरिता पसंद नेतागण इस प्रकार के वक्तव्य दे रहे हैं और भाजपा का उच्च नेतृत्व मूकदर्षक बना हुआ है, जबकि उसका यह कर्तव्य है कि अपने नेताओं और पदाधिकारीयों को इस प्रकार के वक्तव्य देने से रोका जाए। देश की सेना देश के नागरिकों का सुरक्षा कवच है उसके ऊपर देश के पूरे नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी है उस स्थिति में उनके प्रति इस तरह का अपमानजनक वक्तव्य देना सर्वथा निंदनीय है सेना किसी के चरणों में नतमस्तक नहीं हो सकती बल्कि हम सबका कर्तव्य है कि मातृभूमि की रक्षा करने वाली सेना के चरणों में हम सब नतमस्तक हो। इस दौरान जिलाध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह, महानगर अध्यक्ष नावेद खान, पूर्व अध्यक्ष सलाउद्दीन वसी बॉबी, इं विश्वंभर सिंह, पुरनचंद देशमुख, लटूरीमल अग्रवाल, पार्षद विजेंद्र सिंह बघेल, मोहम्मद सोहेल अख्तर,गया प्रसाद गिर्राज, हरेंद्र सिंह, आमिल हुसैन, मोहम्मद जियाउद्दीन राही, शाहिद खान, एम जमाल खान, भूदेव प्रसाद, इरशाद फरीदी, पन्नालाल सुमन, अकील कुरैशी, आनंद बघेल, कफील अहमद खान, सैयद शहजाद हुसैन, पप्पू आजाद, खालिद हाशमी, नादिर खान, अयाज कुरेशी, सुनील कुमार जाटव, कैलाश बघेल, सैफुल्लाह कुरैशी, राजेश कुमार आर्य, महेश गर्ग, नीतेश कुमार, मोहनलाल पप्पू, रईस गाजी, बाबुद्दीन अब्बासी, चौधरी वीरेंद्र सिंह, साजिद बाबू, मोहम्मद सलमान, वसीम अहमद मलिक, शादाब फजल, सुमित कुमार कालू, अतर सिंह, मोहम्मद असलम, हबीब मलीक, अकील अहमद कस्सार, सोमेश चौहान, राकेश चौहान, कुलदीप सिंह उदय अग्रवाल, अकरम अली, हेमेंद्रपाल सिंह, हिमांशु अग्रवाल, मनोज बंसल, गंगा शरण, अशफाक अहमद, हरेंद्र मित्तल, वाजिद अली, नबी हसन, राशिद अली आदि के साथ भारी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जामुनका में उचित दर विक्रेता महिला वर्ग के लिए आवेदन आमंत्रित

अलीगढ़। एसडीएम गभाना विनीत मिश्रा ने बताया है कि ग्राम जामुनका में सामान्य महिला वर्ग में उचित दर विक्रेता की नियुक्ति के लिए लॉटरी के माध्यम से सीधे आवेदन पत्र 21 मई से 10 जून 2025 तक आमंत्रित किये गए हैं। उन्होंने बताया है कि अभ्यर्थी के खाते में कम से कम 40000 रुपया उपलब्ध हों। अभ्यर्थी को आवेदन पत्र के साथ जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थी की आयु 21 वर्ष से अधिक एवं शैक्षिक योग्यता कम से कम हाई स्कूल अथवा उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होनी चाहिये और परिवार में किसी अन्य सदस्य के नाम कोई उचित दर दुकान आवंटित न होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र संलग्न हो। अभ्यर्थी स्थानीय निवासी हो और आवेदन पत्र के साथ 1000 रुपये की अर्नेस्ट मनी बैंक ड्राफ्ट जिला पूर्ति अधिकारी के पक्ष में जमा किया जायेगा। अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई भी अपराधिक मामले पजीकृत न हो और न ही किसी अपराधिक मामले में दण्डित किया गया हो, सबंधी शपथ पत्र लगाएगा। अभ्यर्थी अथवा उसके परिवार के किसी सदस्य के नाम पूर्व में आवंटित उचित दर दुकान अनियमितता के कारण निरस्त न हुई हो और उसके विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत अथवा अपराधिक दण्ड संहिता के अन्तर्गत पारित किसी जघन्य अपराध में विधिक कार्यवाही न हुई हो। ग्राम प्रधान के परिवार के सदस्यों के पक्ष में उचित दर की दुकान के आवंटन नही किया जायेगा। आवेदन पत्र का प्रारूप किसी कार्य दिवस में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी कार्यालय तहसील गभाना बिल्डिंग कमरा नम्बर 27 से प्राप्त किए जा सकते है एवं भरे हुए

# प्रथम डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़ : उत्तर प्रदेश स्कूल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित प्रथम डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन अलीगढ़ प्रतियोगिता का भव्य समापन उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में अंडर 14, अंडर 16 और अंडर 19 आयु वर्ग की टीमों ने भाग लिया और युवाओं ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया।

अंडर 14 वर्ग में श्री राजेंद्र सिंह इंटरनेशनल स्कूल क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि वॉरियर क्रिकेट अकादमी उपविजेता रही। इस वर्ग में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार सचिन बघेल को मिला, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का खिताब सौम्या को मिला तथा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी सचिन बघेल को घोषित किया गया। अंडर 16 वर्ग में श्री डॉट स्कूल की टीम ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि श्री राजेंद्र सिंह क्रिकेट अकादमी उपविजेता रही। इस वर्ग में वेदांश ने सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में दोहरी उपलब्धि हासिल की, जबकि शौर्य सिंह को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुना गया। अंडर 19 वर्ग में एक बार फिर श्री राजेंद्र सिंह इंटरनेशनल स्कूल ने अपने मजबूत प्रदर्शन से विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, और वॉरियर क्रिकेट एकेडमी उपविजेता रही। इस वर्ग में प्रशांत वीर ने सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब प्राप्त किया, जबकि मनीष ठाकुर को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज घोषित किया गया।

# तीन दिवसीय योग एवं आध्यात्मिक शिविर के आयोजन का हुआ भव्य शुभारंभ

ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ दैनिक समाज जागरण।



सोनभद्र। ओबरा सेक्टर नम्बर 10 बाल विद्या निकेतन में 3 दिवसीय भारत सरकार के फिट इंडिया मुहिम के अंतर्गत योग एवं आध्यात्मिक शिविर का हुआ भव्य आयोजन का शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी मधुसूदन जायसवाल, मंच के संरक्षक अशोक यादव एवं प्रशांत सिंह जी दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। धन्वंतरी पतंजलि योग संस्थान एवं सोनांचल सेवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में योग और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाकर 'स्वास्थ्य क्रांति' लाने का संकल्प लिया है। धनवंतरी पतंजलि योग संस्थान के संस्थापक योग गुरु आचार्य अजय कुमार पाठक जी ने बताया की योग और आयुर्वेद चिकित्सा से विभिन्न रोगों जैसे शुगर, कमर दर्द, साइटिका, सिर दर्द, मोटापा, खून की कमी, अर्थराइटिस, और ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर बीमारियों को खत्म किया जा सकता है। मंच के संरक्षक अशोक यादव एवं प्राध्यापक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि धन्वंतरी पतंजलि योग संस्थान एवं सोनांचल सेवा मंच ने राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देकर अत्यंत मजबूर व्यक्तियों को योग शिविर एवं अन्य चिकित्सा पद्धति के शिविर आयोजित कर लाभ पहुंचाने के लिए मंच के माध्यम से नियमित कार्य किये जा रहे है। धनवंतरी पतंजलि योग पीठ के सदस्य प्रशांत सिंह एवं विकाश अग्रहरि ने कहा कि यह संस्थान योग और आयुर्वेद के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्थान एवं मंच द्वारा विभिन्न प्रकार के योग शिविर और आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिनमें लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और उपचार प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम मे मुख्य से जय कुमार सिंह, विनोद श्रीवास्तव, लक्ष्मी नारायण तिवारी, अखिलेश्वर प्रसाद, उपेंद्र यादव, शीतल देवी, रीता शर्मा, मालती, पार्वती आदि मौजूद रहे।

# सुखमय जीवन के लिए हार्टफुलनेस ध्यान जरुरी: एडीजे अर्चना रानी

- 20 महिलाओं ने किया प्रतिभाग
- तीन दिवसीय हार्टफुलनेस ध्यान कार्यक्रम का हुआ आयोजन




ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ दैनिक समाज जागरण।

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज स्थित लायंस क्लब भवन में हार्टफुलनेस ध्यान का तीन दिवसीय कार्यक्रम शनिवार को देर शाम सम्पन्न हुआ। जिसमें एडवांस योगा ट्रेनर्स अनीता गुप्ता सहित 20 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि एडीजे अर्चना रानी ने कहा कि सुखमय जीवन जीने के लिए हार्टफुलनेस ध्यान जरुरी है। हार्टफुलनेस प्रशिक्षक गोपाल ने बताया कि हमारा दिल ही है जो हमारा सही मार्गदर्शन कर सकता है और हार्टफुलनेस का मतलब दिल की आवाज का अनुसरण करना। हम अपने दिमाग की सुनते हैं मगर दिल की आवाज नहीं सुनते हैं। हमारा दिल उस वक्त आवाज देता है जब हमसे कुछ गलत होने वाला होता है। हार्टफुलनेस ध्यान का अभ्यास करते रहने से हम अपने दिल की सुनना सीख जाते हैं तब हम संतुलित, आनंदमय एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने लगते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सभी कार्यों के समाप्ति के पश्चात शाम को हार्टफुलनेस सफाई ध्यान करने से हर समय तारोताजा रहते हैं। रात्रि में सोने से ठीक पूर्व हार्टफुलनेस प्रार्थना के माध्यम से हम अपने आंतरिक स्वर से जुड़ जाते हैं। हार्टफुलनेस ध्यान की पद्धति करीब 80 वर्ष पुरानी है जिसे फतेहगढ़ उत्तर प्रदेश के रामचंद्र जी महाराज द्वारा पुनः खोज कर इस संसार को प्रदान की गई, जिन्होंने प्राणाहुति के माध्यम से ध्यान को सहज बना दिया। इसलिए हार्टफुलनेस को सहज मार्ग भी कहा जाता है। अंत मे प्रतिभागियों द्वारा हार्टफुलनेस ट्रेनर को भेट स्वरूप एक पौधा प्रदान किया गया।

# सोन नदी में डूबे युवक का 24 घंटे बाद भी नहीं मिला सुराग, पुलिस और गोताखोरों की टीम कर रही तलाश

ब्यूरो चीफ/ दैनिक समाज जागरण



चोपन/ सोनभद्र। बीते शनिवार को दोस्तों के साथ सोन नदी में नहाने गए युवक का 24 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस और गोताखोरों की टीम स्टीमर की मदद से लगातार युवक के शव की तलाश कर रही है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक सफलता हाथ नहीं लगी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोपन गांव निवासी विक्की श्रीवास्तव (32 वर्ष) पुत्र गुड्डू श्रीवास्तव शनिवार को अपने कुछ दोस्तों के साथ सोन नदी के छठ घाट पर नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डूब गया। उसके दोस्तों ने तत्काल उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। इसके बाद उन्होंने तुरंत घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कराई। बीती शाम से ही रेस्क्यू अभियान जारी है, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिल पाई है। पुलिस स्थानीय गोताखोरों के जरिए सघन तलाशी अभियान चला रहा है। वहीं प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया ने बताया कि शव की तलाश में रविवार को एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया जिसके बाद युवक की तलाश युद्ध स्तर पर की जा रही है। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लगी हुई है, और मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# विण्ढमगंज पुलिस ने फरार चल रहे, 01 वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

दैनिक समाज जागरण



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अशोक कुमार मीणा के द्वारा अपराध पर प्रभावी रोकथाम लगाने व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी के निकट पर्यवेक्षण/नेतृत्व में आज दिनांक 18.05.2025 को मुखबिरी सूचना पर थाना विण्ढमगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 81/2025 धारा- 69, 115(2), 352 बीएनएस व 67 आईटी एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त राहुल भुईया पुत्र राजकुमार भुईया निवासी ग्राम कालिंजर थाना विण्ढमगंज जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया गया।

# सोन नदी में डूबे युवक का 24 घंटे बाद भी नहीं मिला सुराग, पुलिस और गोताखोरों की टीम कर रही तलाश

ब्यूरो चीफ/ दैनिक समाज जागरण



चोपन/ सोनभद्र। बीते शनिवार को दोस्तों के साथ सोन नदी में नहाने गए युवक का 24 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस और गोताखोरों की टीम स्टीमर की मदद से लगातार युवक के शव की तलाश कर रही है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक सफलता हाथ नहीं लगी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोपन गांव निवासी विक्की श्रीवास्तव (32 वर्ष) पुत्र गुड्डू श्रीवास्तव शनिवार को अपने कुछ दोस्तों के साथ सोन नदी के छठ घाट पर नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डूब गया। उसके दोस्तों ने तत्काल उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। इसके बाद उन्होंने तुरंत घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कराई। बीती शाम से ही रेस्क्यू अभियान जारी है, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिल पाई है। पुलिस स्थानीय गोताखोरों के जरिए सघन तलाशी अभियान चला रहा है। वहीं प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया ने बताया कि शव की तलाश में रविवार को एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया जिसके बाद युवक की तलाश युद्ध स्तर पर की जा रही है। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लगी हुई है, और मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# पुलिस ने कुल 10 वारण्टियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा।

दैनिक समाज जागरण।

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) तथा क्षेत्राधिकारी नगर/क्षेत्राधिकारी ओबरा के आदेश के क्रम में दिनांक 18.05.2025 को थाना रा0गंज ने 05 नफर, थाना ओबरा 03



नफर व थाना चोपन से 02 नफर (कुल 10 नफर) वारंटियों को भिन्न-भिन्न स्थानों से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- 1.रामकेश पटेल पुत्र स्व0 जगत पटेल निवासी पुसौली थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र उम्र-58 वर्ष। 2.राजकुमार पुत्र पन्नालाल निवासी लोढ़ी थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 40 वर्ष। 3.इमरान उर्फ नन्दू पुत्र बुद्धू मिस्त्री निवासी ब्लाक नं0 24 आवास नं0 4 कांशीराम आवास थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र उम्र 23 वर्ष। 4.सुर्यमणी दूबे पुत्र राधेश्याम दूबे निवासी वार्ड नं0 16 बाईपास रा0गंज जनपद सोनभद्र उम्र 37 वर्ष। 5.पंकज दूबे पुत्र सुधाकर दूबे निवासी वार्ड नं0 16 बाईपास रोड रा0गंज थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 35 वर्ष। 06.सोमारू उर्फ राममजतन पुत्र मोहन खरवार निवासी ग्राम धनताड़ा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र 55 वर्ष। 07.रामपति पुत्र मोहन खरवार निवासी ग्राम धनताड़ा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र 58 वर्ष। 08.रिकेश सिंह उर्फ बस्तिया पुत्र विजय कुमार सिंह निवासी सेक्टर 10 नई बस्ती थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 28 वर्ष। 09.बबुन्दर उर्फ सूरज पुत्र रामजस निवासी ग्राम बघनरी टोला बेलदहा थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र करीब 40 वर्ष। 10.रामविलास पुत्र अगरजू निवासी ग्राम बघनरी टोला बेलदहा थाना चोपन सोनभद्र उम्र करीब 45 वर्ष।

# 18 घण्टे से विद्युत आपूर्ति ठप होने से क्षेत्रवासियों में आक्रोश

## आए दिन मौसम खराब होने से विद्युत आपूर्ति हो जाती है बाधित

दैनिक समाज जागरण





दुद्धी/ सोनभद्र। दुद्धी नगर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार दूसरे दिन विद्युत आपूर्ति ठप होने से नगरवासियों में भारी आक्रोश है। न्यू दुद्धी, डूमरडीहा, केवाल, अमवार सब स्टेशन की विद्युत आपूर्ति बीते 18 घंटे तक ठप हो जाने से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बिलबिलाए हुए हैं. शनिवार को तेज आंधी के साथ तड़क गरज के बीच बारिश होने लगी उसी समय से विद्युत आपूर्ति ठप हो गई. आकाशीय बिजली के चपेट में आने से 33 हजार केवीए के कई पोल व जंफर सॉर्ट होने की वजह से प्रभावित हो गई, रात्रि में संविदा विद्युत कर्मचारियों द्वारा कड़ी मेहनत कर भोर में सुबह चार बजे से विद्युत विभाग के टीम ने विद्युत आपूर्ति बहाल कराई. विद्युत आपूर्ति बहाल होने के पश्चात नगर सहित आसपास के क्षेत्र के लोग राहत की सांस ली. इससे पहले हल्का-फुल्का बारिश होने से गर्मी की तपिश से लोग बेचैन थे. लोगों का कहना है कि आए दिन आंधी- पानी हमेशा विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है, इस पर जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए दुद्धी तहसील तथा आसपास के क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से बहाल करने की मांग की है।

# ओबरा इंटर कॉलेज निजीकरण विरोध में ग्रामीणों व छात्रों का फूटा गुस्सा।

## हाथों में काली पट्टी बांधकर डीएवी स्कूल पर किया जोरदार प्रदर्शन।

ब्यूरो चीफ/ दैनिक समाज जागरण।



सोनभद्र। राज्य में शिक्षा संस्थान में अहम स्थान रखने वाले और सोनभद्र की शान कहे जाने वाले ओबरा इंटर कॉलेज का जब से निजीकरण हुआ है तब से छात्रों के साथ स्थानीय लोग मुखर हो गए है। उन्होंने ओबरा इंटर कॉलेज को डीएवी संस्था को दिए जाने पर खुल कर विरोध कर रहे है। इसी सिलसिले में कॉलेज को बचाने के लिए स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ राजनीतिक समूहों ने रविवार को बाहों में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया और राज्य विद्युत उत्पादन निगम के प्रबंधन से तत्काल कॉलेज को पूर्व की भांति निगम प्रबंधन के हाथों में लेने का आग्रह किया लेकिन प्रबंधन के मौन होना लोगों की असमंजस में डाला है। दबी जुबां लोग यह तक कह डाले की निगम प्रबंधन की मिली भगत से ही कॉलेज को प्राइवेट हाथों में देने का कार्य हुआ है। अगर प्रबंधन चाहता तो गरीब बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखकर अपने उच्च अधिकारियों से समस्या का हल निकलवा सकता था।

ओबरा इंटर कॉलेज को निजीकरण से लगभग 40 गावों की जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। क्योंकि उनके बच्चों के लिए स्थापित सबसे कम फीस वाले विद्यालय पर डीएवी संस्था का अवैध नियंत्रण बढ़ता जा रहा है। स्कूल में पढ़ने वालों बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि विद्यालय में जरूरी सुविधाएं कम होती जा रही हैं। शिक्षकों के बिना काम चलाऊ पढ़ाई से बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है, फीस की पूरी जानकारी भी नहीं दी जाती है। कम फीस करके प्रवेश बढ़ा तो लिया जाता है, बाद में मनमानी फीस वसूलने के लिए अभिभावकों को टॉर्चर किया जाता है। विद्यालय की दुर्दशा देखकर जो छात्र टीसी मांगते हैं उन्हें फेल की टीसी मनमानी पूर्वक दी जाती है। अधिकांश बच्चों को अंक पत्र नहीं दिया जा रहा है। शर्त यह है कि बाहर जाओगे तो फेल की टीसी और यही रहोगे तो पास मानकर अगली कक्षा में प्रवेश दे दिया जाएगा। बच्चे समझ ही नहीं पा रहे हैं कि वह फेल हैं या पास। समस्या को लेकर कई बार ज्ञापन दिया जा चुका है, लेकिन सम्बंधित लोगों के कानो पर जूं नहीं रेंगा।

इस गोरखधंधे और भ्रष्टाचार में विद्यालय के कुछ शिक्षक भी शामिल हैं। जिन्हें डीएवी की वफादारी का भरपूर लाभ मिल रहा है। ग्रामीणों की माने तो विद्यालय में प्रयोगात्मक कार्य होता ही नहीं, वाणिज्य वर्ग में प्रवेश बंद कर दिया गया। यहां तक कि प्राइमरी के शिक्षकों से प्रवक्ता का काम लेकर खानापूर्ति की जा रही है, शिक्षक भर्ती न करनी पड़े इसलिए अधिकांश विषयों में प्रवेश ही बंद कर दिया गया। आर्थिक भ्रष्टाचार का बोलबाला चल रहा है। आरओ 2 साल से खराब है, कमरों में साफ-सफाई बिल्कुल नहीं है, बच्चे खुद से ही सीट साफ करते हैं, बिजली बचाने के नाम पर कमरों की लाइट ही काट दी गई है। प्रदर्शन के दौरान कृष्ण कुमार गिरी ने कहा अगर लोकल स्तर से बात नहीं बनी तो सीएम योगी के पास हमलोग जाएंगे। बताते चले की 1 अप्रैल 2023 से ही इस विद्यालय को बचाने के लिए विद्यार्थियों अभिभावकों के साथ-साथ राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधि प्रयासरत है। लेकिन स्थानीय निगम प्रबंधन इस समस्या पर मौन है।समस्याओ से निजात पाने के लिए ग्रामीण और विद्यार्थियों ने निर्णायक जंग का ऐलान कर दिया है और ओबरा इंटर कॉलेज को फिर से पुरानी व्यवस्था में लाने के लिए हर स्तर का प्रयास करने का संकल्प लिया है। देखना बाकी है कि निगम प्रबंधन का यह गलत निर्णय का बदलता है।

मुख्य रूप से पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अमरनाथ उजाला, बहुजन समाज पार्टी ओबरा विधानसभा अध्यक्ष कृष्ण कुमार गिरी उर्फ टाम बाबा, मुन्ना लाल भारती, विनोद कुमार, मंगरु शेरो, राहुल बाबू,सोनू कुमार, दीपू कुमार, मुरली भारती, रोहित कुमार, शोभित कुमार, हनी रंधावा, महावीर भारती, आदि लोग मौजूद रहे।

# महिला थानाध्यक्ष के प्रयास से 03 जोड़ा पति-पत्नी साथ में रहने के लिये हुए राजी।

दैनिक समाज जागरण

सोनभद्र। अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशनुसार जनपद में ह्मिशन शक्तिह नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के क्रम में आज दिनांक 18.05.2025 को महिला थाना रॉबर्ट्सगंज पर



आयोजित परामर्श केन्द्र में थानाध्यक्ष महिला थाना, सविता सरोज मय टीम द्वारा महिला थाना रॉबर्ट्सगंज में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के सम्बन्ध में 06 वैवाहिक जोड़ों की काउंसलिंग की गयी जिसमें से 03 जोड़ा पति-पत्नी की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें सुलझाया गया जिससे पति-पत्नी राजी-खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए, अन्य 03 प्रकरण में अग्रिम तिथि नियत की गयी। काउंसलिंग के दौरान महिला थानाध्यक्ष द्वारा परामर्श केन्द्र में आये दम्पतियों की पारिवारिक सम्बंधी प्रकरणों में उनकी काउंसलिंग की गयी तथा पति-पत्नी को आपस में विवाद को खत्म कर सुलह-समझौता कराते हुए साथ में रहने हेतु प्रेरित किया गया जिससे दोनों जोड़े हंसी-खुशी साथ मे रहने हेतु तैयार हो गये जिसपर पुलिस द्वारा उन्हें उनके आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

# रात में उपभोक्ताओं से बिजली बिल वसूली का मामला गरमाया, आक्रोश

## राम मंदिर कालोनी में 10 बजे रात पहुंचे पीसीएल कर्मचारी घरों में, झड़प

दैनिक समाज जागरण

ओबरा/ सोनभद्र। विद्युत नगरी ओबरा में इन दिनों यूपीपीसीएल कर्मचारियों की मनमानी चरम पर है जो खासा चर्चा का विषय बना हुआ है। शाम ढलने के बाद बिजली के बिल का भुगतान कराने उपभोक्ताओं के घर पहुँचकर बिजली काटने की कार्रवाई कर रहे कर्मचारियों द्वारा दी जा रही धमकी और बिजली काटने से रहवासियों में आक्रोश गहराता जा रहा है। जिसकी वजह से कई जगहों पर उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच झगड़े जैसी स्थिति पैदा हो रही है। ऐसा ही वाकया शुक्रवार की रात लगभग दस बजे नगर के राम मंदिर कालोनी में देखने को मिला। जब आधा दर्जन से अधिक पीसीएल कर्मचारी नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी के घर बिजली का बिल बकाया होने की वजह से बिजली का कनेक्शन काटने जा पहुंचे। जब कर्मचारियों ने बिजली बिल न जमा होने की बात कहते हुए बिजली काटनी चाही तो कर्मचारियों की व्यवसायी और इलाके के अन्य लोगों के साथ तू-तू मैं-मैं शुरू हो गयी। बात इस कदर बिगड़ गयी अन्य लोगों को हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराना पड़ा। नाराज उपभोक्ताओं ने तत्काल इस कार्रवाई पर आक्रोश व्यक्त करते हुए पीसीएल के उच्चाधिकारियों से फोन पर वार्ता कर शाम ढलने के बाद देर रात बिजली काटने की कार्रवाई पर आक्रोश जताया। उपभोक्ताओं का कहना है कि एक माह का बिल आने के कुछ दिनों बाद ही पीसीएल द्वारा की जा रही यह मनमानी उपभोक्ताओं के अधिकारों का हनन है। नियमानुसार इस तरह की कार्रवाई शाम ढलने के बाद नहीं होनी चाहिए। अगर पीसीएल को बिल की वसूली करनी भी है तो दिन के समय कार्रवाई होने से उपभोक्ताओं को बिजली का बिल जमा करने में सहूलियत होगी। वहीं कार्रवाई में शामिल पीसीएल कर्मचारियों का कहना है कि विभाग द्वारा इन दिनों बिजली के बकाया बिलों को जमा कराने का अभियान चलाया गया है। अभियान को लेकर दिशा निर्देशों और नियमों को ताक पर रखकर रात्रि लगभग,10 बजे के करीब वसूली करने पीसीएल कर्मचारी किसके कहने पर पहुंचते है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर उन्हें रात के वक्त भी उपभोक्ताओं की बिजली काटने भेज दिया जा रहा है। जिसके वजह से मौके पर मारपीट की स्थिति पैदा हो जा रही है।

# 50 वर्षीय अधेड़ का पेड़ से लटकता हुआ मिला शव

दैनिक समाज जागरण

दुद्धी/ सोनभद्र। दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के रन्नू गांव में रविवार को सुबह चिलबिल के पेड़ पर लटका हुआ शव मिला, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक अधेड़ शिवनाथ गोंड 50 पुत्र जय लाल गोंड़ अपने घर से करीब एक किमी दूर एक चिलबिल के पेड़ से गमछा के सहारे लटकता हुआ मिला. जिसने देखते ही परिजनों सहित ग्रामीणों में हड़कंप मच गई. परिजनों ने फांसी पर लटका हुआ शव देखते ही घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दिया. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए दुद्धी भेज दिया तथा छानबीन में जुट गई।

# दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित किए जाएंगे चिन्हांकन शिविर

अलीगढ़ : दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजनाओं-दिव्यांग पेंशन, शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार, दुकान निर्माण-संचालन योजना, यूडीआईडी, फैमली आईडी, शल्य चिकित्सा, कॉक्लियर इम्प्लान्ट योजना एवं कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण प्रदान करने कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण के लिए आयोजित 20 मई से 03 जून तक चिन्हांकन व परीक्षण शिविर के आयोजन के सम्बन्ध में सभी एसडीएम, बीडीओ, एबीएसए एवं जिला विद्यालय निरीक्षक का आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित चिन्हांकन शिविर में कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण योजनान्तर्गत समस्त पात्र दिव्यांगजनों को समस्त गुणवत्तापूर्ण उपकरण-ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, कान की मशीन, वॉकर, वॉकिंग स्टिक (छडी), दृष्टिबाधितों के लिए स्मार्ट केन (छडी), ब्रेल किट, मानसिक मन्दित बच्चों के लिए एमआर किट, ट्राईसाइकिल कन्वेंशनल लेफ्ट हैंड, एल्बो बैसाखी, डीजी प्लेयर, स्मार्ट फोन, टेबलेट, बीटीई (कान की मशीन) वितरित कर लाभान्वित किये जाने एवं विभाग द्वारा संचालित योजनाओं- दिव्यांग पेंशन, शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार, दुकान निर्माण व संचालन, यूडीआईडी, फैमली आईडी शल्य चिकित्सा, कॉक्लियर इम्प्लान्ट योजना करने के लिए चिन्हांकन शिविर निर्धारित तिथियों में प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक समस्त विकास खण्ड परिसर एवं तहसील कोल में नगर संसाधन केन्द्र नगर क्षेत्र अलीगढ रेलवे रोड कोयले वाली गली अलीगढ में किया जाना है।

जिलाधिकारी ने उक्त के क्रम में निर्देशित किया है कि आप अपने विकास खण्ड एवं तहसील कोल में नगर संसाधन केन्द्र नगर क्षेत्र अलीगढ रेलवे रोड कोयले वाली गली अलीगढ में चिकित्सकों व कर्मचारियों द्वारा शिविर के लिए समस्त आवश्यक व्यवस्थायें कराने के साथ-साथ अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के माध्यम से सहायक उपकरण के पात्र दिव्यांगजनों को शिविर में उपस्थित होने के लिए सूचित कराना सुनिश्चित करें, जिससे जिले के सभी पात्र दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण से लाभान्वित करने की कार्यवाही की जा सके।

# भारत शांति प्रिय देश है, मगर कमजोर देश नहीं: महंत वेदनाथ महाराज

दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र प्रजापत बहल )

बहल-भिवानी, 18 मई। भारतीय सेना और सैनिकों के पराक्रम को लेकर छोटी काशी के जोगीवाला शिव मंदिर धाम में भारतीय सेना तुम्हें सलाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष सानिध्य जोगीवाला मंदिर के महंत वेदनाथ महाराज का रहा। पिछले 28 वर्षों से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा, सेना और सैनिकों के सम्मान में अलख जगाते हुए आ रही एवं महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को समर्पित नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति व सदाचारी शिक्षा समिति भिवानी द्वारा एक पखवाड़े तक सेना तुम्हें सलाम कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। जिसमें राष्ट्रीय ध्वजों के साथ सेना व महान सैनिकों के शौर्य और सैनिकों के त्याग और बलिदान को सम्मान दिया जाएगा। ताकि आने वाली पीढ़ियों व युवाओं को पता चले कि भारत किस प्रकार की ताकत है और भारत के सैनिक किस प्रकार से ईंट का जवाब पत्थर से देना जानते हैं। जब जब भी पाकिस्तान जैसे दुश्मन देश ने भारत पर नजर टिकाई है तो भारत के सैनिकों ने नापाक नजरों को कुचलने का साहस दिखाया है। उपरोक्त विचार नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति द्वारा शुरू किए गए सेना तुम्हें सलाम कार्यक्रम पर बोलते हुए महंत वेदनाथ महाराज ने कहा कि भारत कोई कमजोर देश नहीं है ,भारत एक शांति प्रिय देश है और साथ में भारत एक ताकतवर देश भी है । जब भी भारत पर किसी ने गलत नजरे जमाई है तो उसका भारत ने जवाब देने का प्रयास किया है । उन्होंने कहा कि भारत युद्ध में विश्वास नहीं करता ,बल्कि भारत अपनी रक्षा के लिए हथियार उठाता है। महंत वेदनाथ महाराज ने कहा कि पहलगाम में जो आतंकवादी हमला हुआ और उस हमले में बहन बेटियों के सुहाग को धर्म पूछ कर छिना गया। इस बड़ी वारदात से पूरे भारत का हृदय छलनी हो गया था। लेकिन भारतीय सेना ने बड़े साहस के साथ पाकिस्तान के 100 किलोमीटर अंदर घुसकर पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों को खत्म किया है । इस लोहे को दुनिया ने देखा है कि भारत किस प्रकार का ताकतवर देश है।

# डिजिटल स्वास्थ्य की दिशा में क्रांतिकारी कदम: ई-संजीवनी ओपीडी

अलीगढ़ : दूरदराज क्षेत्रों के मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श प्रदान करने के लिए ई-संजीवनी ओपीडी टेलीमेडिसिन सेवा के माध्यम से जन समुदाय को एमबीबीएस चिकित्सकों से परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह सेवा जनपदीय चिकित्सालयों, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से संचालित होती है।

स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए 14 प्रकार की निःशुल्क डायग्नोस्टिक सेवाएं हीमोग्लोबिन, प्रेगनेंसी टेस्ट, पेशाब की जाँच, शुगर (मधुमेह), मलेरिया, एचआईवी, डेंगू, सर्वाइकल कैंसर, आयोडीन की मात्रा, जल स्वच्छता, हेपेटाइटिस-बी, फाइलेरिया, सिफलिस, बलगम की जाँच उपलब्ध हैं। इन सेवाओं के प्रभावी संचालन और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में सीएचओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं केंद्र में है। यह अधिकारी समुदाय के स्वास्थ्य की रीढ़ हैं, जो सतत सेवा, परामर्श एवं जागरूकता के माध्यम से जनहित में सतत कार्यरत रहते हैं।

मण्डलायुक्त संगीता सिंह ने जन समुदाय से अपील की है कि वे अपने निकटतम उपकेन्द्र स्तरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर से जुड़कर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं और स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हों।

# दिल्ली भाजपा ने आज उत्तर पश्चिम, नजफगढ़ और नई दिल्ली जिला में निकाली तिरंगा यात्रा

**मुख्य संवाददाता/सुषमा रानी**



नई दिल्ली, 18 मई : दिल्ली भाजपा द्वारा आज लगातार तीसरे दिन जिला स्तर बाहरी एवं उत्तर पश्चिम जिलों में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिनमें उत्तर पश्चिम जिले के सांसद भाजपा महामंत्री योगेन्द्र चंदोलिया, मटियाला एवं द्वारका विधानसभा में सांसद कमलजीत सहरावत और नई दिल्ली एवं करोल बाग विधानसभा में प्रदेश मंत्री एवं नई दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज शामिल हुए।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विधायक सतीश उपाध्याय एवं शिखा रॉय और ऑलंपियन बॉक्सर विजेन्द्र सिंह ने हजारों कार्यकताओं के साथ निकाली गई तिरंगा यात्राओं का नेतृत्व किया।

सांसद योगेन्द्र चंदोलिया ने कहा कि देश बदल रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत हर तरह से सक्षम है। पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देने के लिए भारत ने जिस प्रकार की कार्रवाई की, उसने साबित कर दिया कि अब भारत किसी भी प्रकार के दवाब में नहीं रहने वाला। उन्होंने कहा कि हमारे वीर जवानों ने सीमा पर जिस प्रकार की बहादुरी दिखाई है वह पूरे पाकिस्तान में एक संदेश देने का काम किया है कि भारत अब आतंक के खिलाफ चुप नहीं बैठने वाला है।

कमलजीत सहरावत ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस बात का ऐलान कर दिया है कि अब बात नहीं अब पाकिस्तान की ओर से किसी भी प्रकार की गोलीबारी आतंकी गतिविधि की श्रेणी में आयेगी और भारत उसका मुँह तोड़ जवाब देगा।

सहरावत ने कहा कि यह नया भारत शांति चाहता है, पर आतंक के समूल विनाश के लिए किसी भी सीमा तक जाने को तत्पर है। इस मौके पर विधायक संदीप सहरावत एवं विधायक प्रद्युमन राजपूत और जिला अध्यक्ष रमेश शोखंदा सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रदेश मंत्री एवं सांसद बांसुरी स्वराज ने आज नई दिल्ली विधानसभा में एवं करोल बाग विधानसभा में निकाले गए तिरंगा यात्रा का नेतृत्व को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ भारतीय सेना की ओर से आतंकवाद के खिलाफ एक जवाबी कार्रवाई नहीं थी बल्कि पाकिस्तान को न्यू इंडिया के ताकत का एहसास भी हो गया।

स्वराज ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब लहू और पानी एक साथ नहीं बह सकते। यह नए भारत की उद्घोषणा है—जहाँ उत्तर केवल शब्दों में नहीं, संकल्प और साहस के साथ दिया जाता है। ऑपरेशन सिंदूरह्व भारत की आत्मरक्षा, न्याय और राष्ट्र सम्मान की पुनर्स्थापना का ऐतिहासिक संकल्प है। यह उस चेतना का उद्घोष है जहाँ हर भारतवासी का लहू अब आत्मसम्मान के लिए प्रवाहित होता है।

मालवीय नगर में सिंदूर यात्रा से जुड़े लोगों को सम्बोधित करते हुए श्री सतीश उपाध्याय ने कहा की यह यात्राएं दिल्ली एवं देश के सभी नागरिकों को पहलगाम की पीड़ित बहनों के दुख में शामिल होने का मौका दे रही हैं तो वहीं इन तिरंगा यात्राओं माध्यम से देशवासी आतंकवाद के विरूद्ध संघर्ष को और तेज करने का संकल्प ले रहे हैं।

इसके अलावा ग्रेटर कैलाश से विधायक शिखा रॉय ने सिंदूर यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा न केवल पीड़ित बहनों के प्रति हमारी एकजुटता का प्रतीक है, बल्कि ऑपरेशन सिंदूर में अद्भुत पराक्रम और अटूट साहस का प्रदर्शन करने वाले हमारे वीर जवानों के प्रति हमारी गहरी कृतज्ञता भी व्यक्त करने का माध्यम है।

# अलायंस इंटरनेशनल स्कूल, जैतो में पढ़ाई को बनाया गया रोचक – स्मार्ट बोर्ड और खेलों से बच्चों को मिल रहा नया अनुभव

## हमारा उद्देश्य सिर्फ परीक्षा पास करना नहीं बल्कि बच्चों को ज्ञान के प्रति उत्साहित करना है : जानी -मानी शिक्षा शास्त्री गुरसेवक मान

**मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**



जैतो,18 मई :अलायंस इंटरनेशनल स्कूल, जैतो में शिक्षा के क्षेत्र में एक नया और अभिनव कदम उठाया गया है। अब कक्षा में पढ़ाई सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि छात्रों को स्मार्ट बोर्ड और शैक्षिक खेलों के माध्यम से पढ़ाया जा रहा है।स्मार्ट बोर्ड की मदद से शिक्षक अब वीडियो, एनिमेशन और इंटरएक्टिव क्विज के जरिए कठिन विषयों को भी सरलता से समझा पा रहे हैं। इससे बच्चों की रुचि बढ़ रही है और वे अब पढ़ाई में अधिक सक्रिय भागीदारी दिखा रहे हैं।

*खेलों के जरिए सीखना:*

विद्यालय में पढ़ाई को और भी रोचक बनाने के लिए विभिन्न शैक्षिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इन खेलों के जरिए बच्चों में टीम भावना, तार्किक सोच और समस्या सुलझाने की क्षमता का विकास हो रहा है। जाने -मानी शिक्षा शास्त्री प्रधानाचार्य श्रीमती गुरसेवक कौर मान जी ने बताया, "हमारा उद्देश्य सिर्फ परीक्षा पास कराना नहीं, बल्कि बच्चों को ज्ञान के प्रति उत्साहित करना है। टेक्नोलॉजी और खेल इस दिशा में हमारे सशक्त उपकरण हैं।"

और कहा कि इससे बच्चों की पढ़ाई में रूचि बढ़े है और वे घर पर भी उत्साहपूर्वक विषयों की चर्चा करे।

# परिचालक की सच्चाई आई सामने सरकार के आदेशों की पालना

## मीडिया (पत्रकार) होने का बनाया दबाव, कहा देखलेना पत्रकार हूँ।



कालांवाली (सुरेश जोरासिया) हरियाणा रोडवेज बस यात्री के लिए सुगम व आराम दायक सफर करने के लाभदायक है। दूर दराज ईलाके व गांव- गांव मे जाने के लिए रोड़वेज बस का अहम योगदान है। रोड़वेज बस एक यात्री हो या ना हो रोडवेज बस ने अपने निर्धारित समय पर बस स्टैंड़ पर पहुंचना ही पहुंचाना है। कुछ दिन पहले हरियाणा रोड़वेज बस सुबह 7बजकर 40 मिनट पर जोकि कालांवाली वाया जलालआना से सिरसा पहुंचती है। इस बस में एक वाक्या हुआ एक वरिष्ट नागरिक ने रोड़वेज बस के परिचालक से कहा कि मेरी आयु 61 वर्ष है मेरी आधे किराऐ कि टिकट बना दो। परिचालक विपिन कुमार सी 78 ने वरिष्ट नागरिक से आयु जांचने के लिए पहचान पत्र मांगा तो उन्होंने ने अपना आधार कार्ड दिखा। जिसमे उनकी आयु 61 वर्ष के करीब थी। जिस कारण वह यात्री वरिष्ट नागरिक की श्रेणी मे तो आता है। परंतु हरियाणा सरकार पूर्व मुख्यमंत्री व केन्द्रीय मंत्री माननीय मोहर लाल खट्टर के द्वारा दिशा निदेर्शा 2023 जारी हुऐ। जिसमे 60 वर्षीय महिला और 65 वर्षीय पुरूष मान्य है। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए बस पास बनाया जाया है। जोकि उन्होंने ने नही बनाया हुआ था। उस यात्री ने मुझे कहा मैं मीडिया (पत्रकार) हूँ मेरी आधी टिकट बना। परिचालक विपिन कुमार ने कहा कि आप किस न्यूज पेपर या टीवी चैनल से है अपना पत्रकारिता का आई कार्ड दिखाऐ तो उन्होंने किसी न्यूज पेपर एवं किसी टीवी चैनल के पत्रकार हो उनके पास कुछ भी नही था और ना ही उसने अपना परिचय दिया। वह मेरे ऊपर पत्रकार होने का दबाव बनाने लगा और कहा देख लेना मै पत्रकार हूँ। मैने फिर कहा अपना आई कार्ड दिखाऐं। पहले वाले ने मेरा आधा किराया लिया हैं। परिचालक विपिन कुमार ने कहा कि मै सरकार के आदेशों की पालना कर रहा हूँ। किराया पुरा लेकर टिकट बना कर दी है। परिचालक ने कहा पहले वाले पर दबाब बना दिया मैं तो सरकार के नियमों कि पालना करता हूँ। अगर मै गलत हूँ तो विभाग मेरे ऊपर कार्यवाही करेगा अगर मैं सही हूँ। तो मै विभाग से न्याय कि मांग करता हूँ। यात्री पर उचित कार्यवाही कि जाऐ और सरकार को बदनाम करने किया जा रहा है। यात्री ने मेरे विरूध मानीनय मुख्यमंत्री, एव परिवहन मंत्री जी को सोसल मीडिया एवं न्यूज पेपर के माध्यम से शिकायत कि। पत्रकार साथीयों ने भी प्रशासन से मांग कि है कि जो फर्जी पत्रकार घूम रहे है और सोसल मीडिया पर अपने आपको पत्रकार के नाम से ऑकाऊट बना रखे है उन्हें तुरंत प्रभाव से स्थाई तौर पर बंद किया जाऐ और फर्जी पत्रकार के विरूध सख्त कार्यवाही कि जाऐ। इस प्रकार के व्यक्ति पत्रकारिता की छवी धूंधली व मलीन कर रहे है।

# यमुना सफाई अभियान को कर रहा चंद जल बोर्ड कर्मियों की लापरवाही प्रभावित: रणबीर सिंह सोलंकी



नई दिल्ली, दिनांक - फेडरेशन ऑफ साउथ एंड वेस्ट डिस्ट्रिक्ट वेलफेयर फोरम के चेयरमैन एवं समाजसेवी श्री रणबीर सिंह सोलंकी ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि दिल्ली जल बोर्ड के कुछ कर्मचारियों की मनमानी और लापरवाही के चलते यमुना सफाई अभियान पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

श्री सोलंकी के अनुसार, द्वारका सेक्टर-3 स्थित आदर्श अपार्टमेंट के समीप पालम ड्रेन में अनधिकृत रूप से सीवर का गंदा पानी छोड़ा जा रहा है। यह पानी विभिन्न कॉलोनियों से गाड़ियों और नालों के माध्यम से ड्रेन में डाला जा रहा है, जिससे आसपास का पर्यावरण गंभीर रूप से प्रदूषित हो रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में कई शिकायतों के बाद इस गतिविधि को रोका गया था, लेकिन हाल ही में यह फिर से आरंभ हो गई है।

पालम ड्रेन का उपयोग आमतौर पर वर्षा जल निकासी के लिए किया जाता है, जो आगे चलकर यमुना नदी में मिलता है। वर्तमान में सरकार यमुना की सफाई हेतु करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, परंतु कुछ गैर-जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह प्रयास निष्फल होता प्रतीत हो रहा है।

स्थानीय नागरिकों द्वारा दुर्गंध और प्रदूषित वातावरण की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। श्री सोलंकी ने बताया कि इस गंदे पानी के कारण अपार्टमेंट में रहने वाले बुजुर्गों और बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। श्री सोलंकी ने जल बोर्ड के कार्यकारी अधिकारी, मुख्य अभियंता एवं माननीय मुख्यमंत्री से अपील की है कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा दोषी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि दिल्लीवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

# जमात-ए-इस्लामी हिंद के उपाध्यक्ष प्रो सलीम इंजीनियर ने हैदराबाद अग्नि त्रासदी पर गहरा दुख व्यक्त किया

**मुख्य संवाददाता/ सुषमा रानी**



दिल्ली 18मई: जमात-ए-इस्लामी हिंद के उपाध्यक्ष प्रो सलीम इंजीनियर ने हैदराबाद के चारमीनार के पास लगी भीषण आग पर गहरा दुख व्यक्त किया, जिसमें 8 मासूम बच्चों सहित 17 लोगों की जान चली गई।

मीडिया को दिए गए एक बयान में, जेआईएच उपाध्यक्ष ने कहा, "गुलजार हाउस में हुई दुखद घटना से हम बहुत दुखी हैं, जहाँ एक आवासीय-सह-व्यावसायिक इमारत में आग लगने के कारण 17 लोगों की जान चली गई, जिनमें कई बच्चे और बुजुर्ग नागरिक शामिल थे। हमारी हार्दिक संवेदनाएँ शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। हम घायलों और उपचाराधीन लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी प्रार्थना करते हैं। हम तेलंगाना सरकार और नागरिक अधिकारियों से पूरी तरह से पारदर्शी जाँच करने और सुरक्षा उल्लंघनों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं।"

प्रोफेसर सलीम इंजीनियर ने कहा, "यह बेहद दुखद है कि अग्नि सुरक्षा मानदंडों की अनदेखी जारी है। आग पर काबू पाने में देरी, संकरी गलियों तक पहुंच की कमी और नुकसान की भयावहता प्रणालीगत लापरवाही को दशार्ती है। हालांकि अधिकारियों ने स्काईलिफ्ट और फायर रोबोट जैसे आधुनिक उपकरण तैनात किए हैं, लेकिन नुकसान के पैमाने पर भीड़भाड़ वाले शहरी क्षेत्रों में आग से निपटने की तैयारियों का गंभीर राष्ट्रव्यापी ऑडिट करने की जरूरत है। हम मौजूदा अग्नि बुनियादी ढांचे का ऑडिट करने, उन्नयन की सिफारिश करने और सभी आवासीय और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानदंडों के सख्त कार्यान्वयन पर जोर देने के लिए पूर्व डीजी - फायर सर्विसेज और सिविल डिफेंस के नेतृत्व में एक राष्ट्रीय आयोग की अपनी मांग दोहराते हैं।"

# शिवालिक पब्लिक स्कूल, जैतो में छात्र संसद चुनाव सफलतापूर्वक सम्पन्न

## ऐसे चुनाव छात्रों में जवाबदेही, सहयोग व लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत समझ पैदा करते हैं : सरबजीत सिंह

**मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**



जैतो, 18 मई : लोकतंत्र के प्रति विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से शिवालिक पब्लिक स्कूल जैतो में विद्यार्थी संसद चुनाव का आयोजन किया गया।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान छात्रों ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, खेल प्रभारी व अन्य पदों के लिए उम्मीदवार खड़े किए। प्रत्येक उम्मीदवार ने अपना चुनाव अभियान चलाया और अपनी नीतियों और उद्देश्यों को अन्य छात्रों के समक्ष प्रस्तुत किया।चुनाव से एक सप्ताह पहले छात्र उम्मीदवारों द्वारा चुनाव अभियान शुरू किया गया। सातवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने मतपत्र के माध्यम से मतदान किया। चुनाव पूरी तरह से गुप्त मतदान के माध्यम से आयोजित किये गये थे और परिणाम घोषित होने पर छात्रों में काफी उत्साह था।इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल सरबजीत सिंह ने कहा, "ऐसे चुनाव छात्रों में जवाबदेही, सहयोग और लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूत समझ पैदा करते हैं।"चुनावों की देखरेख शिक्षकों की एक विशेष टीम द्वारा की गई और पूरा माहौल उत्साहपूर्ण थाइस अवसर पर ट्रक यूनियन जैतो के अध्यक्ष हरसिमरन मल्होत्रा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देने के लिए पहुंचे और स्कूल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जानकारी मिलेगी।

विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री अश्वनी कुमार गर्ग, श्री अशोक कुमार गर्ग, सरदार जगमेल सिंह, श्री गौरव गर्ग व श्रीमती दीपी गर्ग ने कहा कि छात्र संसद के गठन से विद्यार्थियों को यह सीखने का अवसर मिलता है कि अच्छा नेता वह होता है जो सबकी सुनता है, सबको साथ लेकर चलता है तथा ईमानदारी से काम करता है। उन्होंने सभी उम्मीदवारों को शुभकामनाएं दीं और सभी छात्र मतदाताओं से समझदारी से मतदान करने तथा एक अच्छा नेता चुनने का आग्रह किया।

# पैडिंग इंतकाल मामला: पंजाब सरकार ने 5 जिलों के डीसी को तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए

**रघुनंदन पराशर समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

चंडीगढ़,18 मई : पंजाब सरकार के बार-बार आग्रह के बावजूद लोगों की संपत्ति हस्तांतरित न करने वाले राजस्व अधिकारियों, तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है। राजस्व विभाग के अतिरिक्त प्रधान सचिव अनुराग वर्मा ने पांच जिलों के उपायुक्तों को पत्र लिखकर समय सीमा से अधिक म्यूटेशन लंबित रखने वाले तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। वर्मा ने पत्र में स्पष्ट रूप से कहा है कि लंबित दाखिल खारिज को पूरा करने के लिए पांच वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित करने के बावजूद दाखिल खारिज अभी भी लंबित हैं। उन्होंने उपायुक्तों को लंबित म्यूटेशनों की जानकारी 19 मई को सुबह 11 बजे तक भेजने का निर्देश दिया है, ताकि संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जा सके। साहिबजादा अजीत सिंह नगर (मोहाली) की जीरकपुर तहसील में 95, डेराबस्सी में 94 और खरड़ में 48 म्यूटेशन पेंडिंग हैं। इसी तरह लुधियाना जिले की साहनेवाल तहसील में 67, लुधियाना पश्चिम में 59 और पायल तहसील में 54 म्यूटेशन मामले लंबित हैं।

अमृतसर जिले में अमृतसर-2 तहसील में 105, अमृतसर-1 में 41 और बाबा बकाला में 26 दाखिल खारिज लंबित हैं। जालंधर जिले की तहसील जालंधर-2 और जालंधर-1 में क्रमशः 25 और 21 म्यूटेशन हैं। इसी प्रकार, श्री मुक्तसर साहिब की गिद्दड़बाहा तहसील में 33 इंतकाल लंबित हैं। हाल ही में अतिरिक्त प्रधान सचिव ने उपायुक्तों को पत्र लिखकर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक तहसीलों में अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा था। बताया जा रहा है कि सरकार को तहसीलों में भ्रष्टाचार और जनता की असुविधाओं की सबसे ज्यादा शिकायतें मिल रही हैं, जिसके चलते सरकार राजस्व अधिकारियों को सबक सिखाने के मूड में है।

# गेंहू की खरीद बंद, मंडियों में उठान न होने से सड़ रहा है गेंहू



कालांवाली (सुरेश जोरासिया) गेहूं की सरकारी खरीद का सीजन समाप्त हो गया है। प्रदेशभर में सबसे अधिक गेहूं खरीदने वाला जिला इस बार सिरसा रहा है। अतिरिक्त अनाज मंडी कालांवाली हजारों क्विंटल गेंहू खुले आसमान मे पड़ा हैं ' बीते दिनों मे मौसम ने करवट ली और इंद्रदेव प्रसन्न हुए और छम छम बारिश हुई इस बारिश में किसानों की फसल पूरी तरह भीगने के बाद आनंद-फानन में कर्मचारियों ने गेहूं को सुखाने का कार्य किया। परंतु जितना वह सूखा अगले दिन फिर बारिश होने से गेहूं अधिक भीग गया ।जिसके चलते अतिरिक्त अनाज मंडी कालांवाली में सैकड़ो क्विंटल गेहूं सड़ रहा है और व्यापारियों एवं कर्मचारियों के मिली भुगत से उनके सड़े हुऐ गेहूं को गट्टों में भी भरा जा रहा है सूत्रों से की मिली जानकारी के अनुसार व्यापारियों अधिकारीयों की मिली भुगत से सरकार को चूना लगाया जा रहा है। कालांवाली की अतिरिक्त अनाज मंडी में गेहूं इतना सड़ चुका है की अनाज मंडी में से गुजरना भी मुश्किल हो गया हैं' फफूंदी लगा हुआ गेहूं को बैगों में भरा जा रहा है' मजदूर भी मुंह ठक्कर कार्य करने को मजबूर हैं' इधर गेहूं की खरीद बंद होने के बावजूद सरकार की ओर से 72 घंटे में किसानों का भुगतान करने के दावे की पोल खुलती नजर आ रही है' किसानों अपनी राशी का इंतजार कर रहे है' उन्हें क्या पता की अभी तक गेंहू का उठान ही नही हो पाया है' उठान नहीं होने के कारण किसानों की पेमेंट का भुगतान नहीं किया गया है। अब तक उठान चल रहा हैं अभी भी 70 फीसदी खरीद केंद्र पर गेहूं बैग भरे हुए मिल रहे हैं। जब तक गेहूं का उठान नहीं होता तब तक गेहूं की पैमेंट किसानों के खाते में नहीं आएगी। सड़े हुए गेहूं खराब होने की जिम्मेवार कौन खरीद एजेंसी, व्यापारी या ट्रांसपोर्ट' व्यापारी विनोद कुमार पुत्र नाराता कालांवाली ने बताया कि खरीद एजेंसी के द्वारा देरी से उठान के कारण खराब सैकड़ों क्विंटल गेहूं सड़ चुका है' अधिकारीयों का ध्यान इस नही है' मैं विनोद कुमार पुत्र नाराता दुकान नं०103 कालांवाली प्रशासन से मांग करता हूं ' कि मेरी गेहूं 22% खराब हो गई है । गेहूं 23 अप्रैल 2025 को लरहउ द्वारा लिखी गई थी परंतु उठान के लिए बिलकुल तैयार थी देरी करने के बाद भी गेहूं समय से नहीं उठाया गया ओर बारीश से 22% गेहूं का नुकसान हुआ । इसके लिए HSWC ही जिम्मेदार है इसलिए HSWC से मुझे मुआवजा दिलवाया जाये।

वर्जिन मार्केट कमेटी सचिव विकास कुमार मार्केट कमेटी के सचिव विकास कुमार से इस बारे मैं बताया कि उत्थान में देरी हुई है शीघ्र कर ही इसका समाधान कर लिया जाएगा सड़े हुए गेहूं के बारे में बताया कि अगर इस प्रकार की कोई कमियां पाई जाती हैं तो व्यापारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

# बलबीर ने महिला को जरूरी कागजात और 22000 सहित पर्स लौटाकर कर दिया ईमानदारी का परिचय

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र प्रजापत बहल )**

बहल, 18 मई। यदि बुराई एक मिनट में 100 कोस तक जाती है तो अच्छाई का भी पहुंचना जरूरी है। गांव सिधनवा निवासी मत्स्य अधिकारी बलबीर सिंह ने ईमानदारी का परिचय देते हुए कीमती कागजात और करीब 22000 से भरा पर्स संबंधित महिला को फोन करके लौटाया। यह बताना जरूरी है कि गांव नूनसर निवासी सज्जन सिंह यादव दिल्ली पुलिस में नौकरी करते हैं। दो रोज पहले सज्जन सिंह की पत्नी सुषमा यादव घर आई थी, दिल्ली से आते समय वह ओबरा में एक रेहड़ी पर सामान लेने लगी और वहीं पर अपना पर्स भूल गई। उसके कुछ देर बाद मत्स्य अधिकारी बलबीर सिंह उसी रेहड़ी पर सामान खरीदने के लिए पहुंचे। वहां पर उसने महिला पर्स रखा दिखाई दिया। इस पर उसने रेहड़ी संचालक से पर्स के बारे में जानकारी ली तो रेहड़ी संचालक ने भी पर्स से संबंधित अनभिज्ञता जताई। इस पर बलबीर सिंह ने पर्स को खोलकर देखा तो उसमें करीब 22000 और कुछ जरूरी कागजात थे। एक कागज पर फोन नंबर था, उस फोन नंबर पर संपर्क किया और महिला को उसके पर्स के बारे में बताया। महिला को उसका पर्स लौटाया। पर्स मिलने पर सुषमा यादव ने बलबीर सिंह का बहुत ही आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि पैसों से अधिक कीमती इसमें रखे जरूरी कागजात थे। आज ऐसे बहुत कम लोग हैं जिनमें अभी भी ईमानदारी जिंदा है।

# कमलजीत सहरावत ने विकासपुरी में लगभग पांच हजार वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया

**मुख्य संवाददाता/सुषमा रानी**

नई दिल्ली, 18 मई : दिल्ली भाजपा की महामंत्री एवं सांसद कमलजीत सहरावत की उपस्थिति में आज विकासपुरी के गोल्डन एप्पल बैंक्विट हॉल में वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लगभग पांच हजार से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। पूर्व विधायक ओ.पी. बब्बर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।



भाजपा संगठन द्वारा आयोजित आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम में मुख्य रुप से वरिष्ठ नेता एवं कार्यक्रम संयोजक राजीव बब्बर, पश्चिमी जिला अध्यक्ष चन्द्रपाल बक्शी, निगम पार्षद हरिश ओबरॉय, महामंत्री श्वेता सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश खन्ना, सचिन भसीन, सत्यनारायण डंग इत्यादी नेता उपस्थित थे। कमलजीत सहरावत ने मोदी सरकार की इस कल्याणकारी योजना का लाभ सभी के लिए बताते हुए कहा कि बुजुर्ग लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड एक संजीवनी बूटी की तरह है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रिय आयुष्मान वय वंदना योजना के अंतर्गत यह कार्ड 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग लोगों को वितरण किये गये।

कमलजीत सहरावत ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत दिए जा रहे 5 लाख के स्वास्थ्य सुरक्षा के अतिरिक्त दिल्ली सरकार भी 5 लाख का टॉप-अप कवर प्रदान करेगी। इस तरह प्रत्येक लाभार्थी को कुल 10 लाख तक की स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध होगी, जो देशभर में एक मिसाल है।

उन्होंने कहा कि अब बीमारी आर्थिक बोझ नहीं बनेगी, दिल्ली के नागरिक बेझिझक और बिना किसी बाधा के अपना इलाज करा सकेंगे, दिल्ली और भारत के अन्य राज्यों में भी सूचीबद्ध अस्पताल में यह सुविधा मिलेगी, जिससे इलाज की गुणवत्ता और पहुंच दोनों सुनिश्चित होंगी। यह योजना न सिर्फ. स्वास्थ्य सुरक्षा है, बल्कि हर परिवार को सम्मान और आत्मविश्वास देने वाला कदम है।

# लक्ष्य गोयल ने 12वीं में 97% अंक लाकर गोयल परिवार का नाम रोशन किया

**रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**



जैतो, 18 मई : सी.बी.एस.ई. बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के नतीजों में लक्ष्य गोयल पुत्री श्री दविंदर कुमार निवासी आर.वी. शांति नगर जैतो ने 12वीं कक्षा के कॉमर्स स्ट्रीम में 97% अंक प्राप्त करके पूरे गोयल परिवार जैतो का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के पीछे लक्ष्या के माता-पिता और उसके शिक्षकों का बहुत बड़ा योगदान है। लक्ष्य गोयल को इस उपलब्धि पर डीएवी स्कूल कोटकपूरा के प्रिंसिपल राजवीर सिंह कंग व उनके अध्यापकों ने बधाई दी तथा भविष्य में और अधिक मेहनत करके अपने माता-पिता का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया।

# पंजाब सरकार का बड़ा फैसला

## 2 निलंबित सतर्कता अधिकारी बहाल

**दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो प्रमुख**



जैतो, 18 मई : पंजाब सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए दो निलंबित विजिलेंस अधिकारियों को बहाल कर दिया है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में ड्राइविंग लाइसेंस घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पंजाब सरकार ने विजिलेंस ब्यूरो के प्रमुख एस.पी.एस. परमार को तत्काल निलंबित कर दिया गया। राज्य सरकार ने विजिलेंस प्रमुख, एसएसपी विजिलेंस स्वर्णप्रीत सिंह और एआईजी हरप्रीत सिंह को निलंबित करने के आदेश भी जारी किए थे। अब गृह सचिव आलोक शेखर द्वारा ए.आई.जी. और एसएसपी.को पुनः बहाल कर दिया गया है ।जारी आदेशों में उन्हें अपने पद पर बहाल होने को कहा गया है।

# आज निकाली जाऐगी तिरंगा यात्रा



कालांवाली (सुरेश जोरासिया) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर कालांवाली शहर मे तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी' तिरंगा यात्रा के संयोजक समाजसेवी व प्रधान चरणदास चन्नी ने बताया कि आज सांय 5 बजे मार्किट कमेटी कालांवाली शुरूआत कि जाऐगी' उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा भारतीय जनता पार्टी के गणमान्य व धार्मिक संस्था के प्रतिनिधि विशेष तौर पर पहुंच रहे है' यात्रा की अगुवाई जिलाध्यक्ष रेणु शर्मा व राजिंदर देसुजोधा करेगे'

चरणदास चन्नी ने बताया कि इस यात्रा में सभी गणमान्य, राजनितिक दलों सभी समाजसेवी सम्मानित प्रतिनिधिगण एवं विधानसभा कालावाली क्षेत्र के देवतुल्य नागरिक सहभागी रहेंगे' उन्होंने समस्त नगर वासियों से अपील की कि इस तिरंगा यात्रा में बढ़ चढ़ कर लोग भाग लें

# श्री बालाजी धाम गाँव डोभ पर पहुँची 37वीं पैदल ध्वजा

## श्री बालाजी धाम गाँव डोभ में प्रत्येक रविवार को लगाया जाता है निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर : पुरुषोत्तम दास बंसल

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र प्रजापत बहल )**

बहल- रोहतक 18 मई भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम गाँव डोभ के संस्थापक प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रत्येक रविवार को शनि देव मित्र मण्डल तेज कॉलोनी रोहतक एवं भक्तजनों द्वारा श्री दुर्गा भवन मंदिर भिवानी स्टैंड से सुबह 8:30 बजे पैदल ध्वजा यात्रा श्री बालाजी धाम डोभ के लिये चलती हैं धाम पर संकीर्तन, स्वास्थ्य जाँच शिविर व कढ़ी चावल भंडारे एवं मीठे पानी की छबीली लगाई गई श्री दुर्गा भवन मंदिर से प्रधान जी ने ज्योत प्रचण्ड कर के यात्रा कि शुरूआत की सभी हाथ में ध्वजा लिये जय श्री राम के जयकारे लगाते हुये श्री बालाजी धाम डोभ पहुँचे रास्ते में भक्तों के लिये दो जगह जलपान और नास्ते का प्रबंध किया जाता हैं जगदम्बा ट्रेक्टर ने भक्तों के लिए चाय नास्ता, फ्रूट का प्रबन्ध किया जाता हैं मन्दिर से भक्तों की वापसी के लिये निःशुल्क ऑटो उपलब्ध करवाई जाती हैं साथ ही प्रत्येक रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जाता है जिसमे आंख जाँच, दांत जाँच, फिजियोथेरेपिस्ट, मेडिसिन और देशी वैध द्वारा इलाज किया जाता हैं जिसमे सभी प्रकार कि दवाईयां और चश्मे निशुल्क दिये जाते हैं साथ ही बालाजी महाराज का सुन्दर संकीर्तन हुआ जिसमे मोहन आर्य, विनोद गुप्ता,पूनम सैन रोहतक,अमित कौशिक डोभ ने सुन्दर सुन्दर भजनों का गुणगान किया साथ ही रिंकू महादेव द्वारा सुन्दर सुन्दर झाकियों प्रस्तुत की गई

# 10 को पुराने आम के वृक्ष को काटकर कर दिया सुखा दिया

**दैनिक समाज जागरण**

चंदिया ।एक तरफ शासन प्रशासन वनों की रक्षा हेतु नियम कानून बनाया है और वन एवं हरे वृक्ष की कटाई के लिए ऐसा कृत्य करने वालों पर कार्यवाही भी की जाती है। वहीं दूसरी तरफ जिले में ऐसे लोग हैं जो की नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए कई दशक पुराने वृक्षों की कटाई भी कर रहे हैं ऐसा ही मामला उमरिया जिले के चंदिया रेंज अंतर्गत नरवर बीट में देखने में आया है जहां मोहन यादव पिता लभई यादव ग्राम बहेरवाह नरवार 50 साल पुराने आम के पेड़ को किल्हाड़ी से चमड़ी काट दिए जिससे आम सुख गया है। इस संबंध में अभी तक चंदिया क्षेत्र के वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है।

# पकरिया पंचायत के श्रमिक नगर में तीन महीने से नहीं हुई सफाई, कचरे से पटे घरों के बाहर-भीतर

### लोगों की शिकायतों पर भी नहीं जागा पंचायत प्रशासन

**समाज जागरण**

अनूपपुर। ग्राम पंचायत पकरिया के श्रमिक नगर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि बीते तीन महीने से यहां कोई सफाईकर्मी नहीं आया। हालत ये है कि कचरा अब घरों के भीतर तक पहुंचने लगा है। जगह-जगह गंदगी का अंबार लगने से संक्रमण फैलने का खतरा



बना हुआ है, लेकिन पंचायत प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि कई बार सरपंच और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हर तरफ फैले कचरे के कारण बदबू और मच्छरों ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। रविवार शाम करीब 4 बजे मोहल्ले के लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अब कॉलोनी में रहना भी मुश्किल होता जा रहा है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सफाई व्यवस्था बहाल नहीं की गई, तो वे जनपद कार्यालय का घेराव करेंगे। कॉलोनी के बुजुर्गों और बच्चों की सेहत को भी खतरा हो रहा है।

# शहडोल नगर मण्डल की कार्यसमिति की हुई घोषणा

### सरवटे बनी मंडल उपाध्यक्ष

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। भारतीय जनता पार्टी शहडोल नगर मंडल की बैठक नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा की सहमति एवं नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी की अध्यक्षता में नगर की नई कार्यकार्यसमिति की घोषणा की गई। कार्यसमिति में 6 उपाध्यक्ष, 02 महामंत्री, 06 मंत्री के साथ ही अन्य सदस्यों की घोषणा की गई, 06 नगर उपाध्यक्ष में श्रीमती मधु गौतम, ऋतुराज गुप्ता, गोपाल शर्मा, श्रीमती संचिता सर्वटे, राकेश सैनी, सोनू जायसवाल, महामंत्री नागेन्द्र गोले, अनमोल वर्मा को बनाया गया। इसके साथ ही मंत्री की जिम्मेदारी श्रीमती अंजना गुप्ता, राजेश सोनी, श्रीमती सीमा सराफ, राकेश कनौजिया, आयुष पाण्डेय, चन्द्रकांत दुबे सौंपी गई, कोषाध्यक्ष अमन खरया, सह कोषाध्यक्ष प्रयाग महाजन, कार्यलय मंत्री अंकित सराफ, सह कार्यालय मंत्री मोहित कुमार गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी बृजेन्द्र वर्मन, सह सोशल मीडिया प्रभारी आदित्य पाण्डेय को बनाया गया। इसके अलावा मीडिया प्रभारी अमित दुबे, सह मीडिया प्रभारी अजय मोटवानी, कार्यालय प्रभारी प्रदीप गुप्ता, आईटी सेल प्रभारी लवकेश तिवारी को बनाया गया है। इसके साथ ही 36 कार्य समिति सदस्य बनाये गये हैं।

# राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहायक ब्लॉक प्रबंधक को भी दे उच्च वेतनमान का लाभ :हाईकोर्ट।

**दैनिक समाज जागरण**

*अनूपपुर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में कार्यरत सहायक ब्लॉक प्रबंधक को भी उच्च वेतनमान व मेट्रिक्स लेवल 8 के आधार पर दें समस्त लाभ देने के आदेश दिए हैं।हाईकोर्ट में दायर याचिका में माननीय न्यायालय ने आदेशित किया हैं कि याचिकाकर्ता को मेट्रिक्स लेवल 8 के अनुसार पूर्व की भाँति वेतनमान प्रदान करने को आदेशित किया हैं । याचिकाकर्ता गीतांजलि गुप्ता,सीमा पटेल ,कोमल प्रसाद, विकास कुमार,सन्ध्या मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह,अर्चना बाजपेयी,संदीप शर्मा,सुरेश प्रसाद,अर्चना गुप्ता,रमेश मिश्रा, रजनीश सिंह,रामपाल पांडेय,कनीज फतीमा,संजय विश्वास तथा दुर्गेश दाहिया।अनूपपुर की तरफ से एडवोकेट सत्येन्द्र ज्योतिषी ने पक्ष रखते हुए बताया कि याचिकाकर्ता विगत कई सालो से पंचायत एवम् ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत म.प्र.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सहायक विकास खंड प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं।22 जुलाई 2023 संविदा पालिसी के अंतर्गत संविदा पर कार्यरत कर्मचारियो को नियमित कर्मचारी की भांति वेतन/लाभ प्रदान



करने के लिए समकक्षता निर्धारण करने का आदेश किया गया था।जिस आधार पर उनका वेतन निर्धारण किया गया जो नियम विरुद्ध है।04 अक्टूबर 2023 को मिशन में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी की समकक्षता का निर्धारण किया गया जिसमें इनका मेट्रिक लेवल 6 गया जिसके आधार पर जिला प्रबंधक का वेतनमान 9300-34800-2400 जो कि पहले से कम हो गया।सहायक विकास ब्लॉक प्रबंधक कि नियुक्ति के समय 9300-34800-3200 का वेतनमान प्रदान किया जाता था,परंतु 4.10.2023 के आदेश के तहत प्रार्थी गण का वेतनमान कम कर दिया गया।जिला प्रबंधक को मेट्रिक्स लेवल 8 एवम् उच्च वेतनमान 9300-34800-3200 प्रदान करने के लिए अनावेदकगण गणों को अभ्यावेदन दिया गया था,पर कोई कार्यवाही ना होने पर प्रार्थीगणों ने याचिका दायर की प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए माननीय हाइकोर्ट ने आदेश किया है कि मेट्रिक्स लेवल 8 के आधार पर अभ्यावेदन 6 का निराकरण कर वेतन प्रदान करने संबंधी कार्यवाही 90 दिनों के अंदर कर संपूर्ण लाभ प्रदान करें।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास-राज्य मंत्री श्री दिलीप जायसवाल

### राज्य मंत्री ने ग्राम पिपराहा में कौशल उन्नयन प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण केंद्र का किया शुभारंभ

**समाज जागरण**

अनूपपुर - मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जयसवाल ने कहा कि कौशल उन्नयन प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु आयोजित प्रशिक्षण कार्यशालाएं निश्चित ही उन्हें सशक्त बनाएंगी। इस प्रकार की योजनाएं न केवल महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का मार्ग प्रशस्त करती हैं, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से भी सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने कहा कि अनूपपुर जिले के पिपरहा गांव में दरी निर्माण कार्य से जुड़ी महिलाओं को जो प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, वह ग्रामीण महिलाओं के जीवन में एक सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। भविष्य में यह गांव दरी बनाने वाले शिल्पियों के लिए प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा। ऐसी योजनाएं नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं, जो उन्हें न केवल रोजगार प्रदान करती हैं, बल्कि समाज में सम्मानजनक स्थान



दिलाने में भी सहायक सिद्ध होती हैं। राज्य मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने आज अनूपपुर जिले के ग्राम पिपराहा में कौशल उन्नयन प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत 25 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ कर संबोधित किया। हथकरघा विभाग के प्रबंधक श्री शिव शंकर पांडेय ने बताया कि पिपरहा गांव में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कौशल उन्नयन प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत 25 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में 10 दीदियों को प्रतिदिन 3 घंटे तक दरी निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। श्री पांडेय ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक दीदी को 3000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। साथ ही, हथकरघा विभाग द्वारा सभी प्रतिभागियों को आवश्यक कच्चा माल भी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे प्रशिक्षण के दौरान गुणवत्तापूर्ण दरी तैयार करना सीख सकें। प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात दीदियां स्वयं का कुटीर उद्योग प्रारंभ कर सकेंगी, जिसमें वे स्वतंत्र रूप से दरी निर्माण कर सकेंगी। उनके द्वारा निर्मित दरी को हथकरघा विभाग क्रय करेगा, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ प्राप्त होगा और वे स्वावलंबी बन सकेंगी। यह योजना नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक प्रयास है, जिससे ग्रामीण महिलाएं न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर सकेंगी, बल्कि समाज में एक सम्मानजनक स्थान भी प्राप्त करेंगी। इस दौरान दीदियां बड़ी संख्या में ग्रामीण तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर राजू यादव, पत्रकार, समूह की महिलाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था में पत्रकारिता की बड़ी भूमिका- मंत्री दिलीप जायसवाल

### नारद जयंती समारोह में पत्रकारों, साहित्यकारों, कलाकारों और प्रतिभान छात्रों का हुआ सम्मान देवर्षि नारद जयंती स्मारिका 2025 का हुआ विमोचन

**समाज जागरण जितेंद्र शर्मा**

अनूपपुर। मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा है कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में पत्रकारिता को चैथा स्थान प्राप्त है देश की आजादी के समय लोकतंत्र को स्थापित करने में पत्रकारिता ने बड़ी भूमिका अदा की है। महर्षि नारद तीनो लोको पृथ्वी, स्वर्ग व पाताल लोक में मानव कल्याण के लिए संदेश पहुंचाने तथा समन्वय करने में बड़ी भूमिका का निर्वाहन किया है। वह नारायण-नारायण कहकर अपनी बात को रखते थे, जिससे मानव कल्याण होता था मंत्री दिलीप जायसवाल ने उक्ताशय के विचार जमुना- कोतमा क्षेत्रीय पत्रकार संघ द्वारा बंकिम बिहार सभागार जमुना में आयोजित



महर्षि नारद जयंती के परिपेक्ष में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के आसंदी से संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान, एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी, एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी, ईगांराजविवि अमरकंटक के पत्रकारिता विभाग की प्राध्यापक डॉ. मनीषा शर्मा, जिपं पीआरओ अमित श्रीवास्तव, अधिमान्य पत्रकार कैलाश पांडेय, राजेश शुक्ला, अमित शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार चैतन्य मिश्रा, संतोष मिश्रा, वीरेंद्र सिंह, विजय उमर्लिया, जमुना कोतमा क्षेत्रीय पत्रकार संघ संयोजक भगवान दास मिश्रा, अध्यक्ष चंदन केवट, पुनीत सेन, नीरज द्विवेदी, पत्रकार, साहित्यकार, शिक्षाविद एवं कला जगत से जुड़े विशिष्ट जन तथा सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। जिन्हें सम्मानित किया गया कार्यक्रम का सफल संचालन सामाजिक संगठक ओंकार सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि नारद एवं मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, पुष्प अर्पण के द्वारा किया गया। मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा की जनकल्याण के लिए सार्थक पत्रकारिता सशक्त पत्रकारिता मानी जाती है। मानव कल्याण के लिए कलम की ताकत का महत्व होता है, उन्होंने कहा की कलम की ताकत से आजादी मिलने में आसानी हुई। उन्होंने इस अवसर पर समसामयिक घटनाक्रम के संबंध में भी विचार रखें। उन्होंने हाल ही में भारतीय सेना की तीनों टुकड़ियों द्वारा किए गए शौर्य पराक्रम की सराहना की तथा संपूर्ण घटनाक्रम को इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित-प्रसारित करने के लिए पत्रकारों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इससे भारत की सैन्य क्षमता की ताकत देखने को मिला। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के संभागीय अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा ने जिला मुख्यालय में पत्रकारों के लिए पत्रकार भवन की मांग मंत्री दिलीप जायसवाल एवं कलेक्टर हर्षल पंचोली से मांग की गई। जिस पर मंत्री ने क्षेत्र के समुचित विकास के लिए भी कृत संकल्प व्यक्त किया तथा जिला मुख्यालय अनूपपुर में पत्रकारों के कार्यक्रमों के लिए एक समुचित सभागार के निर्माण किए जाने के संबंध में भी कार्य करने की बात कही, वहीं कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आगामी आयोजित होने वाली बैठक में पत्रकारों के लिए सभागार हेतु किसी भी मद से पत्रकार भवन बनाये जाने हेतु प्रयास किये जाने की बात कही गई। कार्यक्रम के संयोजक भगवान दास मिश्रा ने स्वागत भाषण में संस्था की गतिविधियों एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता शिक्षाविद डॉ. मनीषा शर्मा ने नारद मुनि के जीवन, पत्रकारिता के आद्य स्वरूप एवं उनकी समसामयिक प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने वर्तमान पत्रकारिता की चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त किए, वहीं पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान ने कानून-व्यवस्था में मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। जमुना कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी ने वेद, उपनिषद एवं पुराणों के माध्यम से नारद को प्रथम संवाददाता सिद्ध करते हुए उनके बहुआयामी व्यक्तित्व को रेखांकित किया। स्थानीय शायर यासीन खोखर ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविता का पाठ किया। नारद जयंती विशेषांक स्मारिका का हुआ लोकार्पण महर्षि नारद जयंती 2025 के परिपेक्ष्य में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में इस स्मारिका- 2025 का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। जिसमें स्थानीय पत्रकारों, साहित्यकारों एवं रचनाकारों की रचनाएं प्रकाशित की गई हैं। सभी पत्रकारों को स्मृति चिन्ह एवं स्मारिका देकर सम्मानित किया गया। सीबीएसई परीक्षा मे उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाओं (दशवीं एवं बारहवीं) में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम के अतिथि मंत्री, कलेक्टर एवं एसपी के कर-कमलों द्वारा सम्मानित किया गया। मातृशक्ति, समाजसेवियों, शिक्षाविदों एवं पत्रकारों की उपस्थिति ने इस आयोजन को अभूतपूर्व सफलता प्रदान की। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन जमुना कोतमा क्षेत्रीय पत्रकार संघ के अध्यक्ष चंदन केवट द्वारा किया

# पीड़ितों की सहायता और अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही का पर्याय कानपुर दक्षिण के डीसीपी दीपेंद्र चौधरी, कई गिरफ्तार

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां साउथ पुलिस की सक्रियता जन समस्याओं की सुनवाई कर उनके समुचित और संतोषजनक निस्तारण के साथ घटनाओं के सटीक खुलासे तथा अपराधियों की अनवरत गिरफ्तारी के अभियान में भी लगातार सफल है। जानकारी के मुताबिक साउथ पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए अब तक जेल भेजे जा चुके दर्जनों अपराधियों के खिलाफ विभिन्न स्थानों में रंगीन धाराओं के अनेक मुकदमे भी दर्ज हैं। साथ ही फरार चल रहे अन्य अपराधियों की तलाश भी लगातार जारी है। अवगत कराते चलें कि अपनी लगातार प्रभावी कार्रवाई से जो साउथ पुलिस आम जनता में भारी राहत और अपराधियों में जबरदस्त दहशत का कारण बनी है। आजकल उस साउथ पुलिस की कमान हर तरह के अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की हर संभव सहायता में भी अग्रणी निष्पक्ष



और पारदर्शी कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तेजतर्रार, व्यवहार कुशल डीसीपी के रूप में आई पी एस दीपेंद्र नाथ चौधरी के हाथ में है। सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए अपनी जुझारू नौकरी के अबतक कार्यकाल में अनेक शातिर सफेदपोस माफिया अपराधियों को जेल की हवा खिला चुके जुझारू डीसीपी आई पी एस दीपेंद्र नाथ चौधरी के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन उन्होंने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया। इसी के साथ डीसीपी आई पी एस दीपेंद्र नाथ चौधरी की कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है ,जिसके अनुरूप ही वह जहां उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता करते हैं। वहीं कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली कहावत चरितार्थ करने से भी नहीं चूकते। यही वजह है कि डीसीपी आई पी एस दीपेंद्र नाथ चौधरी की कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है। और अपनी चुनौती पूर्ण नियुक्ति के बाद से कानून तथा शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई का उनका यह सिलसिला साउथ क्षेत्र में भी लगातार जारी है। जिससे आम जनता जहां भारी रात महसूस कर रही है। वहीं अपराधियों में जबरदस्त दहशत भी व्याप्त है।

# श्री राम महायज्ञ एवं विराट मानस सम्मेलन से राममय हुआ ग्रामीण अंचल

**दैनिक समाज जागरण**

अनूपपुर ।जिले के ग्राम धीरौल में मा सिंहवाहिनी देवी मडिया में आगामी 14 में से 23 में तक श्री राम महायज्ञ एवं विराट मानस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस पुनीत धार्मिक कार्यक्रम में 14 को 10 विधि स्थान श्री महा विष्णु पूजन नगर भ्रमण कलश यात्रा मंडप प्रवेश बेदी निर्माण किया गया विशाल कलश यात्रा में भक्तों की भीड़ उमड़ी और जगह-जगह कलश यात्रा का स्वागत ग्राम वासियों ने किया। 17 से 21 मइ तक वेदी पूजन अरडी मंथन अग्नि पूजन आहूत आरंभ 22 मइ को पूणार्हुति एवं यज्ञ स्नान तथा 23 तारीख को विशाल भंडारा एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न होगा कथा साइन 4:00 बजे से रात्रि 9:00 तक कथा स्थल पर होगी। श्री राम महायज्ञ एवं विराट मानस सम्मेलन में स्वामी पुंडीकाच्छाआचार्य वेदांती जी महाराज श्री धाम वृंदावन 15 से 22 मइ तक,सुश्री आस्था द्विवेदी मानस पीयूष चित्रकूट 15 से 18 मइ तक, सुश्री अखिलेश्वरी देवी मानस माधुरी 19 से 22 मइ तक अपने मुखारविंद से कथा का वाचन किया जाएगा। मा सिंहवाहिनी मंदिर प्रांगण में हो रहे पुनीत धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन भक्तों का सैलाब देखा जा रहा है और सुबह से ही श्री राम महायज्ञ में भक्ति पूरे परिवार सहित भक्ति रस में डूब कर पूजन अर्चन कर रहे हैं और सायं काल मानस सम्मेलन में उपस्थित होकर कथा का श्रवणपान कर रहे हैं।

# समूह की महिलाओं को आर्थिक स्वावलम्बन एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु आम का अचार बनाने का दिया गया प्रशिक्षण

**दैनिक समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। दिनाक 16 मई एवं 17 मई को विकास खण्ड सण्ड़वा चन्द्रिका के अन्तर्गत ग्राम पंचायत महमदापुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) योजनान्तर्गत माँ लक्ष्मी एवं आदि शक्ति महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक स्वावलम्बन एवं आत्मनिर्भर बनाये जाने के उद्देश्य से आम का अचार बनाने का दो दिवसीय प्रशिक्षण खण्ड विकास अधिकारी सण्ड़वा चन्द्रिका के निर्देश के क्रम में ग्राम विकास अधिकारी संजय पाण्डेय ने आयोजित किया। सरकार का उद्देश्य है कि समूह के माध्यम से महिलाओं को समृद्धि की ओर ले जाया जा सके। महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया गया कि किस तरह से आम का अचार तैयार करना है और बाजार में भेजना है, जिससे सभी महिलाएं आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। आम का अचार बनाने का प्रशिक्षण पाकर महिलाओं में रोजगार के प्रति एक नया उत्साह एक भरोसा एवं नयी उम्मीद देखने को मिल रही है। महिलाओं के चेहरे पर खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है। उपस्थित महिलाओं ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री लगातार महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी करते हुए आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। प्रशिक्षण के आयोजक ग्राम विकास अधिकारी संजय पाण्डेय ने बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के सपनों घरातल पर उतारने का कार्य अनवरत कर रहे हैं। इस अवसर पर रिंकी दूबे समूह सखी, शशि मिश्रा बीसी सखी, निशा मिश्रा अध्यक्ष, सुमन मिश्रा, रूचि मिश्रा कोषाध्यक्ष व कविता मिश्रा सचिव आदि उपस्थित रहीं।

# श्री राम यज्ञ एवं श्री राम कथा में उमड़ रही भक्तों की भीड़

**दैनिक समाज जागरण**

बुढार। बुढार जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिछिया में काली मंदिर प्रांगण में 9 मइ से श्री राम महायज्ञ एवं श्री राम कथा का आयोजन चल रहा है। और इस पुनीत धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन भक्तों की भारी भीड़ उमड रही है। सुबह से भक्तजन यज्ञ स्थल पर पहुंचकर पूजन अर्चन कर रहे हैं और स्वयं कल श्री राम कथा में उपस्थित होकर कथा का श्रवणपान कर रहे हैं। व्यास गद्दी से कथा वाचक श्री निशिकांत जी पांडे वृंदावन धाम द्वारा श्री राम कथा का वाचन किया जा रहा है और उन्होंने भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलने के लिए सभी भक्तजन से आवाहन किया। उन्होंने कहा कि श्री राम कथा का श्रवण करने से मनुष्य को पुण्य लाभ की प्राप्ति



होती है इसलिए सभी को श्री राम कथा का श्रवण पान करना चाहिए। कथा का समापन 19 तारीख को संपन्न होगा।

# 6 माह में भी पूर्ण नहीं हो पाया नाली निर्माण

**समाज जागरण**

उमरिया। नगर पालिका उमरिया के अंतर्गतवार्ड क्रमांक 16 कैम्प में नाली निर्माण का काम पिछले 6 माह से हो रहा है,परंतु विभागीय लापरवाही के चलते अभी भी नाली निर्माण का काम अपूर्ण है। नतीजतन अपूर्ण नाली बजबजा रही है,जानवर इसी नाली को तीक्ष्ण गर्मी में आरामस्थली बनाए हुए है,स्थानीय लोगों की माने तो निर्माण स्थल पर खनिज सामग्री भी संबंधित ठेकेदार की पिछले 6 माह से पड़ी हुई है,जो धीरे-धीरे नाली में जाकर नाली को



और भर रही है।कुल मिलाकर अधूरी नाली वार्ड वासियों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन चुकी है।गंदे पानी के जमाव से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है, वहीं विभागीय लापरवाही से स्थानीय स्तर पर आक्रोश भी देखा जा रहा है।निमार्णाधीन नाली निर्माण कार्य को पूर्ण करने कई बार जिम्मेदारों से भी वार्ड वासियों ने निवेदन किया है,परंतु फिलहाल कोई असर नहीं दिख रहा है। सूत्र बताते हैं कि नाली निर्माण को पूर्ण करने में जिम्मेदार अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौन धारण किए हुए हैं जिसके कारण ठेकेदार मनमानी तरीके से कार्य कर रहा है।

# परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में 21 मई से 15 जून के मध्य 03 सप्ताह का लगेगा समर कैम्प

**दैनिक समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों (कक्षा 6-8) में दिनांक 21 मई से 15 जून 2025 के मध्य 03 सप्ताह का समर कैम्प का आयोजन किया जायेगा। प्रतिदिन समर कैम्प की अवधि अधिकतम 03 घण्टे (प्रातः काल 07 बजे से 10 बजे) तक होगी। स्थानीय आवश्यकताओं व परिस्थितियों के दृष्टिगत समर कैम्प की समयावधि का निर्धारण किया जा सकता है। विद्यालयों के शिक्षामित्रो, अनुदेशको एवं स्वप्रेरित शिक्षको द्वारा ग्रीष्मावकाश में बच्चो के साथ समर कैम्प का आयोजन किया जाये। समर कैम्प के विभिन्न गतिविधियों के आयोजन हेतु समुदाय के स्वप्रेरित स्नातक छात्र-छात्राओं, एन०सी०सी० प्रमाण पत्र धारक का ही सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। इसके साथ ही शिक्षको द्वारा स्थानीय स्तर पर सक्रिय स्वैच्छिक संगठनो का सहयोग भी प्राप्त किया जा सकता है। एक समर कैम्प के संचालन हेतु 02 कार्मिक (अनुदेशक एवं शिक्षामित्र) नियोजित किया जायेगा। समर कैम्प के संचालन हेतु उच्च प्राथमिक/ कम्पोजिट विद्यालय में कार्यरत अनुदेशको द्वारा योगदान दिया जायेगा।

# मनरेगा योजनान्तर्गत कार्यरत 101 तकनीकी सहायकों का किया गया स्थानान्तरण

**दैनिक समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। उपायुक्त श्रम रोजगार अश्वनी सोनकर ने बताया है कि आयुक्त ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश के द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजनान्तर्गत विकास खण्डों में कार्यरत तकनीकी सहायकों को न्याय पंचायत स्तर पर रखने हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में 15 मई 2025 को जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा)/जिलाधिकारी द्वारा जनपद के 101 तकनीकी सहायकों को विकास खण्ड के अन्तर्गत न्याय पंचायत स्तर पर तैनाती की गयी है।

# केंद्रीय राज्य मंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा ने 210 किमी लंबे दिल्ली-सहारनपुर-देहरादून एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया

एनएचएआई अधिकारियों को तय समय सीमा में परियोजना पूरी करने और तेजी लाने के निर्देश दिए सड़क परिवहन और राजमार्ग तथा कॉरपोरेट मामलों के राज्य मंत्री, श्री हर्ष मल्होत्रा ने आज भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों के साथ दिल्ली-सहारनपुर-देहरादून एक्सप्रेस-वे के पूरे 210 किलोमीटर के हिस्से का निरीक्षण किया। श्री हर्ष मल्होत्रा ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे की प्रगति पर संतोष जताया और कहा कि यह एक्सप्रेसवे दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) में भीड़भाड़ को कम करने और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और अन्य कनेक्टिंग राजमार्गों पर भार को कम करने में सहायक होगा। मंत्री ने एनएचएआई अधिकारियों द्वारा बताई गई विभिन्न दिक्कतों का संज्ञान लिया और उन्हें परियोजना को निर्धारित समय सीमा में तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया ताकि इसे निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक आम जनता के लिए खोला जा सके।

# चिकित्सा शिविर में दो सौ मरीजों का हुआ निःशुल्क इलाज , मुफ्त दवा वितरण

**समाज जागरण अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी।**



विकास खण्ड हरहुआ के चौका भुसौला प्राथमिक विद्यालय पर रविवार को नेशनल हॉस्पिटल एवं आरोग्य क्लिनिक के संयुक्त तत्वाधान मे निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर एवं दवा वितरण का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से ग्राम प्रधान श्रीमती शिवानी सिंह व उदय प्रताप सिंह द्वारा जनहित में किया गया। स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न रोग विशेषज्ञ ,विभिन्न डॉक्टरों की टीम ने लोगो को परामर्श , निःशुल्क जाँच एवं दवा वितरण किया गया ककार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन से हुआ। स्वागत संस्था के निदेशक डा0 प्रशान्त कुमार पाण्डेय ने अंगवस्त्र , पुष्पगुच्छ व स्मृतिचिन्ह देकर किया। स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्रीय जनसमूह एवं कई गणमान्य सहित गरीब व जरूरतमंद लोग उपस्थित रहें। स्वास्थ्य शिविर में 200 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई।प्रमुख रूप से विशेषज्ञ डॉक्टर टीम में डा0 अविनाश सिंह जॉइंट रिप्लेसमेंट ऑर्थोपेडिक सर्जन, डा0 श्रेया शर्मा एमडी स्त्री प्रसूति रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ डा0 शिवांक दुबे डा0 अलोक एवं डा0 संजीत तथा संयोजक प्रमोद कुमार सिंह शामिल रहे।

# नौकरी के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अतुल सोनी चोलापुर वाराणसी**



नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाला पच्चीस हजार का इनामियां फरार अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। एसीपी सारनाथ विजय प्रताप सिंह के अनुसार सुनीता चौहान पत्नी लाल प्रताप सिंह निवासी ग्राम मुन्डावा थाना पवारा जनपद जौनपुर से अभियुक्त अभियुक्त पारसनाथ पाण्डेय ने अपने साथी संजय चौहान के साथ मिलकर नौकरी लगवाने के नाम पर बारह लाख पचहत्तर हजार रुपया ले लिया, जिसके सम्बन्ध मे मुकदमा पंजीकृत किया गया था। दूसरे मामले में रंजीत सिंह पुत्र रमाशंकर सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट रेडीवीर थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ से वन विभाग मे दरोगा पद की तैनाती के नाम पर अभियुक्तगणों ने लाखों रुपए ले लिये। मामले में एक अभियुक्त संजय चौहान पहले गिरफ्तार कर पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है, दूसरे अभियुक्त पारसनाथ पाण्डेय (51) पुत्र रामदयाल पाण्डेय निवासी तालपुकुर 17 वीटी रोड़ थाना टीटागढ़ निकट बैरकपुर जिला उत्तरी 24 परगना पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार कर रविवार को पुलिस ने जेल भेज दिया। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार गौतम, उनि चन्दन कुमार, उनि अभिषेक पाण्डेय, हेका दीपक पाण्डेय शामिल रहें।

# मनमाने ढंग से सड़क निर्माण होने से किसानों में आक्रोश

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल पिंडरा।**

सिन्धोरा थाना अंतर्गत ग्राम रूपचन्दपुर में लोकनिर्माण विभाग द्वारा सिन्धोरा -मवईया मार्ग से रूपचन्दपुर चौहान बस्ती तक निमार्णधीन रोड निर्माण में किसानों की जमीन बिना मुआवजा दिए मनमाने ढंग से लेने से आक्रोश है। बताते है कि उक्त बस्ती तक जाने के लिए वर्तमान 10 फीट चकरोड के अतिरिक्त दोनों तरफ किसानों की जमीन में ढ़ाई मीटर चौड़ी पटरी का निर्माण करने व सड़क का हिस्सा जहां पहले से भी कोई सड़क नहीं थी वहां पूरा रास्ता किसानों की जमीन में बनाया जा रहा है। जिसका किसानों ने जबरदस्त विरोध किया है। किसानों के खेत को इतना अधिक क्षतिग्रस्त कर दिया है कि उसे समतल करवाने में 20 से 25 हजार रुपए खर्च होंगे। किसानों द्वारा इसकी गुहार जिलाधिकारी, ,अधिशासी अभियंता लोकनिर्माण विभाग व तहसील दिवस पर की गई, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई न होने से आक्रोश व्याप्त है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि न्याय नही मिला तो पीडब्ल्यूडी कार्यालय पर प्रदर्शन कर न्याय की मांग करेंगे।

# लोकजन सोशलिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणसी । बाबतपुर स्थित लोकजन सोशलिस्ट पार्टी कार्यालय पर रविवार को राष्ट्रीय कार्यकारिणी समीक्षा बैठक संपन्न हुई । जिसमें पूर्वांचल समेत कई जिलों से आए जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय कमेटी व प्रदेश कमेटी के पदाधिकारी के द्वारा समीक्षा बैठक की गई और 2026 में जिला




पंचायत चुनाव पर चर्चा हुई। 2027 में 403 विधानसभा (संपूर्ण विधानसभा) में प्रत्याशी उतरने को लेकर चर्चा हुई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विरेंद्र विश्वकर्मा ने अपने पदाधिकारीयों एवं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहाकि आप लोग जिस तरह शोषित वंचित उपेक्षित, पिछड़ी दलित अल्पसंख्यक एवं आदिवासी का अन्य धर्म की लड़ाई लड़ते हैं एवं संघर्ष करते रहे। पार्टी की नीतियों को जन जन पहुँचाने की जरूरत है। इस दौरान अन्य जिले से आए दर्जनो लोगों ने अन्य पार्टियों का दामन छोड़ लोकजन सोशलिस्ट पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन लाल बहादुर विश्वकर्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन पार्टी के संस्थापक एवं संरक्षण राधेश्याम विश्वकर्मा ने दिया।

# कमिश्नर ने गंजारी क्रिकेट स्टेडियम का किया निरीक्षण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।।**



मंडलायुक्त एस. राज लिंगम रविवार देर शाम गंजारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एलएनटी के अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश देने के साथ ही विद्युत एवं जलकल विभाग सीवर निर्माण कार्य में लगे अन्य विभागों के अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य को अभिलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। और कहा की क्रिकेट स्टेडियम के जल्द तैयार होने से वाराणसी के अन्य प्रोजेक्ट के काम में भी तेजी आएगी आगे उन्होंने कहा कि एसडीएम राजा तालाब भी निर्माण कार्य में आ रहे अवरोध को मौके पर पहुंचकर मामले का निस्तारण कर सहयोग करें बरसात का मौसम आने वाला है सीवर ऐसा बनाया की बरसात का पानी निर्माण कार्य में अवरोध उत्पन्न न करे वहीं विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिया कि विद्युत से संबंधित समस्या को तत्काल दूर करें जिससे निर्माण कार्य में तेजी लाया जा सके।

# दर्जनों लोगों ने अपना दल एस की सदस्यता

**डॉ सोनेलाल के सपनो को करे साकार-- विधायक रोहनिया**

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**



बाबतपुर, वाराणसी । पिण्डरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम राजपुर में सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत रविवार को दर्जनो ग्रामीणों ने अपना दल एस की सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता अभियान के मुख्य अतिथि अद के प्रदेश उपाध्यक्ष व रोहनिया विधायक डॉ सुनील पटेल ने कहाकि डॉ सोनेलाल पटेल ने जिस उद्देश्य से पार्टी की नींव रखी थी उसकी सार्थकता तभी साबित होगी जब हम उनके बताए हुए मार्ग पर चले और समाज को जागरुक करें। जिला अध्यक्ष राजेंद्र पटेल के निर्देशन पर चले सदस्यता अभियान के तहत 15 लोगों को सक्रिय सदस्य और दर्जनों लोगो को साधारण सदस्यता दिलाई गई। इस दौरान सक्रिय सदस्य जयप्रकाश , मंगला प्रसाद पटेल , सुदर्शन पटेल , संतोष पटेल , इंद्रजीत पटेल , उदल पटेल , प्रवीण पटेल , अशोक कुमार , विजय सेठ , महाराज पटेल , मुकेश सहित पार्टी के समर्पित 15 कार्यकताओं को गमछा भेंट कर सक्रिय सदस्यता रसीद काट कर अपना दल "एस" पार्टी का सक्रिय सदस्यता दिलाई गई। इस दौरान प्रदेश सचिव सियाराम पटेल, जिला सचिव जगदीश पटेल , जिला उपाध्यक्ष मुन्ना पटेल , विस अध्यक्ष राजेश पटेल, विनोद पटेल , श्याम बली पटेल , रामप्रकाश पटेल , सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे ।

# भाकपा का 27वॉ ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन सम्पन्न

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल पिंडरा।**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का 27वॉ सम्मेलन रविवार को राजपुर में कामरेड रामराज की अध्यक्षता में सम्पन हुआ । सम्मेलन के प्रारम्भ में नंदा राम शास्त्री द्वारा पार्टी के झंडे को फहराया गया तत्पश्चात साथियों द्वारा सलामी दी गई। इसके साथ ही उपस्थित साथियों ने इंकलाब जिंदाबाद, भाकपा जिंदाबाद , पूजीवाद व साम्राज्यवाद के खिलाफ नारे लगाए और शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित किया। वक्ताओं ने कहाकि आज के विकट समय मे भाकपा की प्रांसगिकता पर गहन चर्चा जरूरत है । मानव समाज के आर्थिक, सामाजिक , राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने व गरीबी भष्ट्राचार व कदाचार समाप्त करने के लिए कामरेड साथियों का आह्वान किया । सम्मेलन में फतेहनारायन सिंह, चुन्नीलाल , श्याम नारायण सिंह, श्याम धनी, चंद्र शेखर सिंह, निहालुद्दीन व प्रकाश चंद जायसवाल सहित अन्य कई कामरेड साथियों ने विचार व्यक्त किया ।

# ए जी आई ओ और मंत्रा द्वारा तुर्की ब्रांड्स की बिक्री रोकना सराहनीय कदम

**समाज जागरण रंजीत तिवारी वाराणसी।।**



रिलायंस के ए जी आई ओ और फ्लिपकार्ट के स्वामित्व वाले मंत्रा द्वारा तुर्की ब्रांड्स की बिक्री रोकने का निर्णय अत्यंत सराहनीय और देशहित में लिया गया एक मजबूत कदम है, यह कहना है चांदनी चौक से सांसद और कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट ) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि ऐसे समय में जब तुर्की खुलकर पाकिस्तान और भारत विरोधी एजेंडे का समर्थन कर रहा है, तब भारतीय कंपनियों द्वारा उसके आर्थिक हितों को झटका देना देशभक्ति और व्यापारिक विवेक का सटीक उदाहरण है। ए जी आई ओऔर मंत्रा का यह कदम नेशन फस्ट भावना को सच्चे अर्थों में दशार्ता है।कैट के प्रदेश महामंत्री अखिलेश कुमार मिश्र ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि देश की सभी ई-कॉमर्स, रिटेल और एफ एम सी जी कंपनियां भी इसी भावना के साथ आगे आएं और तुर्की, अजरबैजान, पाकिस्तान जैसे राष्ट्र-विरोधी देशों के ब्रांड्स या उत्पादों को अपनी आपूर्ति श्रृंखला से हटाएं।व्यापार केवल मुनाफे का खेल नहीं है, यह राष्ट्र की अखंडता और सम्मान से भी जुड़ा होता है। जब देश की संप्रभुता पर सीधा या परोक्ष हमला होता है, तब हर व्यापारी और हर कंपनी की नैतिक जिम्मेदारी है कि वह अपने व्यावसायिक निर्णयों को राष्ट्रीय हित के अनुरूप बनाए, उन्होंने कहा उन्होंने भारत सरकार से भी आग्रह किया कि विदेश नीति के अनुरूप व्यापारिक प्रतिबंधों की रणनीति बनाते हुए ऐसे देशों से आयात को सीमित या नियंत्रित किया जाए।

# सानिया खातून ने अर्जित किया 94 प्रतिशत अंक

**क्षेत्र के लोगों ने दी शुभकामनाएं**

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**



गाजीपुर जनपद के बाराचवर ब्लाक क्षेत्र के करीमुद्दीनपुर गांव की रहने वाली सानिया खातून वाराणसी के टॉप सीबीएसई स्कूलों में से एक द न्यू आइडियल स्कूल में 12वीं की परीक्षा में स्कूल में टॉप करके गांव सहित जनपद का नाम रोशन किया है। गाजीपुर जनपद के बाराचवर ब्लाक क्षेत्र के करीमुद्दीनपुर गांव के रहने वाले फैयाज अहमद की बिटिया सानिया खातून वाराणसी के द न्यू आइडियल में 12वीं की छात्रा के रूप में पढ़ती है। सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में वह 94 प्रतिशत नंबर ला कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अपने विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर घर सहित पूरे गांव में खुशी का माहौल है। पिता फैयाज अहमद ने लोगों को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किये। सानिया की इस शानदार उपलब्धि पर हर्ष राय डायरेक्टर डालिम्स सनबीम स्कूल गांधी नगर, डाक्टर प्रेरणा राय प्रिंसिपल डालिम्स सनबीम स्कूल गांधी नगर,सुधीर श्रीवास्तव प्रधानाचार्य जनता जनार्दन इण्टर कालेज गांधी नगर,फादर पी विक्टर हार्टमन इण्टर कालेज हार्टमन पुर,फरीदा परवीन ग्राम प्रधान करीमुद्दीनपुर, प्रधान पति मोहम्मद अलीम,मंजर हुसैन पूर्व प्रधान बथोर, पूर्व प्रधान करीमुद्दीनपुर श्रीमती ममता राय,सत्येन्द्र यादव सदस्य जिला पंचायत, यशवंत सिंह प्रबंधक आर एस कान्वेंट स्कूल बाराचवर, हिमांशु राय प्रबंधक सरजू राय मेमोरियल पी जी कालेज गांधीनगर, बृजेन्द्र सिंह ब्लाक प्रमुख बाराचवर, समेत ढेर सारे लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं।

# सोनम को डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल ने किया सम्मानित


**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के डालिम्स सनबीम स्कूल



गांधी नगर में कक्षा 11 में अध्ययनरत छात्रा सोनम यादव को सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में कक्षा 10 में 96.2% अंक प्राप्त करने पर डायरेक्टर हर्ष राय एवं प्रिंसिपल डाक्टर प्रेरणा राय के द्वारा सम्मानित करते हुऐ सोनम के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

# भारत के फार्मा सेक्टर में अप्रैल में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई




जेनेरिक दवाओं से लेकर वैश्विक टीकों तक, विश्व भर में जीवन में बदलाव एक ऐसे विश्व की कल्पना करें जहां गुणवत्तापूर्ण दवाइयां एक कप चाय से भी कम कीमत पर उपलब्ध हों और हर गांव में जीवन रक्षक दवाइयां उपलब्ध हों। यही वह वास्तविकता है जो भारत में साकार हो रही है। 2014 से 2024 तक फार्मा सेक्टर किफायती, नवोन्मेषी और समावेशी अग्रणी वैश्विक स्वास्थ्य क्षेत्र में परिवर्तित हो चुका है। आगे, फिच ग्रुप के इंडिया रेटिंग्स के विशेषज्ञों को उम्मीद है कि मजबूत मांग और नए उत्पादों के कारण अप्रैल 2025 में राजस्व में साल-दर-साल 7.8 प्रतिशत की वृद्धि होगी। भारत का दवा उद्योग वैश्विक स्तर पर एक विशाल उद्योग है जो मात्रा के मामले में तीसरे स्थान पर और मूल्य के मामले में 14वें स्थान पर है। यह जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है जो वैश्विक आपूर्ति का 20 प्रतिशत आपूर्ति करता है और किफायती टीकों का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। 2023-24 में, इस क्षेत्र का कारोबार पिछले पांच वर्षों से 10 प्रतिशत से अधिक वार्षिक दर से लगातार बढ़ते हुए 4,17,345 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आम आदमी के लिए इसका मतलब है कम कीमत पर ज्यादा दवाइयां, बेहतर स्वास्थ्य सेवा और देश भर की फैक्ट्रियों और प्रयोगशालाओं में नौकरियां। छोटे शहरों से लेकर बड़े शहरों तक, भारत की दवा कंपनियों की वृद्धि अवसर का सृजन कर रही है और लोगों की जान बचा रही है। सरकार की स्मार्ट योजनाएं इस सफलता का आधार है। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) 15,479 जन औषधि केंद्र संचालित करती है जो ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 80 प्रतिशत कम कीमत पर जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराते हैं। दिल की दवा जो कभी 500 रुपये की थी अब 100 रुपये की हो सकती है! फार्मास्यूटिकल्स के लिए 15,000 करोड़ रुपये की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, भारत में ही कैंसर और मधुमेह की दवाओं जैसी उच्च-स्तरीय दवाएं बनाने के लिए 55 परियोजनाओं का सहयोग करती है। 6,940 करोड़ रुपये की एक और पीएलआई योजना पेनिसिलिन जी जैसे कच्चे माल पर केंद्रित करती है इससे आयात की हमारी जरूरत कम होती है। 3,420 करोड़ रुपये की सहायता वाली चिकित्सा उपकरणों के लिए पीएलआई एमआरआई मशीनों और हृदय प्रत्यारोपण जैसे उपकरणों के उत्पादन को बढ़ावा दे रही है। इसके अलावा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश में मेगा हब बनाने के लिए 3,000 करोड़ रुपये की लागत से बल्क ड्रग पार्क्स को बढ़ावा देने की योजना है ताकि दवाइयों का उत्पादन सस्ता और शीघ्र हो। फार्मास्युटिकल्स उद्योग को मजबूत करने (एसपीआई) के लिए 500 करोड़ रुपये लागत की योजना है। इसके अंतर्गत अनुसंधान और प्रयोगशालाओं को उन्नत बनाने के लिए धन की व्यवस्था की जाती है ताकि भारतीय कंपनियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सहायता मिल सके। इन प्रयासों का मतलब है कि भारत में, भारत के लिए और विश्व के लिए दवाइयां बनाई जाती हैं जिससे लागत कम और गुणवत्ता उच्च रहती है। भारत का फार्मा सेक्टर यूनिसेफ के 55-60 प्रतिशत टीके सप्लाई करता है। यह डब्ल्यूएचओ के डीपीटी (डिप्थीरिया, काली खांसी और टेटनस) वैक्सीन की 99 प्रतिशत मांग को पूरा करता है, बीसीजी (बैसिलस कैलमेट-गुएरिन एक वैक्सीन है जो मुख्य रूप से टीबी के उपचार के लिए इस्तेमाल की जाती है) की 52 प्रतिशत और खसरे की 45 प्रतिशत मांग को पूरा करता है। अफ्रीका से लेकर अमेरिका तक, भारतीय टीके लाखों लोगों की जान बचाते हैं। देश में, ये योजनाएं युवा भारतीयों के लिए फैक्टरी श्रमिकों से लेकर वैज्ञानिकों तक के रोजगार का सृजन करती हैं। विदेशी निवेशक अकेले 2023-24 में 12,822 करोड़ रुपये का निवेश कर रहे हैं क्योंकि उनको भारत की क्षमता दिखाई दे रही है। सरकार चिकित्सा उपकरणों और ग्रीनफील्ड फार्मा परियोजनाओं में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश का स्वागत करती है जिससे भारत वैश्विक कंपनियों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बन गया है। भारत का फार्मास्युटिकल क्षेत्र एक उद्योग से कहीं अधिक हैः यह एक जीवन रेखा है। मोदी सरकार पीएमबीजेपी, पीएलआई और बल्क ड्रग पार्क जैसी योजनाओं से यह सुनिश्चित कर रही है कि स्वास्थ्य सेवा के मामले में कोई भी पीछे न छूटे। जन औषधि केंद्रों पर सस्ती दवाओं से लेकर विश्व भर में पहुंचने वाले टीकों तक भारत एक स्वस्थ, आत्मनिर्भर भविष्य का निर्माण कर रहा है। जैसे-जैसे हम अमृत काल में कदम रख रहे हैं, हर भारतीय उस राष्ट्र पर गर्व कर सकता है जो उपचार करता है, नवाचार करता है और नेतृत्व करता है। स्वास्थ्य सेवा का भविष्य यहां है, और यह गर्व से भारतीय है!

# कर्मचारियो का उत्पीड़न अब और बर्दाशत नही: नायब सिंह

***जिला सहकारी बैंक वाराणसी के कर्मचारियों का एक दशक से रोका गया वेतन।**

**दैनिक समाज जागरण वाराणसी।**

कोआपरेटिव बैंक इम्पलाइज यूनियन की वाराणसी यूनिट के महामंत्री नायब सिंह ने जिलासहकारीबैंक वाराणसी के कर्मचारियो के उत्पीड़न पर मुखर होकर बैंक प्रबंधन और विभागीय अधिकारियो का ध्यान आकर्षित किया है। नायब सिंह ने कहा कि कई कर्मचारियो के बाईस वर्षों से प्रमोशन लम्बित है तथा तमाम कर्मचारियो को बोनस, दस वर्षीय एवं चौदह वर्षीय वेतनमान का लाभ तथा एरियर नही मिला है। उन्होने बताया कि बारह वर्ष पूर्व बैंक से प्रमोशन हेतु कर्मचारीगण की सूची सेवामंडल लखनऊ को भेजी गई थी जिसे बैंक द्वारा यह कहकर वापस मंगा लिया गया कि बाद मे पात्र और योग्य कर्मचारियो का नाम चयनित करके भेजा जाएगा। परंतु बारह वर्ष बीत जाने के बाद भी जिलासहकारीबैंक द्वारा प्रमोशन हेतु पात्र कर्मचारियो का नाम आज तक नही भेजा गया। नायब सिंह ने कहा कि कर्मचारियों का प्रमोशन जो बिना कारण के, बैंक प्रबन्ध तन्त्र रोका गया है उसे शीघ्र बगैर रूकावट तत्काल प्रमोशन किये जायें अन्यथा विवश होकर कर्मचारी काम बंद करने के लिये बाध्य होगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रबन्ध तन्त्र की होगी। नायब सिंह ने यह भी कहा कि कर्मचारियों के लम्बित दस वर्षीय एवं चौदह वर्षीय वेतनमान का लाभ एवं एरियर का भुगतान किया जाए। प्रबंधन केवल कर्मचारियो से काम लेना चाहता है , उसे कर्मचारियो की आर्थिक और पारिवारिक परेशानियो से कोई सरोकार नही है ।यह शोषण की स्थिति अब नही चलने वाली ।कर्मचारियो को उनका जायज हक देना होगा ।कर्मचारियो से अन्याय एवं उत्पीड़न की स्थिति अब हमारी सहनशक्ति से बाहर हो चली है।

# केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के 8 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में फिटनेस और जीएसटी जागरूकता पहल संडे ऑन साइकिल का आयोजन किया

जीएसटी के आठ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने फिट इंडिया मूवमेंट के साथ मिलकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए फिट इंडिया मूवमेंट के तत्वावधान में ‟संडे ऑन साइकिल‟ नामक एक राष्ट्रव्यापी साइक्लोथॉन का आयोजन किया। यह प्रमुख कार्यक्रम आज प्रातः नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित किया गया। इसमें देश भर के 100 से अधिक केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर(सीजीएसटी) आयुक्तालयों ने भी भाग लिया। नई दिल्ली में साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाते हुए, सीबीआईसी के सदस्य (जीएसटी) श्री शशांक प्रिय ने भारतीय कराधान प्रणाली पर जीएसटी के परिवर्तनकारी प्रभाव के बारे में बताया और इस बात पर बल दिया कि किस प्रकार जीएसटी ने लगभग 30 विभिन्न अप्रत्यक्ष करों को एकल, पारदर्शी कर ढांचे में एक कर दिया है। इससे व्यवसायों और नागरिकों दोनों के लिए कर प्रबंधन और अनुपालन सरल हो गया है। श्री प्रिय ने प्रतिभागियों को जीएसटी कंपोजिशन स्कीम और त्रैमासिक रिटर्न मासिक भुगतान ( क्यूआरएमपी) योजना जैसी पहलों के माध्यम से छोटे करदाताओं को दिए गए महत्वपूर्ण लाभों के बारे में भी अवगत कराया। इससे अनुपालन का बोझ कम हो गया है और व्यापार करने में आसानी हुई है। सीजीएसटी के मुंबई और पुणे जोन ने श्री सुनील शेट्टी, श्री मिलिंद सोमन और श्री जॉन अब्राहम जैसी बॉलीवुड हस्तियों को भी शामिल किया। साइक्लोथॉन में देश भर के 50,000 से अधिक साइकिल चालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस साइक्लोथॉन में सीबीआईसी के वरिष्ठ अधिकारी - श्री राजेश सोढ़ी, प्रधान मुख्य आयुक्त, सीजीएसटी दिल्ली जोन; श्री सीपी गोयल, जीएसटी के प्रधान महानिदेशक (डीजीजीएसटी), सीबीआईसी, और श्री महेश कुमार रुस्तगी, महानिदेशक करदाता सेवाएं (डीजीटीएस), सीबीआईसी; विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के प्रतिनिधि, और आम जनता ने भाग लिया।

कार्यक्रम स्थल पर, प्रतिभागियों से जुड़ने और जीएसटी के बारे में प्रश्नों के उत्तर देने के लिए एक समर्पित जीएसटी हेल्प डेस्क ‟जीएसटी के बारे में जानें‟ स्थापित की गई थी। सुगम्यता और पहुंच बढ़ाने के लिए, जीएसटी के प्रमुख विषयों पर सूचनात्मक विवरण की एक विस्तृत श्रृंखला वितरित की गई, और क्यूआर कोड से लैस डिजिटल कियोस्क को पूरे कार्यक्रम स्थल पर रणनीतिक रूप से रखा गया ताकि प्रतिभागी सीधे अपने मोबाइल डिवाइस पर जीएसटी संसाधन सामग्री को स्कैन और डाउनलोड कर सके।

इसके अलावा, जीएसटी सुधारों और करदाता-केंद्रित पहलों को दशार्ने वाले आकर्षक होर्डिंग और बैनर - विशेष रूप से एमएसएमई, जीएसटी पंजीकरण प्रक्रिया आदि के लिए प्रमुखता से प्रदर्शित किए गए। इन प्रयासों ने एक व्यापक और आकर्षक माहौल बनाया जो सार्वजनिक जुड़ाव और जानकारी के माध्यम से जीएसटी को लोगों के करीब लाने के सीबीआईसी के दृष्टिकोण के अनुरूप था।

# क्रिकेट प्रतियोगिता लट्ठूडीह का फाइनल मुकाबला सम्पन्न

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

बाबा घटेश्वर नाथ क्रिकेट प्रतियोगिता लट्ठूडीह जनपद गाजीपुर का फाइनल मुकाबला ढुढिया बनाम कबीरपुर। ढुडिया विजेता , कबीरपुर उपविजेता। मुख्य अतिथि कमलेन्दु राय ( प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख भांवरकोल) लट्ठूडीह



ग्राम प्रधान विद्यानन्द राय,गुड्डू राय,शिबू मिश्रा, पप्पू सिंह, टुनटुन राय,शिवम् ,श्रवण कुमार,संतोष राजभर ,मनीष ,शिवम्, उमाकांत, आनंद, मोनू, साजन, अवनीश, सिंटू, अमित, विक्की, आलोक, विनय, संदीप,नीतीश, प्रभात, दिवाकर, बादल समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे। सबसे पहले मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। टॉस जीतकर ढुढिया पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 170 रनों का लक्ष्य दिया , जिसके जवाब में कबीरपुर मात्र 126 रन ही बना पाई जिसमें मैन ऑफ द मैच राहुल पिंडोरी मैन ऑफ द सीरीज अभिषेक यादव को दिया गया।

# प्रोफेसर डा. सानंद सिंह ने सीबीएसई बोर्ड के सफल छात्र-छात्राओं को दी बधाई

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। सत्यदेव ग्रुप आफ कालेजेज के चेयरमैन डा. सानंद सिंह ने सीबीएसई बोर्ड के 10वीं व 12वीं के सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी है। प्रोफेसर डा. सानंद सिंह ने सफल छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों से अनुरोध किया है कि सत्यदेव ग्रुप आफ कालेजेज में बीए, बीएससी, बीकाम, तकनीकी शिक्षा में पालिटेक्निक, आईटीआई, डीफार्मा-बीफार्मा, बीएससी नर्सिंग, एएनएम, डिप्लोमा इन पैथोलॉजी, डिप्लोमा इन ओटी टेक्निशियन, डिप्लोमा इन ऑप्टोमेट्री, आदि कोर्सेज उपलब्ध हैं। सुनहरे भविष्य के लिए एक बार कालेज कैम्पस का भ्रमण करें। प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र-छात्राओं की हर संभव सहायता की जायेगी।

# तथागत गौतम बुद्ध जी ने विश्व को प्रेम , शांति और सौहार्द का पाठ पढ़ाया : नीरज मौर्य

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



बरेली। बुद्ध जयंती समारोह समिति के तत्वाधान में विशाल बुद्ध जयंती समारोह का आयोजन संजय कम्युनिटी हॉल बरेली में किया गया । जिसमें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीरज मौर्य सांसद आवंला ने अपने संबोधन में बताया कि भगवान बुद्ध ने दुनिया को जियो और जीने दो ,करुणा, मैत्री ,विश्व बंधुत्व, विश्व शांति का उपदेश देकर सामाजिक बुराइयों, पाखंड आदि को समूल नष्ट कर आदर्श समाज की स्थापना कर दुनिया में विश्व शांति स्थापित करने एवं समाज को सुशिक्षित, शीलवान बनाने एवं वैज्ञानिक सोच विकसित करने का श्रेय अगर किसी को जाता है तो वह तथागत बुद्ध ही हैं।

मुख्य वक्ता तपेंद्र प्रसाद शाक्य ने अपने उद्बबोधन में भगवान बुद्ध के द्वारा स्थापित त्रिशरण,पंचशील, चार आर्य सत्य, अष्टांगिक मार्ग, 10 पारमिताएं ,2 अतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से बनवारी लाल मौर्य एडवोकेट एवं रमेश मौर्य द्वारा किया गया। अध्यक्षता ज्ञानेंद्र सिंह मौर्य एडवोकेट ने की कार्यक्रम के संयोजक रामपाल सिंह मौर्य ने सभी आगंतुकों का एवं सभी सहयोगी कार्यकताओं को धन्यवाद दिया ।

इस अवसर पर इंअनीस अहमद खान, शिवचरण कश्यप , विजयपाल सिंह पूर्व विधायक ,अगम मौर्य, डॉ एम, एल मौर्य, बृजेंद्र पटेल पूर्व ब्लाक प्रमुख, कल्पना सागर,आदेश यादव गुड्डू, मो कलीमुद्दीन, खंजन लाल मौर्य, नंदकिशोर मौर्य, राज सिंह यादव, राम सिंह मौर्य एवं बुद्ध जयंती समारोह समिति के संयोजक देवेन्द्र मौर्य, शिव कुमार मौर्य, बी डी मौर्य एवं अशोक महान सेवा संघ के अध्यक्ष कुंवर भूपेंद्र मौर्य एवं सभी पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# गालो मुस्कुरालो ने आयोजित किया 250 वां ऑनलाइन कार्यक्रम

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



बरेली। गालो मुस्कुरालो वेलफेयर सोसाइटी में आज रविवार 18 मई को अपना 250 वां ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें स्थानीय लोगों के अलावा देश विदेश के 60 लोगों ने जूम के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी गायन प्रस्तुति दी। कार्यक्रम सोसाइटी के पंजीकृत कार्यालय कृष्णा पार्क में आयोजित किया गया। ज्ञात हो गालो मुस्कुरालो वेलफेयर सोसाइटी गीत संगीत विशेषकर शौकिया गायकों को बढ़ावा देने को पिछले चार वर्षों से समर्पित है। इसके लिए हर रविवार को ऑनलाइन संगीत का कार्यक्रम जूम पर आयोजित किया जाता है और दो महीने के अंतराल पर ऑफलाइन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम संचालन करते हुए संस्था के सचिव अरुण शर्मा ने बताया कि प्रतिभागियो के सहयोग और उनके निरंतर प्रयासों से कार्यक्रम अपनी पहचान बना चुका है और धीरे धीरे इसकी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। प्रतिभागियों और सदस्यों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। भविष्य में उन्होंने इस कार्यक्रम को एक नया रूप देने की भी योजना बनायी है जिससे सभी शौकिया गायकों को प्रोत्साहन मिल सके।

आज के ऑनलाइन कार्यक्रम में कार्यालय पर कोषाध्यक्ष सत्य प्रकाश ओबेराय, मिडिया प्रभारी विजय शर्मा ,सुरेंद्र गुप्ता ,राजीव सक्सेना, अजय राज शर्मा,कंचन शर्मा,अनीता सक्सेना,बेबी शर्मा, रंजन ओबेरॉय आदि मौजूद रहे।

# सांसद और वनमंत्री को बरेली में आई.टी.पार्क विकसित करने को दिया ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली । मानव सेवा क्लब ने बरेली में आई.टी.पार्क विकसित करने के लिये प्रधानमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन सांसद छत्तरपाल सिंह और वनमंत्री डा.अरुण कुमार को दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि बरेली शहर के युवक इधर-उधर न भटकें इसलिए बरेली में पुणे, हैदराबाद,बैंगलौर की तर्ज पर आई. टी.पार्क विकसित किया जाए।ज्ञापन में यह भी उल्लेख है कि बरेली दिल्ली लखनऊ के मध्य होने के कारण यहाँ रेल और हवाई सेवा की अच्छी सुविधा भी है।इस ज्ञापन को तत्काल कार्यवाही के लिए प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री और झारखंड के राज्यपाल और आठ बार के सांसद रहे महामहिम संतोष गंगवार को भी भेजा गया है। ज्ञापन मानव सेवा क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा और मुकेश सक्सेना ने दिया।



# मुख्यमंत्री से जिला पंचायत की व्यावसायिक भूमि कब्जा मुक्त कराने की मांग

## - स्कूलों में विषयों की मान्यता और पुल को पूर्व महापौर के नाम करने का अनुरोध

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



बरेली। जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात कर जिले के विकास से जुड़े कई अहम मुद्दों पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने जिला पंचायत की व्यावसायिक भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों का मामला उठाते हुए मुख्यमंत्री से भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि पंचायत के अधीन अधिकांश संपत्तियां व्यावसायिक हैं, जिन पर वर्षों से अनाधिकृत लोगों ने कब्जा कर रखा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार शासन और प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे पंचायत को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि इन संपत्तियों को कब्जा मुक्त कराया जाए, ताकि पंचायत की आय बढ़े और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति मिल सके। मुख्यमंत्री ने उन्हें सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

रश्मि पटेल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर जिला पंचायत द्वारा संचालित तीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों–लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय (रिछा), आजाद नौरंग विद्यालय (सेंथल), और हवलदार अब्दुल हमीद विद्यालय (वाहनपुर)–में गृह विज्ञान और विज्ञान विषयों की मान्यता दिलाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने इस मांग पर सहमति जताते हुए मान्यता दिलाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिया।

### पूर्व महापौर सुभाष पटेल के नाम पर लिंक ब्रिज की मांग

जिला पंचायत अध्यक्ष ने अटल सेतु और चौपुला पुल को जोड़ने वाले लिंक ब्रिज का नाम पूर्व महापौर स्व. कुंवर सुभाष पटेल के नाम पर रखने की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि स्व. सुभाष पटेल न केवल बरेली के महापौर रहे, बल्कि मेयर काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य और आजीवन भाजपा संगठन से जुड़े लोकतंत्र सेनानी भी थे। इस संबंध में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल गंगवार, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल और बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा पहले ही संस्तुति दे चुके हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि ब्रिज को सुभाष पटेल के नाम से जोड़ा जाना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# एडीजी रमित शर्मा ने शुरू किया 'वॉक थ्रू' अभियान: पार्कों, बाजारों और मंदिरों में पुलिस करेगी पैदल गश्त

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**




बरेली। बरेली जोन के एडीजी रमित शर्मा ने कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से ह्यवॉक थ्रूह्व अभियान की शुरूआत की है। यह अभियान 18 मई से 24 मई तक जोन के सभी 9 जिलों में चलाया जाएगा। इस दौरान पुलिसकर्मी सुबह और शाम के समय सार्वजनिक स्थलों पर पैदल गश्त करेंगे और लोगों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे।

### जनता के बीच जाकर बढ़ेगा पुलिस का संवाद

एडीजी रमित शर्मा के अनुसार, वॉक थ्रू अभियान के तहत उन सभी सार्वजनिक स्थानों को चिन्हित किया गया है जहां आमतौर पर ज्यादा भीड़ होती है, जैसे पार्क, मैदान, बाजार और पूजा स्थल। इन जगहों पर पुलिस की उपस्थिति बढ़ाई जाएगी। पुलिसकर्मी वर्दी के साथ-साथ कुछ सादे कपड़ों में भी मौजूद रहेंगे, ताकि जनता में सुरक्षा का भरोसा और अधिक गहरा हो सके।

### पुलिसकर्मी करेंगे जनता से संवाद

अभियान के दौरान पुलिसकर्मी जनता से सीधा संवाद करेंगे और कानून-व्यवस्था को लेकर उनकी राय जानने की कोशिश करेंगे। एडीजी ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अनुशासन में रहें और जनता के साथ सौम्य व विनम्र व्यवहार करें।

### एक हफ्ते तक चलेगा अभियान

यह अभियान पूरे जोन में एक सप्ताह तक चलेगा, जिसमें बरेली, पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर, संभल, मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा और बिजनौर जिले शामिल हैं। इस पहल का उद्देश्य जनता और पुलिस के बीच विश्वास को मजबूत करना और सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाना है।

### सार्वजनिक सुरक्षा के प्रति बढ़ेगी जागरूकता

एडीजी रमित शर्मा की यह पहल कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ-साथ पुलिस की जनता के प्रति जवाबदेही को भी दर्शाती है। इस अभियान के जरिए पुलिस लोगों की समस्याएं भी जान सकेगी और तत्काल समाधान की दिशा में कदम बढ़ाएगी।

# शादी के दो महीने बाद डॉक्टर की बेटी की मौत , लगाया दहेज हत्या का आरोप

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। विवाह के कुछ दिन बाद ही एक नव विवाहिता की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत हो गई मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और पुलिस ने जांच शुरू कर दी।



बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला जगतपुर पनवडिया निवासी डॉक्टर जयप्रकाश राठौर की बेटी अंजलि कि कल शाम कैंट थाना क्षेत्र के गांव चनहेटा स्थित उसकी ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत हो गई मृतका के पिता जयप्रकाश साहू ने बताया कि उसने अपनी बेटी का विवाह 2 मार्च को चनहेटा निवासी स्वर्गीय पूरनलाल के बेटे विनेश उर्फ विक्की से किया था विवाह में उसने लगभग 40 लाख रुपए खर्च किए थे लेकिन पति विनेश, जेठ राकेश, संजीव उर्फ सोनू, जेठानी प्रीति दहेज में मनपसंद कंपनी की कार न मिलने से नाराज थे और अंजलि को प्रताड़ित करते थे जिससे परेशान अंजलि ने 16 मई को अपने पिता से फोन करते हुए बातचीत की और कहा कि वह उसे ससुराल से ले जाएं अन्यथा ससुराल वाले उसे जान से मार देंगे तब पिता डॉक्टर जयप्रकाश ने कहा कि वह अगले दिन उसे ससुराल से वापस लेकर आ जाएंगे। लेकिन अगले ही दिन 17 मई को अंजलि के भाई आकाश को ससुराल पक्ष के लोगों ने फोन करके बताया कि अंजलि की मौत हो गई है तब आकाश और पिता जयप्रकाश अंजलि की ससुराल पहुंचे जहां अंजलि की लाश छत से लगे पंखे से फांसी पर लटक रही थी उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस से की और दहेज हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी।

# रानी अहिल्याबाई होल्कर सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना की अग्रदूत थी : राकेश कुमार मिश्र

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



बरेली।भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सिविल लाइंस पर रानी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान की महानगर कार्यशाला सिविल लाइन्स भाजपा कार्यालय पर आयोजित की गयी। कार्यशाला में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री राकेश कुमार मिश्र " अनावा " रहें। कार्यशाला में महानगर पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी,महिला मोर्चा पदाधिकारी, उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री राकेश कुमार मिश्र "अनावा "ने कहा कार्यकताओं में सामाजिक गतिविधियां भी होनी चाहिए इंदौर की महारानी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती को भारतीय जनता पार्टी भव्य तरीके से मनाएगी। उसके लिए 21मई से 31मई तक महानगर में स्मृति अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने अहिल्याबाई होल्कर जी को धर्म, न्याय और राष्ट्र धर्म का सजीव स्वरूप बताया। उन्होंने कहा कि वह सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना की अग्रदूत थी, उन्होंने विदेशी आक्रांताओं के कालखंड में जिस साहस, भक्ति और समर्पण से काशी से लेकर रामेश्वरम तक देश के अनेक तीर्थस्थलों का पुनरोधार कराया वह भारतीय इतिहास का अद्वितिय अध्याय है।

उन्होंने कहा धर्म रक्षति रक्षिताः के वैदिक उदघोष को न केवल जिया बल्कि उसे मूर्त रूप भी दिया जब विदेशी आक्रांता मंदिरों को ध्वस्त कर रहे थे तब अहिल्याबाई जी ने बिना भय व राजनीतिक समर्थन के उत्तर से दक्षिण को पूर्व से पश्चिम तक सनातन धर्म की पुनर्स्थापना का विराट कार्य किया। आज का भव्य काशी विश्वनाथ धाम उसी मंदिर का स्वरूप है

वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार ने कहा कि अहिल्याबाई ने अपने संसाधनों से वर्ष 1777 से 1780 के बीच बनवाया था हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सनातन संस्कृति के गौरव की पुनर्स्थापना के लिए पूरे मनोयोग से समर्पित हो जाना चाहिए।

अहिल्याबाई होल्कर जी को भारतीय नारी शक्ति का प्रतीक बताते हुए कहा कि उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने का कार्य किया और नारी सशक्तिकरण की दिशा में अनेको कार्य किये।

महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर जी के जरिये महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए भाजपा बूथ स्तर तक अभियान चलाएगी। महिलाएं महारानी होल्कर जी के आदर्श पर चलकर देश की सत्ता में भागीदार बने। महारानी अहिल्याबाई होल्कर जी के शौर्य त्याग, सेवा व समर्पण के भाव को सभी के मन मस्तिष्क में डालना है।

उन्होंने सभी को अहिल्याबाई जी के जीवन से प्रेरणा लेने का आहवाहन किया। महानगर कार्यशाला में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार,क्षेत्रीय महामंत्री राकेश कुमार मिश्र, एस सी/एस टी आयोग सदस्य उमेश कठेरिया, डॉ सी पी एस चौहान, नीलम जेठा, प्रभु दयाल लोधी, डॉ तृप्ति गुप्ता, प्रतेश पांडे, शिवकुमार महेश्वरी, वीरेंद्र अरोड़ा, बंटी ठाकुर, देवेंद्र जोशी, प्रतिभा जौहरी, शेफाली सचदेवा एवं समस्त कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

# भाजपा सांसद और भतीजे को भू-माफिया बताने वाले पूर्व ब्लॉक प्रमुख पति ने मांगी 20 लाख रंगदारी, केस दर्ज

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



बरेली। बहेड़ी क्षेत्र के पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पति आराम सिंह एक बार फिर विवादों में हैं। इस बार उन पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद छत्रपाल गंगवार और उनके भतीजे दुष्यन्त गंगवार को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने, अपशब्द कहने और 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप लगा है।

भाजपा कार्यकर्ता दुष्यन्त गंगवार की शिकायत पर देवरनिया थाने में आरोपित आराम सिंह के खिलाफ मानहानि, धमकी और रंगदारी मांगने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### वायरल वीडियो में सांसद और भतीजे को कहा भू-माफिया, दी खुलेआम धमकी

ग्राम दमखोदा निवासी दुष्यन्त गंगवार ने तहरीर में आरोप लगाया है कि आराम सिंह ने एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला, जिसमें उन्होंने सांसद छत्रपाल गंगवार और खुद दुष्यन्त के खिलाफ अमर्यादित और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। वीडियो में दोनों को भू-माफिया कहा गया और बहेड़ी से खदेड़ने की धमकी दी गई।

### 20 लाख रुपये की मांग, न देने पर जान से मारने की धमकी

दुष्यन्त के अनुसार, जब उनके सहयोगी खूबचंद ने आराम सिंह से वीडियो हटाने की बात की, तो वे भड़क गए। आरोप है कि आराम सिंह और उनके समर्थकों ने गाली-गलौज की और कहा कि वीडियो हटवाने के लिए 20 लाख रुपये देने होंगे, नहीं तो जान से मारने के लिए तैयार रहो। तहरीर में यह भी बताया गया है कि वीडियो बनाते समय बृजेश गंगवार, सत्यपाल शर्मा, सोमपाल गंगवार, कुंवर सेन मौर्य और महेन्द्र पाल मौर्य भी मौजूद थे, जिन्होंने आराम सिंह की बातों का समर्थन किया।

### शासन को दी खुली चुनौती

शिकायतकर्ता ने बताया कि वायरल वीडियो में आराम सिंह ने राज्य सरकार और प्रशासन को भी खुलेआम चुनौती दी है। उन्होंने अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए खुद को किसी से न डरने वाला बताया। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र का राजनीतिक माहौल गरमा गया है।

# दहेज की खातिर विवाहिता की हत्या, पंखा के कुंडा से लटका मिला शव

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। थाना भमोरा क्षेत्र के कस्बा बल्लिया में विवाहिता के बच्चा ना होना और दहेज की खातिर ससुरालियों ने विवाहिता की हत्या कर दी घटना स्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जा में लेकर शव को पोस्टमार्टम को भेजा।

थाना भमोरा क्षेत्र के गांव बल्लियां निवासी मृतका के भाई अमर बाबू ने बताया उसकी बहन 21 वर्षीय दुर्गा की शादी लव मैरिज को अरेंज मैरिज गांव के रहने वाले अभिषेक पुत्र वेदप्रकाश से की थी। शादी को दो साल हो गए शादी में सभी तरह का दहेज दिया था। शादी के एक साल बाद पति ससुराल वाले दहेज की मांग करने लगे और दुर्गा के बच्चा नहीं होने के कारण दुर्गा को प्रताड़ित करते थे, शनिवार को दुर्गा का शव पंखा के कुंडा से दुपट्टा के द्वारा घर में लटका मिला परिवार वालों ने पति अभिषेक , ससुर वेदप्रकाश , सास , कांता देवी , रवि , राजा, तन्नू और कल्लो पर हत्या करने का आरोप लगाया है।



मृतक की मां कमलेश की तरफ से थाना भमोरा में दहेज हत्या की तहरीर दी है उसमें लिखा कि बेटी दुर्गा की हत्या दहेज की खातिर ससुराल वालों ने की है और पति अभिषेक, ससुर वेदप्रकाश , सास कांता देवी, फुफेरे देवर रवि , राजा, तन्नू, और कल्लो पर मारकर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया हैं पुलिस में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। ससुराल वाले सभी फरार बताए जा रहे हैं।

# मीरगंज में झोलाछाप चिकित्सक की क्लीनिक सील

## - मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश पर हुई थी कार्रवाई
## - गत दिवस इलाज के दौरान युवती की हो गई थी मौत


**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मीरगंज ,बरेली । मीरगंज तहसील क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों की बाढ आ गई है स्वास्थ्य विभाग के कोई भी अधिकारी इस अनैतिक रूप से चल रहे धंधे को लेकर आंखें मूंदे बैठे रहते हैं गत दिवस एक युवती को गलत इलाज देने के बाद उसने दम तोड़ दिया तब कहीं जाकर स्वास्थ्य विभाग की आंखें खुली जिसके तहत झोलाछाप डॉक्टर की क्लीनिक को आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर विनय कुमार पाल द्वारा विधिवत सील कर रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भेज दी गई है ।

जानकारी के अनुसार मीरगंज निवासी डॉक्टर अकील अपनी क्लीनिक पर मरीजों को भारती रखकर चिकित्सा सुविधा दे रहे थे स्वास्थ्य विभाग की टीम को देखकर तथाकथित डॉक्टर भाग खड़े हुए । जिनकी गैर मौजूदगी में श्रीमती कमला देवी रामाधार गुप्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीरगंज के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ विनय कुमार पाल ने क्लीनिक को सील का दिया है सील करने गई टीम में दो रेहान दिवाकर फार्मासिस्ट हेमलता और अजय कुमार मौजूद रहे ।

# कुत्ते पालने के शौकीन लोगों पर आर्थिक भार बढ़ाने की तैयारी - नगर निगम

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



बरेली। नगर निमग क्षेत्र में कुत्ते पालने के शौकीन लोगों पर आर्थिक भार बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। नगर निगम ने छोटे कुत्तों के पंजीकरण शुल्क 10 रुपये बढ़ाकर 500 रुपये करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। वहीं, बड़े कुत्तों के लिए भी पंजीकरण शुल्क की दरें नए सिरे से लागू की जाएंगी।

जानकारों के अनुसार, नगर निगम में अभी तक 54-55 कुत्तों का ही पंजीकरण होना बताया जा रहा है, जबकि अनुमानित तौर पर पूरे शहर में पालतू कुत्तों की संख्या 10 हजार से भी ज्यादा बताई जा रही है। हालांकि, लोग पंजीकरण कराने में दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं। इसकी वजह से वास्तविक आंकड़े सामने नहीं आ पाता है।

अभी तक छोटे और बड़े कुत्तों का पंजीकरण कराने के लिए शुल्क 10 रुपये ही है। मगर, आने वाले दिनों में इसमें बढ़ोत्तरी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ऐसा पहली बार होने जा रहा है, जब छोटे और बड़े कुत्तों के लिए अलग-अलग पंजीकरण शुल्क तय किया जाएगा। नगर निगम की ओर से शासन को इसके लिए प्रस्ताव भी भेज दिया है। इसमें छोटे कुत्तों के लिए पंजीकरण शुल्क में 50 गुना की बढ़ोत्तरी की गई है। प्रस्ताव मंजूर होने के बाद छोटे कुत्तों के पंजीकरण के लिए 10 रुपये के स्थान पर 500 रुपये देने होंगे। वहीं, बड़े कुत्तों के लिए दस रुपये की जगह साल में एक हजार रुपये पंजीकरण शुल्क प्रस्तावित किया गया है।

बताया जाता है कि ब्रीडिंग के लिए रखे गए कुत्तों पर भी अभी दस रुपये ही पंजीकरण शुल्क था, जबकि नए प्रस्ताव में पहली दफा इसे बढ़ाकर पांच हजार रुपये प्रस्तावित किया गया है। नगर आयुक्त की ओर से प्रस्तावित दरों का सार्वजनिक प्रकाशन पूर्व में कराया जा चुका है। नई दरों के लिए शासन से अधिसूचना जारी होगी।

### इसी माह हैंडओवर हो जाएगा एबीसी सेंटर

अवारा कुत्तों को पकड़कर उनका बधियाकरण कराने के लिए परसाखेड़ा में एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर) का निर्माण कराया गया है। एक करोड़ 81 लाख रुपये की लागत से सेंटर बनाया गया है। जल निगम की कंस्ट्रक्शन एवं डिजाइन डिवीजन ने इसका निर्माण किया है। संभावना जताई जा रही है कि जल निगम इसी माह सेंटर नगर निगम को हैंडओवर कर देगा। बाकी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं।

# ठाकुर महासभा की मंडलीय समीक्षा बैठक रायपुर हंस में संपन्न

## - संगठन को मजबूत बनाने का लिया संकल्प

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

फरीदपुर (बरेली)। ठाकुर महासभा की मंडलीय समीक्षा बैठक रायपुर हंस में ठाकुर अजय पाल सिंह की अध्यक्षता में ब्लॉक महामंत्री अनुराग सिंह के निवास पर संपन्न हुई। जिसमें ठाकुर प्रकाश वीर सिंह एवं ठाकुर उमेश पाल




सिंह ने संगठन को मजबूत बनाने पर बल देते हुए क्षत्रिय वीरों और वीरांगनाओं के इतिहास पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष अमित कुमार सिंह तोमर एडवोकेट ने संगठन का विस्तार करते हुए कहा कि संगठन में शक्ति है उन्होंने युवाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर चर्चा की। इस अवसर पर तहसील उपाध्यक्ष आकाश कुमार सिंह, पितांबरपुर नगर अध्यक्ष नरेश पाल सिंह तोमर, ब्लॉक अध्यक्ष उमेंद्र प्रताप सिंह ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए क्षेत्र में जो कार्य किया उसको बैठक में रखा। बैठक में प्रमुख रूप से सचिन कुमार सिंह, रोहित सिंह, गजेंद्र सिंह, राजीव कुमार सिंह तोमर, समरजीत सिंह, चरन पाल, वीर प्रताप सिंह तोमर, कमल सिंह तोमर, अंकित सिंह, ठाकुर सनी सिंह, रोहित सिंह, रितु सिंह, विपिन सिंह तोमर, सर्वेश कुमार सिंह, पान सिंह, ऋषिपाल सिंह, अनुराग सिंह, तेजवीर सिंह सहित दर्जनों क्षत्रिय वीरों और संगठन के पदाधिकारीयों ने हिस्सा लेकर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## छज्जा गिरने से मलबे में दबकर एक महिला की मौत, परिजनों में मचा कोहराम*

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नवीनगर थाना क्षेत्र के कर्मा फतेहपुर गांव में शनिवार शाम मकान का छज्जा गिर गया। छज्जा के नीचे बैठी महिला मलबे की चपेट में आ गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। आनन फानन में महिला को अस्पताल पहुँचाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृत महिला नवीनगर थाना क्षेत्र के कर्मा फतेहपुर गांव निवासी स्वर्गीय बीगु रजक की पत्नी जनक देवी बतायी जा रही है। सूत्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार महिला छज्जे के नीचे बैठी हुई थीं। तभी अचानक तेज आधी बारिश से छज्जा भर भरा कर गिर गया। जिससे महिला मलबे में दब गईं। जब ग्रामीणों ने हादसा देखा तो वह दौड़ पड़े। महिला को मलबे से बाहर निकाला गया। परिजन व ग्रामीण दोनों घायल महिला को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सको ने जनक देवी को मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।वही घटना की जानकारी मिलते ही सांसद राजाराम सिंह,मुखिया आमोद कुमार चंद्रवंशी सहित कई गण्यमान्य लोगों ने पहुँचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया।शोक संतप्त परिवार को सात्वना देते हुए कहा कि दुःख की घड़ी में सदैव आपके साथ हूँ।

## अवैध महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार,बाईक जप्त

**दैनिक समाज जागरण**
**अनील कुमार संवाददाता**
**नबीनगर औरंगाबाद**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के नरारी कला खुर्द थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के रामबाग गाँव से गुप्त सुचना के आधार पर एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब धंधेबाज की पहचान औरंगाबाद जिला के नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के नरारी कला गांव निवासी राजकिशोर कुमार के रूप में हुई है। मामले में नरारी कला खुर्द थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र मे शराब बिक्री की जा रही है।सूचना पर सशस्त्र पुलिस दल बल के साथ छापेमारी की गई।छापेमारी के दौरान



मौके से 55 लीटर देशी महुआ चुलाई शराब बरामद कर एक बाईक जप्त किया गया। मौके के शराब धंधेबाज नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के नरारी कला गांव निवासी राजकिशोर कुमार पिता राजाराम बैठा को गिरफ्तार किया गया है। शराब को जप्त कर थाना लाया गया। मामला दर्ज कर गिरफ्तार शराब धंधेबाज को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वही छापेमारी अभियान में पी टी सी ब्रज किशोर आजाद समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## माननीय न्यायमूर्ति,पटना उच्च न्यायालय श्री शैलेंद्र सिंह के द्वारा पौधारोपण एवं दिव्यांग जनों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण किया गया।

**दैनिक समाज जागरण**

व्यवहार न्यायालय, बक्सर के प्रांगण में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बक्सर कार्यालय द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में माननीय न्यायमूर्ति, पटना उच्च न्यायालय पटना -सह-निरीक्षक न्यायाधीश, व्यवहार न्यायालय, बक्सर श्री शैलेंद्र सिंह द्वारा दिव्यांग जनों के बीच ट्राई साइकिल साथ ही दिव्यांग बच्चों के बीच उपहार का वितरण किया गया। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश हर्षित सिंह, अवर न्यायाधीश - सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नेहा दयाल लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ विनय कुमार सिंहा, डिप्टी चीफ संजय कुमार चौबे, कुमार मानवेंद्र व सहायक काजल कुमारी, आकाश कुमार श्रीवास्तव, विकास यादव, अभिनव वशिष्ट, मध्यस्थ अधिवक्ता, रिटेनर अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ता पारा विधिक स्वयंसेवक





,कार्यालय कर्मी सुधीर कुमार, सुन्दरम कुमार दीपेश श्रीवास्तव सुमित जी, सुनील कुमार, मनोज कुमार अकबर अली आदि उपस्थित रहें । आयोजित कार्यक्रम में माननीय न्यायमूर्ति, पटना उच्च न्यायालय पटना-सह- निरीक्षक न्यायाधीश, व्यवहार न्यायालय, बक्सर श्री शैलेंद्र सिंह एवम उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा न्याय वाटिका में वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी किया गया। मौके पर अवर न्यायाधीश - सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नेहा दयाल द्वारा कहा गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बक्सर जिले में हर जरूरतमंद, दिव्यांगजन, असहाय, लाचार, गरीब, लोगों के बीच उनके सहयोग लिए खड़ा है, जो वास्तव में इसके हकदार हैं। जिला प्राधिकार कार्यालय द्वारा पूर्व में भी कई अवसरों पर इन्हें चिन्हित कर इन जनों के बीच उनके प्रोत्साहन के लिए, उनकी जरूरत की आपूर्ति के लिए, कार्यक्रम किए जाते रहे हैं और भविष्य में भी किए जाते रहेंगे।

## बिसा राजा का राज्याभिषेक समारोह आयोजित।

**दैनिक समाज जागरण**

- असम तिनसुकिया जिला के मार्गरेटा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित विरासत समृद्ध सिंफौ गांव लिडू बिसा गांव में ऐतिहासिक राज्याभिषेक समारोह आयोजित किया गया। मालूम हो कि पूर्व राजा बिसा नोंग सिंफी का गत 15 जनवरी को निधन हो जाने के बाद से सिंहासन रिक्त पड़ा था। बिसा नोंग सिंफी केवल माधेरिटा हो नहीं, बल्कि पूरे असम और अरुणाचल प्रदेश में एक श्रद्धेय व्यक्तित्व थे। उनके महत्वपूर्ण योगदानों को मान्यता देते हुए राज्य सरकार ने उन्हें राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी थी। सिंफो परंपरा के अनुसार राजा के निधन के बाद उनके ज्येष्ठ पुत्र को राजगद्दी सौंपी जाती है। इस परंपरा का सम्मान करते हुए, समुदाय ने विशेष राज्याभिषेक समारोह का आयोजन किया,




राज्याभिषेक कार्यक्रम की शुभारंभ दिवंगत राजा बिसा नोंग सिंफो को स्मृति तर्पण अर्पित कर और भिक्षु संघ द्वारा आशीर्वाद समारोह के साथ हुई। इस राज्याभिषेक आयोजन में बिला वंश के कई प्रमुख सदस्य तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर विधायक भास्कर शर्मा, तिनसुकिया जिला आयुक्त स्वप्नील पॉल, मार्गेरीटा सह-जिला आयुक्त ईएसी प्रितम गोगोई, असम गौरव पुरस्कार से सम्मानित मांजे ला सिंफो, सिफो विकास समिति के अध्यक्ष एमएन सिंफो, सिंफो राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष संग्राम लेबराम, महासचिव ओमियो निंग्दा, लिडू के प्रसिद्ध समाजसेवी, साहित्यकार एवं पत्रकार जगत चांगमाई, कवि और साहित्यकार डॉ. रंजीत दत्त, तिराप स्वायत्त जिला परिषद की मांग समिति के महासचिव पल्लव श्याम बाइलुंग, डॉ. पन्यासारा महाथेरो, पन्नाश्री भिक्षु, ताई फाके राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष सेविन चाखाप, नोंगपियों गुम्मी, सिंफौ साहित्य समिति के अध्यक्ष ऑगडू सिंफौ तथा असम और अरुणाचल प्रदेश से अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए। जगत चागंमाई ने कहा कि बिसा नोगं सिफौ मेरे बहुत अच्छे मित्र थे और हम पिछले 50 वर्षों से धनिष्ठा मित्रता में थे उन्होंने असम और पड़ोसी राज्य अरुणाचल प्रदेश में सिंफौ समाज के उत्थान और विकास में बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। उनके कारण सिफौ जनजाती के विरासत बारे में दुनिया जान सकी। विधायक ने कहा कि दिवंगत बिसा नोगं सिफौ सिर्फ मार्गेरीटा ही नहीं बल्कि पुरा देश में अपनी दयालुता इमानदारी और प्रेम मानवता के लिए प्रसिद्ध थे।मैं उन्हें वर्षों से पारिवारिक सदस्य की तरह जानता हूं उन्होंने घोषणा की बिसा नोंग सिंफौ कि स्मृति में संग्रहालय और प्रतीमा स्थापना कि जायगी। राज्याभिषेक के बाद नए राजा बिसा मंग डुंग गमसिंफौ ने यह संकल्प लिया कि वे असम अरुणाचल प्रदेश में सिंफौ समुदाय के समग्र विकास के लिए कार्य करेंगे और मार्गेरीटा क्षेत्र में अन्य समुदाय के साथ सोहार्दपुर्ण संबंध बनाए रखेंगे ।इस कार्यक्रम में कई छात्र संगठनों के जन प्रतिनिधि व्यवसायिक प्रतिष्ठान ऑन महिला संगठन मार्गेरीटा पत्रकार संघ तथा जनजातीय संगठनों और नागरिकों ने नवनियुक्त राजा बिसा मंग डंग गम सिंफौ का सम्मानित किया। इस अवसर पर स्पालाइट और फोटोग्राफी और स्मृति संग्रह का बिसा नोगं सिफौ का अनावरण किया गया।जिसे सम्पादक जगत चागंमाई है।

## भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

पहलगाम आंतकी हमले के बाद पाकिस्तान को मुंह तोड़ जबाब देने में भारतीय तीनों सेना (जल थल-नभ) जवानों के पराक्रम और शौर्य को नमन करने के उद्देश्य से शहर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाला गया। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष अरविंद मंडल के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों के द्वारा रविवार को मनोरंजन क्लब से 500 मीटर लंबा तिरंगा यात्रा निकाला गया। जो शहर के रेलेवे कॉलोनी, बजरंगवली मंदिर,डेमार्केट होते हुए गांधी चौक तक पहुंच कर समाप्त हुआ। इस दौरान देशभक्त भारी बारिश के बावजूद भी भारत माता की जय, वंदे मातरम ,भारतीय सेना जिंदाबाद का




नारा लगा रहे थे। इस मौके पर तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री मनीष कुमार, विहिप जिला अध्यक्ष मनोज गट्टानी, संजय पासवान, विशाल शाहा, सरस्वती कुमारी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुशांत गोप, बजरंग दल जिला संयोजक सुनील तिवारी, अभाविप विभाग संयोजक अमित मंडल, गायत्री परिवार के आभाष कुमार उर्फ मिक्की साहा, भाजपा नगर महामंत्री-कमलेश शर्मा, राजा साहा, विक्रम एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अंकित कौशिक, कुंदन राजभर, शंभू चौहान सहित अन्य दर्जनों प्रमुख सम्मान नागरिक इत्यादि उपस्थित थे।

## गायत्री शक्ति पीठ में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

शान्तिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी' अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। रविवार को तेघरिया गायत्री शक्तिपीठ में गर्भधारण पूर्व की तैयारी, गर्भ संस्कार तथा आदर्श दिनचर्या अपनाकर एक महान संतति के जन्म की प्रक्रिया पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी । एजीएसपी पश्चिम बंगाल समन्वयक रामानुज तिवारी सह समन्वयक डॉ. विजय अग्रवाल, ट्रस्टी सुदामा राय ,सहायक ट्रस्टी मिक्क‌ी साह व जिला संयोजक सौरभ कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया । परिजनों ने सभी अतिथियों को मंत्र चादर व तिलक पुष्प के साथ उनका स्वागत किया गया । इस अवसर पर



एजीएसपी समन्वयक रामानुज तिवारी ने कहा कि वैदिक कालीन संस्कारों की परंपरा को पुनः जाग्रत करने की जरूरत है।पुंसवन संस्कार एक तरह का आध्यत्मिक टीकाकरण है जो आत्मा के मलिन संस्कारों से मुक्ति दिलाता है। प्राचीनकाल में हमारे ऋषि संस्कारों के माध्यम से भावी पीढ़ी को युग के अनुकूल बनाते थे। आज यह परम्परा फिर से तेज करनी होगी। डॉक्टर विजय अग्रवाल ने कहा कि माँ के आहार विहार, चिंतन, जीवन शैली का गर्भस्थ शिशु पर पूरा असर होता है। माँ बच्चे की पहली गुरु है। पुसंवन संस्कार से स्वस्थ, सुंदर और गुणवान संतान पूरी तरह संभव है। पुसंवन संस्कार गर्भवती महिला को आत्मिक रूप से सबल बनाता है। सामवेद में इस संस्कार का उल्लेख मिलता है। जब गर्भ जब दो-तीन महीने का होता है तब गर्भस्थ शिशु के पूरे विकास के लिए पुंसवन संस्कार किया जाता है। स्त्री के गर्भ में तीसरे महीने से शिशु का शरीर बनना शुरू हो जाता है जिसके कारण शिशु के अंग और संस्कार दोनों अपना स्वरूप बनाने लगते हैं। गर्भस्थ बच्चे पर माता-पिता के मन और स्वभाव का गहरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए माता को मानसिक रूप से गर्भस्थ शिशु की ठीक तरह से देखभाल करने योग्य बनाने के लिए यह संस्कार कराया जाता है। मां की पाठ शाला का संचालन और सुझाव, श्रीमती रीता शर्मा ने प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया हम अपने आने वाले पीढ़ी को कैसे गुरु परम्पराओं से जोड़ सकते है।उन्हें श्रेष्ठ व सबल बना सकते है । इस दौरान गायत्री परिवार ट्रस्ट के द्वारा सीबीएससी बोर्ड में जिला टॉपर करने पर आदित्य दुबे एवं पलक साहा नैंसी सिन्हा को शॉल व गुरुदेव रचित साहित्य देकर उन्हें सम्मानित किया गया और उनके उज्वल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दिया।कार्यक्रम में बिहार बंगाल,पुर्णिया ,कटिहार, अररिया,सिलीगुड़ी से आए सैकड़ो परिजन आगनबाड़ी बहनें सेविका सहायिका और एएनएम दीदी गायत्री परिवार के सक्रिय परिजनों की भागीदारी रही । इस अवसर पर रश्मि, प्रकाश, रेखा अग्रवाल,रूबी सिन्हा, मनोज ,मायकान्त झा ,अधिवक्ता शिशिर दास,परमानंद यादव, हेमंत चौधरी ,सत्यनारायण पंडित, प्रवीर,सुमित साहा, प्रसुन्न,दुर्गा कुमारी, भारती ठाकुर, मधु सोम ,कमला पंडित, गीता देवी,पंडित कुष्पत राय, नवीन मल्लाह,मनोज सिन्हा, विशाल स्वर्णकार,सदानन्द सिन्हा,पूरन माझी,बागेश्वर सिंह, आशुतोष ,बलराम ठाकुर,ब्रजेश चन्द्र,अभय रंजन सिन्हा,जिला संयोजक सौरभ कुमार सहित अन्य उपस्थित थे ।

## खेल भवन में शतरंज प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में रविवार को खेल भवन, खगड़ा में एक दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संघ के लर्निंग पार्टनर चेस क्रॉप्स के सहयोग से किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए दर्जनों प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन पर प्रकाश डालते हुए संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव तथा चेस क्रॉप्स के प्रमुख कमल कर्मकार ने जानकारी दी कि संघ द्वारा निरंतर आयोजित किए जा रहे ऐसे प्रशिक्षण शिविर ही खिलाड़ियों की सफलता की नींव रखते हैं। उन्होंने कहा कि नियमित मार्गदर्शन और प्रशिक्षण से ही जिले के शतरंज खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पा रहे हैं। शिविर में धान्वी कर्मकार, रचित बियानी, युवराज साह, पलचीन जैन, सार्थक अग्रवाल, केशव मित्तल, हिमांश जैन, सार्थक आनंद, रेयांश राज सिंह, अनंत कर्ण, ऋषभ आनंद, आरव कुमार, आदर्श भास्कर,



अद्विक दास, अपर्णा शर्मा, दर्श चितलांगिया, गौरव कुमार, इनाया अहमद, जयश्री प्रभा, कौनिक जैन, कुंज जैन, नैतिक साहा, रौनक कुमार साहा, वीवॉन्स कुमार, सृष्टि कुमारी सहित अनेक प्रशिक्षुओं ने भाग लेकर इस प्रशिक्षण का लाभ उठाया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को खेल की बारीकियों से परिचित कराना और उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक मंचों के लिए तैयार करना था।

## 212 लीटर विदेशी शराब बरामद, तस्कर शराब से लदा कार छोड़कर फरार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

उत्पाद विभाग के द्वारा लगातार जिले में शराब पीने व शराब तस्करी के विरुद्ध जांच अभियान चलाया जा रहा है। वही उत्पाद विभाग के द्वारा करवाई करते हुए उत्पाद विभाग के उत्पाद निरीक्षक अमृत कुमार गुप्ता अपने टीम के साथ किशनगंज जिले के कोचाधामन थाना अंतर्गत महाडिगी से 212



लीटर विदेशी शराब बरामद करते हुए कार को जप्त किया। इस दौरान कार चालक तस्कर कार में लदा शराब छोड़कर फरार हो गया। उत्पाद विभाग के उत्पाद निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया मस्तान चौक पर हमारे टीम में शामिल उत्पादन निरीक्षक अमित कुमार गुप्ता अपने टीम के साथ जांच अभियान चल रहा था। इसी दौरान सामने से एक कर आ रही थी जिसे रुकने का इशारा किया गया लेकिन कर चालक ने सामने हमारे टीम को देख कर की गति बढ़ा दी हमारे टीम ने कार का पीछा किया लेकिन तब तक कार चालक ने कर को मकई के खेत के दिशा में खड़ी कर फरार हो गया। टीम के द्वारा कर की तलाशी ली गई तलाशी के दौरान कर में से 212 लीटर विदेशी शराब बरामद करते हुए कर को जप्त कर लिया गया। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## महिला ने जहर का सेवन कर की आत्महत्या, मृतिका के परिजनों ने ससुराल वालों पर लगाया आरोप

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिले के कोचाधामन प्रखंड अंतर्गत अलता कमलपुर में एक मामला सामने आया है,जिसमें एक महिला ने जहर का सेवन कर आत्महत्या कर लिया। मृतिका महिला का नाम संगीता कुमारी पति तरुण कुमार सिंह के रूप में पहचान हुई है। मृतिका महिला के भाई ने बताया कि मेरे बहन के साथ मेरे बहन के पति तरुण कुमार सिंह व उसके घर वाले पिछले 14 साल से बच्चे नहीं होने के कारण मारपीट व प्रताड़ित करता था। शनिवार को मेरे बहन के साथ बेरहमी मारपीट कर उसे मार डाला। वही इस दौरान मृतिका महिला के पति तरुण कुमार सिन्हा ने बताया कि



मेरे घर वालों के साथ अंडा को लेकर झगड़ा हुआ था तथा उसी को लेकर हमने अपने पत्नी की पिटाई कर दी और हम चले गए इस दौरान हमारी पत्नी संगीता कुमारी ने जहर का सेवन कर लिया। जब हमको पता चला तो स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में बताया कि सदर अस्पताल लेकर जाएं सदर अस्पताल जब तक पहुंचे तब तक संगीता कुमारी की मौत हो गई। पुलिस मृतिका का संगीता कुमारी की शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया और मामले को लेकर जांच में जुटी है ।

## रामचरितमानस नवाहप्रयाण महा यज्ञ को लेकर निकला भव्य कलश यात्रा।

**समाज जागरण सत्येंद्र चौरसिया**

पलामू (झारखंड)नौडीहा बाजार प्रखण्ड क्षेत्र के करककट्टा पंचायत के ग्राम नावाडीह में श्री श्री राम चरित्र मानस नवाहप्रयाण महा यज्ञ को लेकर निकला भब्यव कलस यात्रा एव शोभा यात्रा।कलस यात्रा से पहले यज्ञ कमिटी के द्वारा सभी साधु संतों यज्ञ आचार्य कथा वाचको एव गणमान्य अतिथीयों को अंग वस्त्र एव फूल माला देकर सम्मानित किया।इसके बाद सभी महिला-परुष श्रद्धालुओं ने यज्ञ स्थल से अपने-अपने कलश लेकर गाजे बाजे के साथ हार्वे नदी पहुंचे जहां यज्ञ आचार्य एव पुरोहितों के द्वारा बिधुवत पूजा अर्चना के बाद सभी ने अपने कलश में जल पभरकर यज्ञ अस्थल पर पात्र को अस्थापित किया करककट्टा पंचायत के मुखिया मंजु देवी एव पति रामबली पासवान ने मुख्य कलश लिया। यज्ञ के अध्यक्ष



रामबली पासवान ने बताया कि यह यज्ञ चित्रकूट धाम से पधारे श्री श्री1008श्री बाबा अनुरागी जी माराज के पावन सानिध्य में 17 मई से 25 मई तक चलेगा।जहाँ प्रति दिन संध्या सात बजे से अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक शिवम सुकला जी महाराज जी के द्वारा सुंदर कथा सुनाई जाएगी एव बृंदा वन से पधारे रास लीलाएव गोपियों के द्वारा नृत्य रास का सुन्दर दृश्य देखाया जायगा।इस मौके पर जिला परिसद सदस्य सुदामा पासवान,शाहपुर पंचायत के पूर्व मुख्य बिजय प्रसाद,सराईडीह पंचयात के मुखिया प्रतिनिधि सह समाज सेवी धनंजय प्रसाद, श्यामसुंदर प्रसाद, पंकज कुमार ,दीपक पासवान,दिनेश प्रसाद,विनोद कुमार,सुरेंद्र यादव के अलावे कई श्रध्यालु एव कई धर्म प्रमेयों ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्रखंड कार्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैंप का आयोजन:छत्तरपुर

**समाज जागरण दीपक सरकार**

छतरपुर प्रखंड कार्यालय में रविवार दोपहर 12 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैंप का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य लोगों को कानूनी जागरूकता प्रदान करना और उन्हें निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम की शुरूआत न्यायिक मजिस्ट्रेट शंभू महतो को जेएसएलपीएस के द्वारा पौधा देकर किया गया। जहां न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा विधिक प्राधिकरण संबंधित जानकारी के साथ लोगों को सूचना का अधिकार 2005 के तहत मांगी जाने वाली सूचना का अधिकार, थाना में किसी भी तरह शिकायत करने का अधिकार की जानकारियां दी गई। इसके अलावा कैंप में लाभको के बीच आवास स्वीकृत, पेंशन स्वीकृति और जेएसएलपीएस के द्वारा 60 लाख का चेक वितरण किया गया। वही प्रखंड विकास आशीष कुमार साहू, अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार और प्रखंडकर्मी को जेएसएलपीएस के माध्यम से सम्मानित किया गया।

## एक स्थान पर वर्षों से जमे हुए हैं राजमहल परियोजना के क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक एसके अंबष्ट

**समाज जागरण गोड्डा**

ईसीएल राजमहल परियोजना में 4 वर्षों से अधिक दिनों से जमे रहना जो मलाईदार पोस्ट पर इन दिनों चर्चा में है सूत्रों की माने तो ईसीएल राजमहल परियोजना में पदस्थापित एसके अंबष्ट क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक के पद पर 4 वर्षों से अधिक दिनों से जमे हुए हैं इनका राजमहल परियोजना में योगदान की तिथि 1 फरवरी 2021 है जानकारों का कहना है कि एसके अंबष्टसंवेदनशील पद पर काबिज हैं सूत्रों का कहना है कि ईसीएल के हेड क्वार्टर सेक्टोरियाके आला अधिकारियों का इन्हें आशीर्वाद प्राप्त है जिनके कारण लंबे अरसे से 4 वर्षों से अधिक दिनों से जमे हुए हैं विभागीय पदाधिकारी पर अच्छी खासी पकड़ रखने वाले लोग वर्षों से राजमहलपरियोजना में असिन है जानकारों का कहना है किसमय रहते इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे राजमहल परियोजना को बचा पाना असंभव हो जाएगा सूत्रों का कहना है कि ऊंची पहुंच और रसूख के बल पर ऐसे पदाधिकारी 4 वर्षों से अधिक दिनों तक जमे हुए हैं जानकार बताते हैं कि ऐसे अधिकारियों का संवेदनशील पदों पर जमे रहना और स्थानांतरण न होना चर्चा का विषय बना हुआ है बुद्धिजीवियों का कहना है कि संवेदनशील पदों पर क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक एसके अंबष्ट का स्थानांतरण अभिलंब होनी चाहिए

## मेडिनीनागर प्रखंड सभागार मे विधिक सेवा प्राधिकार शिविर का आयोजन

**समाज जागरण दीपक सरकार**

मेदिनीनगर (पलामू) : आम लोगों को विधिक की जानकारी होना जरूरी है। सशक्तिकरण शिविर का उद्देश्य आम लोगों में जागरूकता लाना है । साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है। सरकार की योजनाएं जरूरतमंदों को मिले, इसे सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य से मेदिनीनागर प्रखंड सभागार में सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त बातें पलामू की डिस्ट्रिक्ट एंड एडिशनल सेशन जज श्रीमती श्वेता धींगरा ने कही कि जानकारी के अभाव मे ग्रामीण स्तर पर लोग लाभान्वित नहीं हो पाते,JSLPS की ओर से




1200000,(बारह लाख) का डमी चेक वितरण किया गया जिसमें जिला पलामू की डिस्ट्रिक्ट एंड एडिशनल सेशन जज श्रीमती श्वेता धींगरा प्रखंड विकास पदाधिकारी jslps बीपीएम पिंकी कुमारी बीपीओ अविनाश शर्मा कृष्ण कुमार यादव संजय राजन मंजू सिंह माधुरी देवी अन्य एवं काफी संख्या में समूह की दीदी उपस्थित हुए।

# झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन की जिला स्तरीय बैठक जे एम एम पब्लिक स्कूल, पदमा में हुई सम्पन्न

**पंकज कुमार पाठक,संवाददाता पदमा, दैनिक समाज जागरण**



पदमा-प्रखंड के करमटांड़ अवस्थित जे एम एम एम पब्लिक स्कूल के प्रांगण में झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन की जिला स्तरीय बैठक संगठन के जिला अध्यक्ष विनोद भगत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।बैठक में मंच संचालन संगठन के सचिव प्रभुदयाल कुशवाहा के द्वारा किया गया। सभा को जिला संगठन के उपाध्यक्ष छोटे लाल साहू व मकसिर आलम,संगठन मंत्री मधुसूदन मेहता,आरिज हुसैन ,मधुप मनोहर,मनोज राम,परवेज आलम आदि ने संबोधित किया।बैठक में संगठन की मजबूती,कोष की मजबूती एवं आर टी ई एक्ट 2019 के आलोक में झारखंड हाई कोर्ट के फैसले से उत्पन्न स्थिति से संबंधित कार्यनीति तय करने से संबंधित कई अहम निर्णय लिए गए।इसके अलावे 2019 के पहले खुले सभी प्राइवेट स्कूलों को बिना शर्त मान्यता दिलाने के लिए संगठन के बैनर तले आंदोलन करने का निर्णय लिया गया।सभा को संबोधित करते हुए संगठन के अध्यक्ष विनोद भगत ने सरकार से मांग की है कि आर टी ई एक्ट 2019 को 2019 से पहले खुले स्कूलों पर लागू न किया जाय।सभा को जिला से आये विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष में बरकट्ठा से प्रेम सर,चौपारण से नंदकिशोर सर डारी प्रखंड से नंदकिशोर सिंह इचाक से विकाश पांडेय केरेडारी से राजकपूर सर,सदर प्रखंड से राजेश शर्मा , पदमा प्रखंड से राजन मेहता एवं बरही से मिथलेश सर व स्कूल संचालकों ने बारी बारी से संबोधित किया। बैठक में जिला के सोलहों प्रखंडो से विद्यालय के प्राचार्य व संचालकों की भारी संख्या में उपस्थिति रही।

# दिनेश सिन्हा ने निजी खर्चे से शिव मंदिर में पानी टंकी लगवाया

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



बड़कागांव : श्मशान घाट सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश सिन्हा ने अपने निजी खर्चे से बड़कागांव प्र-खंड मुख्यालय परिसर स्थित पुराना भवन के समीप शिव मंदिर की साफ सफाई के लिए 1000 लीटर पानी टंकी लगाई गई एवं राहगीरों के लिए पाइप वायरिंग कर नल लगाकर पेयजल की व्यवस्था की गई। ज्ञात हो की व्यवस्था नहीं रहने के कारण मंदिर की साफ सफाई करने में पानी को लेकर काफी फजीहत होती थी। उक्त सामाजिक धार्मिक कार्य को लेकर कई प्रबुद्ध लोगों ने दिनेश सिन्हा की कार्य की सराहाना की। मौके पर शमशान घाट सेवा समिति अध्यक्ष दिनेश सिन्हा ,वीरेंद्र मेहता , बैधनाथ महतो सरोज मेहता,सनी कुमार, कुलदीप कुमार व अन्य लोग उपस्थित थे।

# वुशु खेल के विकास के लिए बेसिक पहलुओं की जानकारी।।।।।।।।।।।।।।।।।।।।।।।आवश्यक : डॉ कविता सिंह.

**दैनिक समाज जागरण**

राँची : झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के द्वारा शुक्रवार और शनिवार 16 और 17 तारीख को राज्य स्तर के पदाधिकारियों के लिए एग्जीक्यूटिव वर्कशॉप प्रारम्भ हुआ. सिल्ली के द विलेज रिसोर्ट एंड बैंक्वेट में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन झारखण्ड वुशु एसोसिएशन की वाईस प्रेसिडेंट डॉ कविता सिंह ने किया. इस कार्यक्रम के उदघाटन सत्र के अवसर पड्ढ श्री चंचल भट्टाचार्य, श्री मिथलेश साहू,श्री शिवेंद्र दुबे, श्री प्रियदर्शी अमर ने उपस्थित पदाधिकारियों को सम्बोधित किया. उद्घाटन सत्र के साथ प्रियदर्शि अमर ने इस वर्कशॉप की महत्ता और उपयोगिता पड्ढ प्रकाश डाला शिवेंद्र दुबे ने वुशु के इतिहास, उत्पत्ति, झारखण्ड के खिलाड़ियों की उपलब्धि पड्ढ विस्तार से जानकारी दी.वुशु के डिप्लोमा कोच और तकनीकी पदाधिकारी दीपक गोप ने वुशु के सांदा और ताउलु के तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी. उद्घाटन सत्र के अवसर पड्ढ शैलेन्द्र दुबे ने धन्यवाद ज्ञापन किया. आज के इस वुशु वर्कशॉप में राँची, चतरा, रामगढ़, साहेबगंज, गोड्डा, पाकुड़, सिल्ली, धनबाद, सिमडेगा, गुमला, खूंटी सहित झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सिरकत की कोच गोड्डा जिले के कोच दीपक सिंह और मिनी हंसदा को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया

# रजरप्पा टाइम्स के संपादक सहदेव प्रसाद लोहानी की धर्मपत्नी के निधन पर संवेदना जताने उनके रांची आवास पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल

चित्रावती लोहानी एक सफल अधिकारी के साथ सफल गृहिणी भी रहीः मनीष जायसवाल

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**



हजारीबाग से प्रकाशित बहुत पुराना साप्ताहिक अखबार "रजरप्पा टाइम्स" के संपादक सह प्रखर वरिष्ठ पत्रकार सहदेव प्रसाद लोहनी की धर्मपत्नी चित्रावती लोहानी अब इस दुनिया में नहीं रहीं। बीते 14 मई 2025 की अहले सुबह रांची में हृदयगति रुकने से इनका आकस्मिक निधन हो गया। पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत खराब थी और रांची के ऑर्किड हॉस्पिटल में बेहतर इलाज के लिए उन्हें भर्ती कराया गया था। 69 वर्ष की आयु में इन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। अंतिम यात्रा उनके रांची स्थित निवास स्थान- फ्लैट न० 501 चित्रकूट, अपार्टमेंट नॉर्थ ऑफिस पाड़ा (अपोजिट लोरोटो कान्वेंट) डोरंडा, रांची से हरमू मुक्ति धाम के लिए निकली। छोटे पुत्र वेदांत लोहानी ने अपनी मां के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दिया।चित्रावती लोहानी के आकस्मिक निधन से मर्माहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने गहरी शोक संवेदना पूर्व में ही अपने सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से जताई थी और रविवार को उनके रांची निवास पहुंचकर शोकाकुल परिवारजनों से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया। सांसद मनीष जायसवाल के साथ मणिपुर के डीजीपी राजीव सिंह और अनूप अग्रवाल भी साथ थे। सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि चित्रावती लोहानी मेकॉन, रांची में 1980 में पदभार ग्रहण की और साल 2016 में मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के पद से अवकाश प्राप्त की। ये अपने पीछे दो पुत्र सीमांत लोहानी उर्फ.चीतु ( व्यवसाई सह भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के परम मित्र), वेदांत लोहानी (सीनियर मैनेजर, बजाज फाइनेंस, पुणे), भतीजा प्रतीक लोहानी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि चित्रावती लोहानी एक सफल अधिकारी के साथ सफल गृहिणी भी थी जिन्होंने अपने पति के पत्रकारिता को जीवंत रखने में सहयोग करने के साथ बच्चों को सफल और लायक बनाया। उन्होंने उनके दिवंगत आत्मा के लिए ईश्वर से कामना भी किया । सांसद मनीष जायसवाल से पहले इनके शोकाकुल परिवार से मिलने राज्य के पूर्व मंत्री सह आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, उनकी मां देवकी देवी, हटिया से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी अजयनाथ शाहदेव, राजधानी रांची के वरिष्ठ पत्रकार शंभूनाथ चौधरी, आलोक सिंह, हजारीबाग के वरिष्ठ पत्रकार उमेश प्रताप, अमरनाथ पाठक, जन जागरण केंद्र के सचिव संजय कुमार समेत कई सामाजिक, राजनीतिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक संगठन के अलावे अधिकारी और पत्रकार उनके आवास पहुंचकर गहरी शोक संवेदना जाता चुके हैं ।

# केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर ब्राजील में ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे

भारत विद्युत क्षेत्र में पिछले दशक की अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन करेगा केंद्रीय विद्युत और आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल, 19 मई को होने वाली ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए ब्राजील की आधिकारिक यात्रा पर हैं। एम्पावरिंग ग्लोबल साउथ कोऑपरेशन फॉर इंक्लूसिव एंड सस्टेनेबल ग्लोबल गवर्नेंस विषय के अंतर्गत, माननीय मंत्री ब्रिक्स देशों के ऊर्जा मंत्रियों के साथ ऊर्जा सुरक्षा, पहुंच, सामर्थ्य और स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। भारत इस बैठक में पिछले दशक की अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित करेगा, जिसमें विद्युत क्षमता में 90 प्रतिशत की वृद्धि, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और जैव ईंधन में नेतृत्व के साथ-साथ ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और सतत विकास शामिल हैं। देश ऊर्जा तक समान पहुंच सुनिश्चित करने और ऊर्जा परिवर्तन में तेजी लाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करेगा।

यह यात्रा भारत के इस दृढ़ संकल्प को रेखांकित करती है कि वह ब्रिक्स देशों के साथ एक मजबूत, भविष्योन्मुखी और टिकाऊ ऊर्जा क्षेत्र के निर्माण में सक्रिय रूप से सहयोग करेगा।

# छडवा डैम के आसपास नशेडीयो लगता है जमवाड़ा

नशेडीयो का अड्डा बन चुका है छडवा डैम का किनारा
छडवा डैम के आसपास गांजा, चरस,ब्राउन शुगर, ड्रग्स ,अफीम कोरेक्स, का होता है सेवन

**अरविंद कुमार यादव संवाददाता दैनिक समाज जागरण कटकमसांडी।**

कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के छडवा डैम के आसपास नशेडीयो का अड्डा प्रतिदिन लगभग छः बजे से रात्रि नौ बजे तक बना रहता है। छडवा डैम के पुराने रास्ते एवं पूल के आसपास,छडवा छठ घाट के आसपास नशेडीयो लगातार और कोरेक्स, गांजा, चरस , ब्राउन शुगर, ड्रग्स, लेकर युवाओं कि विभिन्न टोली बनाकर नशा का सेवन करते हैं।ओ पी पेलावल थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों मुख्य रूप से,पेलावल, रोमी, गदोखर, हेदलाग गोविंदपुर ,पबरा,खुटरा छडवा कंचनपुर ,खुटरा के यु-वाओं नशे का यादि बन चुकें हैं। हजारीबाग जिले के कटकमसाडी प्रखंड क्षेत्र के छडवा डैम एक धरोहर मना जाता है जहां पर्यटक के तौर पर धार्मिक स्थल मां काली का मंदिर डैम का मनोरम दृश्य बना हुआ है।आस पास के लोग प्रतिदिन अपने परिवार एवं बच्चों के साथ घुमाने के लिए आते हैं। लेकिन नशेड़ियों के अड्डों से आम लोगों को काफी परेशानी एवं किसी समय घटना घटने का संभवाना हों सकता है। इस संदर्भ में छडवा गांव निवासी संजय कुमार महतो ने बताया कि छडवा डैम के आसपास नशेडीयो का अड्डा बना रहता है।छडवा डैम के पुराने रास्ते में और पूल के पास एवं पेड़ों के गांजा ,ड्रग्स ,अफीम, कोरेक्स, सेंवन करने के बाद नशेड़ी कुछ भी करने के लिए उतारू हो जाते हैं। अगर कटकमसांडी प्रशासन नशेड़ियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करते हैं तो किसी भी दिन बड़ा घटनाएं घट सकता है। रोमी पंचायत के वार्ड सदस्य छोटू महतो से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि छडवा डैम के आसपास नशेडीयो के द्वारा बड़ा घटना हो सकता है। कंचनपुर पंचायत निवासी अरूण कुमार कुशवाहा ने बताया कि छडवा डैम के गोद में बने मां काली का मंदिर आकर्षण का केंद्र बना हुआ है मां काली मंदिर के पूरब कि ओर में नशीला पदार्थ गांजा, ड्रग्स,अफीम कोरेक्स,का सेवन युवाओं के द्वारा किया जाता है कटकमसाडी पुलिस, प्रशासन से आग्रह है कि शाम के समय गस्ती किया जाए।कंचनपुर पंचायत निवासी इस संदर्भ में पप्पू कुशवाहा से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि छडवा डैम के आसपास स्थानीय युवाओं के साथ साथ हजारीबाग से भी गांजा ड्रग्स अफीम कोरेक्स सेंवन करने का अड्डा बना रहता है। हजारीबाग से कटकमसाडी प्रखंड क्षेत्र के लोग प्रतिदिन मजदूरी करके आते हैं नशेड़ी नशें कि लत से आने जाने वाले लोगों को परेशान करते हैं। जिला प्रशासन इस गंभीर विषय पर ध्यान केंद्रित करते हुए नशेड़ियों पर करवाही करें।

# सिकरी में मंडा पूजा को लेकर कमेटी का गठन

अध्यक्ष फूलचंद , सचिव अरुण व संतोष कोषाध्यक्ष बने

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव : सिकरी शिव मंदिर प्रांगण में मंडा पूजा संपन्न कराने हेतु ग्रामीणों की बैठक बसंत नारायण सिंह की अध्यक्षता और फूलचंद गिरी व अशोक गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से संचालन में आयोजित की गई। पूजा सुचारू रूप से संचालित करने हेतु ग्रामीणों की आम सहमति से एक कमेटी का गठन किया



गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष फूलचंद गिरी, उपाध्यक्ष धनेश्वर राम, सचिव अरुण कुमार, उप सचिव पृथ्वीराज गुप्ता, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष अनुज कुमार राम, संयोजक बसंत नारायण सिंह, बंसी राम, भोला महतो, नारायण महतो, द्वारिका महतो व तुलसी राणा संरक्षक में स्वरूप नारायण सिंह, जय नारायण सिंह, कैलाश पांडेय, सत्येंद्र पासवान,रामचंद्र साव एवं वर्तमान एवं पूर्व मुखिया, पंसस व सभी वार्ड सदस्य का चयन किया गया। मीडिया प्रभारी के रूप में अशोक कुमार शर्मा, हरिश्चंद्र प्रसाद व अरुण गुप्ता का चयन किया गया। वही बैठक में मुख्य रूप से रामेश्वर महतो, तेतर साव, कन्हाई साव, अरुण राना, कृष्णा महतो, सहदेव महतो, बुधन महतो, जिबलाल महतो, गणपत राम, नागेश्वर ठाकुर, बालेश्वर महतो, चेतलाल राणा, मंगर महतो, प्रभु राणा, सोनू गुप्ता, प्रदीप सिंह, नरेश पासवान एवं सभी प्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, समाजसेवी व दर्जनों ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# घनश्याम गोप के निधन से समाज ने एक प्रखर समाजसेवी खो दिया है : केशव महतो कमलेश

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबाग : जाने माने समाजसेवी घनश्याम गोप जी के निधन पर कांग्रेसियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है । झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने अपना शोक संदेश में कहा कि घनश्याम गोप जी



प्रखर समाजसेवी थे । वे पाचू गोप सेवा संस्थान, राधा कृष्ण मारवाड़ी सेवा संस्थान अपने आवास स्थित शिव मंदिर के संरक्षक तथा हिन्दू-मुस्लिम एकता संघ के अध्यक्ष रहे । वे मृदभाषी, मिलनसार और दयालु प्रवृत्ति के व्यक्ति थे । उनके निधन से समाज ने एक प्रखर समाजसेवी खो दिया है । ईश्वर दिवंगत आत्मा की शांति तथा इस कठीन घड़ी में उनके परिजनों को धैर्य व सहन शक्ति प्रदान करे । शोक व्यक्त करने वालों में प्रदेश कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहू प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा प्रदेश सचिव अमरेंद्र सिंह युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देव शर्मा मीडिया के स्टेट कॉर्डिनेटर संजय कुमार ओबीसी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नागवाला वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक देव जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान इंटक के प्रदेश सचिव धीरज सिंह, जावेद इकबाल, परवेज अहमद, सदरूल होदा, खलील अंसारी के अतिरिक्त कई कांग्रेसी शामिल हैं ।

# हेमलाल पंडित हत्याकांड,गांव के ही महिला ने सुपारी देकर करवाई हत्या

**राहुल कुमार गुप्ता,संवाददाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़।हेमलाल पंडित हत्याकांड का हुआ उद्भेदन।बीते शुक्रवार की रात्रि को बोकारो के नावाडीह जंगल में बिष्णुगढ़ प्रखंड के सिराय निवाशी हेमलाल



पंडित की हत्या कर दी गई थी।बोकारो पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हत्या में शामिल चार अपराधी को किया गिरफ्तार।गांव के ही महिला चंपा देवी द्वारा झाड़ फूंक के दौरान अपने पति के मौत का प्रतिशोध में अपने साथी प्रकाश सिंह सरिया निवाशी के साथ मिलकर धनबाद के शूटर डोमन राम,विकाश कुमार को तीन लाख की सुपारी हत्या कर दी थी।बोकारो एसपी मनोज स्वर्गियारी के द्वारा प्रेसवार्ता कर जानकारी दी गई।

# शमशान घाट बना दबंग का खेत सुबह से लास पड़ा हुआ । ग्रामीण चिंतित ।

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़। प्रखंड के अलखरीखुर्द गाँव के एक बुजुर्ग के निधन के बाद उनका पार्थिव शरीर सुबह से घर में पड़ा हुआ है। ग्रामीण दाह संस्कार करने से डरे सहमे हुए हैं। मालूम हो कि पिछले वर्ष एक व्यक्ति द्वारा दाह संस्कार करने वाले स्थल को अतिक्रमण कर खेत बना दिया जिस कारण मामला काफी तूल पकड़ लिया था लोगो को आक्रोशित देख बीच बचाव में पुलिस प्रशासन को आना पड़ा था।, तब से लेकर लगातार न्याय की गुहार अंचलाधिकारी महोदय, विधायक सांसद के चौखट में अलखरी के ग्रामीण भटक रहे हैं, पर अब तक न्याय नहीं मिल पाना घोर अन्यय है। ग्रामीण बुजुर्ग के पार्थिव शरीर को शमशान घाट ले जाने से डर रहे हैं, आशंका जताया जा रहा है कि दूसरे पक्ष के द्वारा हमला किया जा सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर सुबह तक प्रशासन द्वारा पहल नहीं किया गया तो अंचल कार्यालय परिसर में दाह संस्कार किया जाएगा, जिसकी तैयारी ग्रामीणों ने कर लिया है। अब देखने वाली बात है इस विषय पर प्रशासन उचित कदम उठाते हैं या फिर मामला तुल पकड़ता है।

# बड़कागांव में बनश पूजा को लेकर तैयारी जोरों पर धुरिया लोटन किया गया

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



बड़कागांव राम जानकी मंदिर प्रांगण में बनस पूजा को लेकर रविवार की सुबह लगभग दो दर्जन भक्तों ने धुरिया लोटन किया। भक्तों ने राम जानकी मंदिर से लेकर लगभग 1 किलोमीटर दूरी तय करते हुए जमीन में लोटन करते भक्त सूर्य मंदिर पहुंचे, जहां नदी में वैतरणी स्नान के पश्चात भक्त कई अखाड़ों में गए जहां जलपान किया गया। आज सोमवार को भक्त पूरे दिन लगभग सात बार नदी में जाकर स्नान करेंगे । रात को भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा, दहकते अंगारों में चलकर लोग भक्ति का परिचय देंगे एवं कल मंगलवार सुबह ,भक्त अपने पीठ पर लोहे की कील लगवा कर 40 फीट ऊंचे लट्ठे में झूलन और परिक्रमा करेंगे। इस दौरान प्रसाद स्वरूप भक्त फूल का छिड़काव भी करेंगे।बनस पूजा के पुजारी चिंतामणि महतो ने बताया कि इस वर्ष कुल दो दर्जन भक्त बनश पूजा में शामिल हुए हैं जिसमें मुख्य रूप से पाठ भगत भूषण भुइयां, फूल भगत विकास राम, पाठ बजनिया धनेश्वर राम ,जोधन महतो, चेतलाल महतो के अलावा अन्य कई लोग शामिल हैं। पूजा एवं मेला संचालन को लेकर अध्यक्ष पिंटू गुप्ता, सचिव पवन कुमार, कोषाध्यक्ष अनिल प्रसाद दांगी, हरिनाथ राम, उपाध्यक्ष छोटी साव, प्रकाश कुमार, संरक्षक दामोदर प्रसाद मेहता, पुजारी चिंतामणि महतो , इंगलेश सोनी,प्रो लालदेव महतो भोला प्रसाद दांगी, दिनेश कुमार, पिंटू सोनी, भरत प्रजापति, दर्शन प्रसाद कुशवाहा, हरी महतो, चमन महतो, अंतू महतो, प्रतिम महतो, चंद्रू महतो, जयहिंद महतो, पूजा प्रभारी कीर्तन महतो, कार्तिक भुईया, कैलाश महतो, अर-विंद कुमार, पदुम महतो, डोमन महतो, चंदा प्रभारी रविन्द्र लाल, स-रजू भुइंया, सहादेव साव, राजेंद्र महतो, तुलेश्वर महतो, संगठन मंत्री मदन महतो, ललन कुमार, बंधन महतो के अलावा दर्जनों लोग अपना योगदान दे रहे हैं।

# ग्रामीणों ने जंगल का सीमांकन नहीं होने देने का लिया निर्णय

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



जंगल की सीमांकन को लेकर कोल परियोजना के विरुद्ध गोन्दलपुरा के ग्रामीणों द्वारा गोंदल पूरा धरना स्थल पर बैठक किया गया। जिसमें वन विभाग के वरीय पदाधिकारी ए सी एफ , रेंज ऑफिसर, वनपाल, एवं वन रक्षी बैठक में उपस्थित रहे । बैठक में ग्रामीणों ने निर्णाय लेते हुए वन विभाग से स्पष्ट शब्दों में कह दिया कि जब तक कोल कंपनियों का आवंटन रद्द नहीं होगा, तब तक हम ग्रामीण वन विभाग को ,जंगल का सीमांकन एवं पिलर का काम हरगिज नहीं करने देंगे, पिलर का काम नहीं होने देंगे। ज्ञात हो ग्रामीणों के द्वारा 766 दिनों से एनटीपीसी अदानी जिंदल व अन्य कोल कंपनियों के खिलाफ ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन आंदोलन जारी है। बैठक में ग्रामीणों ने किसी भी कंपनी को एक इंच भी जमीन नहीं देने का निर्णय लिया है। आंदोलन को और सशक्त मजबूत बनाने के लिए बादम , हरली , आजाद नगर, अम्बाजित, मोतरा, महुंगाइकला के सभी ग्रामीणों के साथ अंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया है ।

# जे एस सी ए के नवनियुक्त अध्यक्ष होंगे अजय नाथ शाहदेव, जीता चुनाव

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

रांचीः झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन को आज नया अध्यक्ष मिल गया है. अजय नाथ शाहदेव को JSCA का नया अध्यक्ष चुना गया है।झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव परिणामों की घोषणा के साथ ही संगठन को नया नेतृत्व मिल गया है. अध्यक्ष नाम की घोषणा होते ही समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला. कई जगहों पर पटाखे फोड़े गए और मिठाइयाँ बांटी गईं. अजय नाथ शाहदेव* ने चुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को भारी अंतर से हराया।इस चुनाव में अन्य प्रमुख पदों पर भी नए चेहरों ने जीत दर्ज की है : सचिव : सौरभ तिवारी, उपाध्यक्ष : संजय पाण्डेय,संयुक्त सचिव : शहबाज नदीम,कोषाध्यक्ष : अमिताभ घोष,पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सौरभ तिवारी और अनुभवी स्पिनर शहबाज नदीम जैसे खिलाड़ियों का संघ में शामिल होना क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आया है. इससे प्रशासनिक स्तर पर खेल भावना और खिलाड़ियों की आवश्यकताओं को बेहतर तरीके से समझने की संभावना बढ़ी है.

# हजारीबाग में झमाझम बारिश सुहाना हुआ मौसम

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**



हजारीबाग में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदला मौसम विभाग ने खास कर दोपहर के बाद सावधानी बरतने को कहा भी था मौसम विभाग ने रविवार को भी हजारीबाग के कई स्थानों में तेज आंधी और वज्रपात हुई हवा की रफ्तार काफी तेज थी दिन के दोपहर के बाद मौसम सुहाना हो गई और बादल छा गया जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली और जोरदार बारिश हुई रांची में आंधी पानी से कई जगह पेड़ गिरने की खबर भी आई हालांकि इसमें किसी तरह की जान माल नुकसान का खबर नहीं है।बारिश के साथ तूफान इतनी जबरदस्त थी की चार पहिया दो पहिया वाहनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा चालकों को कुछ देर वाहनों को खड़ा रखना पड़ा,जिला के अन्य प्रखंडों में भारी बारिश होने की खबरें है उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने मेघ गर्जन आंधी पानी को लेकर पहले ही चेतावनी जारी किया था

# केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने असम के नागांव में लखपति दीदियों से संवाद किया

अब लखपति दीदियां उद्यमी बनेंगी, उद्योगपति बनेंगी - श्री शिवराज सिंह चौहान किसी बहन को गरीब नहीं रहने देंगे, देशभर में लखपति दीदियों की संख्या बढ़ाने के लिए महाभियान जारी - श्री चौहान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिए महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिला है- श्री चौहान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लोकल फॉर वोकल विजन तेजी से बढ़ रहा है- श्री चौहान केंद्रीय ग्रामीण विकास व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज अपने पूर्वोत्तर दौरे के तीसरे और अंतिम दिन असम, नागांव जिले के भेलुगुड़ी में स्वयं सहायता समूहों की लखपति दीदियों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने लखपति दीदियों से संवाद किया, अनुभव साझा किए और सशक्तिकरण की प्रेरक कहानियाँ सुनीं। श्री चौहान ने कहा कि नारी सशक्तिकरण का प्रतीक है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिए महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिला है। मैं प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद दूंगा, असम के मुख्यमंत्री श्री हिमंत जी को भी धन्यवाद दूंगा कि उनके मार्गदर्शन में असम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का काम बहुत अच्छा चल रहा। श्री चौहान ने कहा कि आगे हमारा संकल्प है कि हर गरीब परिवार की बहन स्वयं सहायता समूह से जुड़े। अलग-अलग व्यवसाय के जरिए जीविकोपार्जन करें। असम में तो असीम क्षमता है। यहां के लोकल उत्पाद, हल्दी से लेकर मिर्ची तक हर उत्पाद को प्रोसेसिंग और पैकेजिंग के जरिए बढ़ाकर स्वावलंबन की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की जा सकती है। यहां कि महिलाएं इस दिशा में तेजी से बढ़ भी रही हैं, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का लोकल फॉल वोकल विजन सार्थक हो रहा है।